3 बस्तर संभाग
सरपंच की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा 65 वर्षीय...

6 अभिमत
क्योंकि उर्म सिफ एक संख्या है

10 संस्कारधानी
शिक्षा विभाग की लापरवाही, सम्मान के लिए मंच...

11 छत्तीसगढ़
साढ़े 51 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 30 जनवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 158 मूल्य 3.00 ₹

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ के मिलेट कैफे को सराहा

**9 माह में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ख्याति बना चुका है रायगढ़ का मिलेट कैफे**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के नटवर स्कूल के पास एक मिलेट कैफे चल रहा है। यूं तो कई खूबियों के कारण यह अपने आप में अनूठा कैफे है। इस कैफे में रागी, कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाजों से बने लजीज व्यंजन परोसे जाते हैं। जिसमें स्वाद के साथ सेहत की जुगलबंदी होती है। इस कैफे को प्रदेश के पहले मिलेट कैफे होने का गौरव हासिल है, जिसके संचालन का जिम्मा पूरी तरह महिलाओं के हाथों में है। आज इसकी पहचान में एक नई खासियत जुड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में इसका जिक्र कर इस मिलेट को बढ़ावा देने की पहल को सराहा। उन्होंने देशवासियों। से कहा कि जब छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जाने का मौका मिले तो मिलेट कैफे जाकर वहां के व्यंजनों का आनंद जरूर उठाएं। इस कैफे में रागी से बने पास्ता, चीला, इडली, मंचूरियन, मोमोज, पिज्जा, नूडल, दोसा, कोदो से बनी बिरयानी का स्वाद लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रागी, कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाजों और लघु धान्य फसलों की पैदावार बढ़ाने, इनकी खरीदी की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने और इनकी प्रोसेसिंग कर इन्हें शहर के बाजारों




तक पहुंचाने के लिए मिशन-मिलेट शुरू किया गया है। राज्य सरकार ने कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य तय करने के साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के दायरे में इन्हें भी शामिल किया है। प्रदेश के 14 जिलों को इस मिशन में शामिल किया गया है। इसके लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च हैदराबाद से एमओयू किया गया है। एमओयू के अंतर्गत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च हैदराबाद छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने, तकनीकी जानकारी, उच्च क्वालिटी के बीज की उपलब्धता और सीड बैंक की स्थापना के लिए सहयोग और मार्गदर्शन दे रहा है।

### मिलेट कैफे से महिला उद्यमिता को मिल रहा है बढ़ावा

इस कैफे की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से हुआ है। इसका संचालन विकास संघ महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें तकनीकी सहयोग महिला बाल विकास विभाग और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के लिए मिलेट्स आधारित कैफे की शुरुआत की गयी है।

### छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर की जा रही है खरीदी

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट्स को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का ना सिर्फ समर्थन मूल्य घोषित किया गया अपितु समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स का रकबा डेढ़ गुना बढ़ा है और उत्पादन भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों और मीडिया के लिए मिलेट्स से बने व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में मिलेट कैफे भी प्रारंभ हो चुका है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नथिया-नवागांव में मिलेट्स का सबसे बड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भी स्थापित किया जा चुका है। मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जा रहे हैं।

### सदियों पुराने सेहतमंद खानपान की शैली को फिर से मिल रहा प्रोत्साहन

कई पीढ़ियों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। किंतु इनका उपयोग सीमित हो गया है। ये अनाज सेहत के लिए जरूरी बहुत से पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इस कैफे से लोगों को इन अनाजों से तैयार व्यंजन के रूप में सेहतमंद विकल्प मिलेंगे। इस मिलेट कैफे की शुरुआत मई 2022 में की गई है।

## क्विक न्यूज़

### ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री को सुरक्षाकर्मी ने मारी गोली, हालत गंभीर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में एक सहायक पुलिस उप निरीक्षक ने राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नबा दास को रविवार को गोली मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। मंत्री को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भुवनेश्वर एयरलिफ्ट किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर हमले की निंदा की और अपराध शाखा को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। पटनायक ने अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों को भी मौके पर जाने का निर्देश दिया।

### भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लोगों की रग-रग में बसा है लोकतंत्रः मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र हमारी रगों में बसा है तथा हमारी संस्कृति में है। मोदी ने रेडियो पर प्रसारित होने वाले अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा कि हम भारतीयों को इस बात का गर्व है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी (मदर ऑफडेमोक्रेसी) भी है। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है।

### देश के विपुल तेल क्षेत्र का उपयोग करने को निरंतर प्रयासरतः पुरी

**नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि ओएनजीसी देश के सबसे विपुल एवं प्रसिद्ध तेल क्षेत्र का उपयोग करने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है और ओएनजीसी जीतेगी तो इंडिया जीतेगा। पुरी शनिवार को महाराष्ट्र तट के पास सागर सम्राट में आयोजित ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) के प्रतिष्ठित ड्रिलिंग रिग सागर सम्राट को मोबाइल ऑफ शोर प्रोडक्शन यूनिट के रूप में देश को समर्पित कर रहे थे। मंत्री ने उसके बाद ओएनजीसी केन्द्रीय विद्यालय ग्राउण्ड, पनवेल फेज़ एक का दौरा किया।

### गूगल, मना रहा है बबल टी की लोकप्रियता का जश्न

**नयी दिल्ली।** विश्वविख्यात सर्च इंजन व अमेरिकी कंपनी गूगल रविवार को दुनिया में प्रख्यात बबल टी की लोकप्रियता का जश्न मना रहा है। गूगल ने मनमोहक एनिमेशन के माध्यम से अपने होमपेज पर बबल टी की लोकप्रियता के लिए एक इंटरैक्टिव डूडल गेम पेश किया है। बबल टी एक प्रकार का पेय पदार्थ है जिसने कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत सारे प्रशंसकों को अपनी ओर आकर्षित किया था।

### कुष्ठ रोग दिवसः झिझक नहीं, उपचार करायें

**नयी दिल्ली।** मानव जाति को ज्ञात सबसे पुरानी बीमारियों में से एक, कुष्ठ रोग या कोढ़ की शुरुआत पैरों में झनझनाहट से होती है। लेपरे नामक जीवाणु से होने वाली यह बीमारी धीरे-धीरे फैलते हुए व्यक्ति के पूरे शरीर पर हल्के रंग के धब्बे छोड़ देती है। यह बीमारी त्वचा, परिधीय नसों, आंखों और ऊपरी श्वसन पथ को प्रभावित करती है। कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्ति का जीवन यूं भी कम मुश्किल नहीं होता, इस बीमारी से जुड़ी अफ्वाहें उसे और मुश्किल बना देती हैं। एक बड़ी अफवाह यह है कि यह बीमारी छूने से फैलती है, जबकि इसकी सच्चाई कुछ और है।

## राहुल ने कश्मीर में पंडितों के हालात पर मोदी से मांगा जवाब

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कश्मीरी पंडितों की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया और कहा कि उन्हें पंडितों के हालात को लेकर जवाब देना चाहिए। गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कश्मीरी पंडितों का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए किया है और उनके हालात सुधारने के कोई कदम नहीं उठाए जिसके कारण उनकी यह स्थिति हुई है। गांधी ने ट्वीट किया, कश्मीरी पंडित भाजपा सरकार से पूछ रहे हैं - हमारा राजनीतिक इस्तेमाल करने के अलावा आपने हमारे लिए किया ही क्या है।

### ऐतिहासिक लाल चौक पर राहुल गांधी ने फहराया तिरंगा



**श्रीनगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत रविवार को ऐतिहासिक लाल चौक पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। गांधी की यात्रा का सोमवार को श्रीनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय श्रीनगर में एक सार्वजनिक रैली के साथ समापन होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 'शहीद दिवस' के अवसर पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। भारत की आजादी के लिए महात्मा गांधी के अतुल्य योगदान को याद करते हुए बघेल ने कहा कि गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर डटे रहकर किस तरह बड़ा लक्ष्य हासिल किया जाता है। राज्य सरकार भी गांधी जी के दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू ने भारतीय समाज की बुनियाद को समझा और अंतिम व्यक्ति की चिंता की। सशक्त इरादों के साथ आगे बढ़ने के लिए बापू के विचार मूल्य हमें सदा प्रेरित करते रहेंगे।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस खाई में गिरी, 40 लोगों की मौत, चार घायल

वार्ता ◄ इस्लामाबाद
www.dailypioneer.com




पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिला में रविवार सुबह एक यात्री बस के खाई गिरने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य लोग घायल हुए हैं। सरकारी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जिले के बेला इलाके में चिंकी स्टॉप के पास यू-टर्न लेते समय बस पुल के खंभे से टकरा गयी और इसके बाद बस खाई में गिर गयी। खाई में गिरने के बाद बस में आग लग गयी। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जोर-शोर से चल रहा है। गैर-सरकारी बचाव संगठन एधी फाउंडेशन के साद एधी ने संवाददाताओं को बताया कि कहा कि सभी पीड़ितों को मौके से बरामद कर लिया गया है। उन्होंने हालांकि बस चालक की स्थिति की जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि बस में 45 लोग सवार थे। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मृतकों के शव को बंदरगाह शहर कराची ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना के समय बस बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से कराची जा रही थी।


## छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति का मोदी ने बढ़ाया सम्मान : साव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के तीन कलाकारों को एक साथ पद्म पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को सम्मान मिला है। उन्होंने तीनों कला साधकों को बधाई देते हुए कहा कि जेल में निरुद्ध लोगों को काष्ठ कला सिखाकर उनकी नकारात्मक सोच को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने का अद्भुत कार्य कर रहे काष्ठ शिल्पी अजय कुमार मंडावी, कला के क्षेत्र में डोमार सिंह कुंवर और पंडवानी के माध्यम से लोक चेतना जागरण में रत गायिका उषा बारले को पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित करने पर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की तीन महान कला विभूतियों को पद्म पुरस्कार से विभूषित करने के लिए चयनित किया। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को वृहद स्तर पर मान्यता देकर प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ वासियों को यह अनमोल उपहार दिया है।



# गणतंत्र दिवस समारोह में बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए 12 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिला स्पोर्टस स्टेडियम बलौदाबाजार में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम शकुंतला साहू माननीय विधायक कसडोल एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के 12 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को बेहतर विवेचना, अपराधियों की धरपकड़, अपराध निकाल सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा द्वारा इन सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के नाम निरीक्षक अमित तिवारी थाना प्रभारी सिमगा-थाना क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था हेतु, निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत प्रभारी साइबर सेल- गंभीर एवं जटिल प्रकरणों को सुलझाने हेतु, उपनिरीक्षक हरीश साहू चौकी प्रभारी करहीबाजार-उत्कृष्ट विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़, सहायक उपनिरीक्षक बलीराम रावटे थाना पलारी-अपहरण के मामलों में पीड़िता की बरामदगी एवं हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी में सफलता, महिला प्रधान आरक्षक पिंकी कुर्रे थाना सिटी कोतवाली-महिला संबंधी अपराधों में उत्कृष्ट विवेचना, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह प्रभारी सीसीटीएनस-सिटी सर्विलांस सिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान, आरक्षक सुनील श्रीवास रक्षित केंद्र-कानून व्यवस्था ड्यूटी संपादन में महत्वपूर्ण कार्य, आरक्षक खूमलाल साहू थाना भाटापारा ग्रामीण-न्यायालयीन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु, आरक्षक ऋषिकेश भोई थाना सिटी कोतवाली-थाना कार्य एवं दस्तावेज संधारण में उत्कृष्ट कार्य, आरक्षक सुरेश बिंझवार यातायात बलौदाबाजार-यातायात व्यवस्था में सराहनीय कार्य, आरक्षक रवि शंकर ध्रुव चौकी लवन-पीड़ित क्षतिपूर्ति प्रकरणों मे पीड़ित की मदद करने संबंधी महत्वपूर्ण कार्य, आरक्षक श्रीकांत टंडन थाना सिटी कोतवाली-जिला अस्पताल चौकी में घायलों के त्वरित उपचार संबंधी प्रशंसनीय कार्य।

# बारहवें फुलझर कप का शुभारंभ,16 टीमों के बीच होगा मुकाबला, 5 को खेला जायेगा फाइनल मैच

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्थानीय हाईस्कूल मैदान में बारहवें फुलझर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष अमृतलाल पटेल ने फुलझर क्रिकेट संघ का ध्वज फहराकर किया। फुलझर अंचल के16 क्वालिफाई टीमो को खेलने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका उपाध्यक्ष सुशीला गंगाराम पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में मंडी अध्यक्ष सीता अमृतलाल पटेल, जिला भाजपा मंत्री पुष्पलता चौहान, कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता, समाजसेवी दिलीप गुप्ता, बीईओ प्रकाश मांझी, प्राचार्य पी के ग्वाल, एल्डरमैन दीपक शर्मा आदि मंचासीन थे। उद्घाटन समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने दिया। शारदा क्रिकेट क्लब सरायपाली के द्वारा आयोजित फुलझर कप का यह 12 वां आयोजन है। प्रत्येक एक वर्ष के अंतराल में यह आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता की विजेता ट्राफी स्वतंत्रता सेनानी भुतपूर्व विधायक पंडित जयदेव सतपथी की स्मृति में विद्याभूषण सतपथी की ओर से प्रदान किया जाता है। मैन आफद टूर्नामेंट जयप्रकाश साहू की स्मृति में सतीश साहू के द्वारा प्रदान किया जाता है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पटेल ने आयोजन के सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की। आयोजक टीम शारदा इलेवन की उन्होंने सराहना की। नगरपालिका उपाध्यक्ष सुशीला पटेल ने उद्घाटन मैच कलेंडा और बोंदा के खिलाड़ियों को बधाई दी। मंडी अध्यक्ष सीता पटेल ने खिलाड़ियों को हार-जीत की परवाह न करते हुए हमेशा खेल भावना से खेलने की अपील की। पुष्पलता चौहान, प्रदीप गुप्ता, बीईओ प्रकाश मांझी, गीता रंजन बंजारे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष गजानंद नायक, सुनील साहू, युधिष्ठिर साहू, मनोज नंद, भिमेश्वर साहू, मुकेश साहू, दयासागर, होमराज चौधरी, रमेश चौधरी, लवकुमार, पियुष गुप्ता, मंच संचालक प्रेमानंद भोई आदि उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत भिंगीडार को मिला नया पानी टैंकर, विधायक नाग ने किया प्रदान

■ अनूप नाग जैसे जनप्रतिनिधि होने पर जनता की मूलभूत सुविधाओं का कभी हनन नहीं होगा : ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ विधायक एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं उन्नयन विकास प्राधिकरण सदस्य अनूप नाग अपने अंतागढ़ स्तिथ विधायक कार्यालय में ग्राम पंचायत भिंगीडार की जनता से किए गए अपने वादे को पूर्ण करते हुए 2 लाख 50 हजार रूपए का नया पानी टैंकर वहा के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की मौजदूगी में प्रदान किया। पानी टैंकर मिलने से पंचायत के जनप्रतिनिधि और अन्य ग्रामीण हर्षित होकर विधायक अनूप नाग के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया। भिंगीडार के लोगो ने कहा की किसी भी समस्या और मांगो का विधायक अनूप नाग बहुत त्वरित समाधान करते हुए आम जनता को राहत पहुंचाते है ऐसे जनप्रतिनिधि होने पर क्षेत्र का विकास तो होगा ही और जनता की मूलभूत सुविधाओं का कभी हनन नहीं होगा।

**इनकी रही मौजूदगी**-इस टैंकर वितरण के दौरान विधायक नाग के साथ भिंगीडार सरपंच मोतीराम नेताम, विजय दर्रो, दानू नूरेटी, देव कुमार बेसरा, अविनाश गणविरे सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

# किसान हित में भूपेश सरकार समर्पितः सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चोबे, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन की अनुसंशा से भाटापारा मंडी क्षेत्र के अंतर्गत मंडी निधि से निम्न ग्रामों में किसान कुटीर का निर्माण अतिशीघ्र किया जायेगा प्रत्येक किसान कुटीर की अनुमानित लागत 13.50 हज़ार रुपये का स्वीकृत किया गया है ग्राम निपानिया, केशला, खेरा, गुर्रा, मिरगी, मोपका, धनेली, टिकुलियाँ, बेकोनी, बछेरा, अकलतरा, देवरीडीह, रेंगाबोड़, सुहेला, पोसरी, बूचिपार, कोलिहा, मोहभट्ठा इसी तरह निम्नग्रामों में खाद गोदाम और बोर खनन सहित पम्प हाउस का निर्माण जिसकी अनुमानित लागत 13.43 हज़ार की होगी. ग्राम गुर्रा, केशला, निपानिया, टेहांका, खेरा, पोसरी, मर्राकोना, धेकुना, दामाखेड़ा, केसदा, मोहभट्ठा सुशील शर्मा ने भूपेश बघेल सरकार को किसानो के लिये समर्पित सरकार बताते हुये कहा कि आगे भी निरंतर किसान हित में कार्य किये जाते रहेंगे। किसान हित में निर्माण कार्यों के लिये किसानो ने मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद देते सिमगा में सतनामी समाज के राज महंत जगमोहन के माँग पर सतनाम भवन के बाउंड्री वाल निर्माण हेतु खनिज विकास मद से 38 लाख नवासी हज़ार रुपया तथा ज़ेतखम्भ के उन्नयन हेतु 15 लाख पचपन हज़ार रुपया स्वीकृत कर लोकनिर्मान विभाग को राशि देने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चोबे, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के प्रति आभार व्यक्त भाटापारा मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा से मिलकर सतनामी समाज के प्रमुख जनो ने किया।

# आईटीबीपी ने किया हडेली में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

आइटीबीपी 41वीं वाहिनी द्वारा ग्राम हडेली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं का वितरण किया गया। 41 वी वाहिनी के कमांडेंट पवन सिंह द्वारा उपस्थित लाभार्थियों और जनसमूह से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली व सरकार द्वारा जारी नीतियों के बारे में जन समुदाय को अवगत कराया गया। साथ ही ग्राम वासियों को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल भेजने खेलकूद के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेने प्रेरित किया गया। इस कैंप के माध्यम से नक्सलवादी विचारधारा में शामिल भूले भटके लोगों को संदेश दिया कि, वह नक्सलवादी विचारधारा को छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होकर अपना और देश की उन्नति में योगदान दें। वहीं आइटीबीपी अधिकारी के हाथों मच्छरदानी, बर्तन उन्नत किस्म के बीज आदि सामान पाकर ग्रामीणो ने जवानों को धन्यवाद दिया।

# विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, बलिदान दिवस पर किया नमन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि, बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए किया नमन। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा महात्मा गाँधी जी को ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेता और 'राष्ट्रपिता' माना जाता है। राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध तथा सिद्धांत के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। डॉ महंत ने कहा, महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा के बारे में लोग जानते थे, परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया, उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में देखने को नहीं मिलता। तभी तो संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2007 से गांधी जयंती को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। विश्व पटल पर महात्मा गांधी सिर्फएक नाम नहीं अपितु शांति और अहिंसा का प्रतीक हैं।

# जिले के दो आदिवासी जवान हैदराबाद में दो वर्ष से बने है बंधक मजदूर

**कोंडागांव**। कोंडागांव जिला अंतर्गत केशकाल तहसील के ग्राम बंधापारा निवासी झरपट मरकाम का युवा पुत्र रितेश मरकाम और भुरकुमडिह के बालसिंह नेताम का युवा पुत्र संदीप लगभग दो वर्ष से हैदराबाद के आनंदपुर पत्रपाली में वदल इवतमअमससे के पास बंधक मजदूर बतौर काम करने को लाचार हैं। मालिक मेहनत की ना मजदूरी दे रहा हैं और न उन्हे अपने घर परिवार के पास लौटने दे रहा हैं जिससे दोनो लडके बहुत बुरी हालत में फंसकर मजबूर रहने को हैं।

# रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर नेद एड्रेस में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



द एड्रेस, अवन्ति विहार में रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर ने 74 वा गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया गया। द जिसमे रोटरी क्लब ऑफ़रायपुर ग्रेटर के सदस्य, परिवार जन, द एड्रेस टीम के साथ शामिल हुए , कार्यक्रम में झंडा वंदन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। सभी ने गणतंत्र दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी, एवं प्राण लिया की देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए हम एकजुट होकर आगे बढ़ें। सभी ने साथ मिलकर कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रोटरी ग्रेटर क्लब रायपुर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, सेक्रेटरी राहुल जादव, प्रोग्राम चेयरमैन रॉकी छुगानी एवं सभी सदस्यों ने देश की उन्नति के लिए अपनी भागीदारी का प्रण लिया।



**बलोदा बाजार।** पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी हायर सेकेंडरी स्कूल नया बस स्टैंड बलोदा बाजार में क्रांति दिगंबर साहू पार्षद नगर पालिका परिषद बलोदा बाजार द्वारा झंडा तोलन किया गया।

# पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की पहली मन की बात की. प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को बूथ संख्या 112, ग्राम दतरेंगी, भाटापारा विधानसभा छत्तीसगढ़ में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने सुना। इस दौरान अपने कार्यक्रम मन की बात के पहले एपिसोड में आदिवासी समाज को लेकर बड़ी बात कही. पीएम मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है. आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं. इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहता है. टोटो, हो, कुई, कुवी और मांडा जैसी आदिवासी भाषाओं पर काम करने वाली कई महान हस्तियों को पद्म पुरस्कार मिल चुके हैं. यह हम सबके लिए गर्व की बात है. सिद्दी, जारवा और ओंगे आदिवासियों के साथ काम करने वालों को इस बार भी पुरस्कृत किया गया है.

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है. लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है. सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है. स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं. भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा ने 29 जनवरी को बूथ क्रमांक 112, ग्राम दतरेंगी भाटापारा विधानसभा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने के बाद स्थानीय लोगो और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को राजनीतिक नहीं बनाया। इस कार्यक्रम में समाज के हर विषय को मर्मता के साथ समाज में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में प्यारे रजक, बहोरिक यद्धु, राम साहू, धरम धृतलहरे, दिनेश साहू, मोहन साहू, मालिक राम साहू सहित स्थानीय लोग व कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# सांसद उसेंडी ने कार्यकर्ता के साथ मोदी के मन की बात सुनी

पायनियर संवाददाता ➤ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व वन मंत्री सांसद विक्रम उसेंडी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के तहत कोदा गांव अंतागढ़ मंडल बुत क्रमांक 116 में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के समस्त जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता के साथ मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना एवं आने वाले सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की बात कही ब मोदी के मार्गदर्शन एवं उनके किए गए उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक होने के लिए कहा व संगठन को मजबूत करने की बात कही।

# 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंजाब नैशनल बैंक अंचल एवं मंडल कार्यालय रायपुर द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सामजिक दायित्व के तहत अपने कर्तव्यों के निर्वहन में पंजाब नैशनल बैंक ने हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाई है इसी श्रृंखला के तहत मनोज कुमार राय, मंडल प्रमुख, रायपुर की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाती-जनजाति बालिका छात्रावास, कालीबाड़ी चौक, रायपुर को वाटर फ़िल्टर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल कार्यालय रायपुर, स्थानीय शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण, छात्रावास के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख ने प्रोद्योगिकी-संचालित भारत के निर्माण में शिक्षकों और छात्रों की भूमिका के बारे में अवगत कराया।

# आईपीआर और पेटेंट फाइलिंग पर नर्रा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

## राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत नर्रा में होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत नर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा आयोजन, राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड मैनेजमेंट, भारत सरकार के उपक्रम से नागपुर महाराष्ट्र के पेटेंट परीक्षण अधिकारी प्रोफेसर हिमांशु चंद्राकर कार्यशाला में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स और पेटेंट करने तथा कॉपीराइट करने के तरीकों, फायदे एवं इसके कानूनी पक्षों पर विस्तृत जानकारी देंगे। संस्था के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष विजय शंकर निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि पेटेंट कानून की जानकारी के अभाव में ही भारत की नीम और हल्दी पर विदेशो का कानूनी अधिकार हो गया है। इसीलिए भारत के नागरिकों को पेटेंट कानून की समझ और उसकी उपयोगिता की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा मानव बुद्धि का उत्पाद है जिसमें रचनात्मकता अवधारणाएं, आविष्कार, औद्योगिक मॉडल, ट्रेडमार्क, गीत, साहित्य, प्रतीक, नाम, ब्रांड आदि शामिल हैं। बौद्धिक संपदा अधिकार अन्य संपत्ति अधिकारों से अलग नहीं हैं। वे अपने मालिक को उसके उत्पाद से पूरी तरह से लाभान्वित होने की अनुमति देते हैं जो शुरू में एक विचार था, जो विकसित और क्रिस्टलीकृत हुआ। यह कानून उसकी पूर्व अनुमति के बिना उसके उत्पाद का उपयोग करने, व्यवहार करने या उसके साथ छेड़छाड़ करने से रोकने का भी अधिकार देते हैं। वह वास्तव में कानूनी रूप से उन पर मुकदमा कर सकता है और उन्हें रोकने और किसी भी नुकसान की भरपाई करने के लिए मजबूर कर सकता है। चूंकि विद्यालय के छात्र लगातार इन्नोवेशन कर रहे हैं। इनके मॉडल राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टॉप 10 में चयनित हो रहे हैं। अतः छात्रों के मौलिक नवाचारों और उनके प्रोजेक्ट को कानूनन छात्रों के नाम से पेटेंट हो सके, इसीलिए संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के पहल से शाला में पेटेंट करने वाली संस्था के है। इसके अधिकारी प्रोफेसर हिमांशु चंद्राकर के द्वारा इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के शिक्षक और छात्र भी सम्मिलित होंगे।



# ध्वजारोहण कर अमर शहीदों और सेनानियों को नमन

**महासमुंद**। ग्राम झालखम्हरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बौदा नामदेव अमृत सरोवर स्थल पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर देश के अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। यहां ध्वजारोहण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बौदा नामदेव के पौत्र शेषनारायण नामदेव द्वारा किया गया।

# सरपंच की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा 65 वर्षीय बुजुर्ग, न आवास मिला और न ही पेंशन

**न रहने को है आवास न जीवनयापन हेतु मिल रहा पेंशन**

**आधारकार्ड व कार्ड को सुरक्षित रखने लेते हैं दूसरे के घर का सहारा**

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com







पंचायत के प्रतिनिधियों की लापरवाही का खामियाजा गरीब और बेसहारा किस कदर भुगत रहे हैं इसकी एक बानगी कूकानार में देखने को मिल रही है मिली जानकारी के अनुसार कूकानार पेदापारा के 65 वर्षीय बुजुर्ग सुखदास पिता रामधर वर्षों से अपने टूटेफूटे आवास में रहने को मजबूर हैं न ही रसोई गैस मिली और न ही जीवनयापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित बेसहारा को मिलने वाली पेंशन की राशि भी नहीं मिलती है,यह सारी सुविधाएं प्राप्त करने हेतु लगातार वो गाँव की सरपंच के पास जाते रहते है पर मात्र आश्वासन के अलावा इन्हें कुछ नहीं मिलता सुखदास बताते हैं कि मैं जब भी सरपंच से इस पर कुछ उचित कार्यवाही करने को कहता हूं तो वो सचिव से मिलो कहते हैं और सचिव से मिलने पर सरपंच से सम्पर्क करने को कहते हैं।

**घर इतना जर्जर की जरूरी कागजात दूसरों के घर में रखते हैं**

सुखदास का घर इतना जर्जर हो चुका है कि चारो ओर से दीवारें टूट टूट कर गिर रही है छप्पर टूटने की वजह से फ्टी हुई त्रिपाल से बारिश का पानी रोकने का असफल प्रयास करते हैं उसके बाद भी पानी रिसना नहीं बन्द होता है तो जरूरी कागजात जिनके सहारे शासन की सुविधा मिलने का इंतजार है उनकी सुरक्षा हेतु दूसरों के घरों का सहारा लेकर पड़ोसी के घर पर रखते हैं।

**ग्रामीणों में है पंचायत के प्रति रोष**

विदित हो कि सरपंच एवं सचिव के द्वारा लगातार गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के कारण बहुत से ग्रामीणों को शासन की महती योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति ग्रामीणों में रोष वयाप्त है।

**शौचालय मिला वो भी गुणवत्ता हीन**

हालांकि स्वच्छ भारत अभियान के तहत सुखदास को शौचालय दिया गया था परन्तु गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्रियों से निर्माण होने के कारण कुछ ही दिनों में जर्जर हो गया टँकी का ढक्क न टूट गया है, पाइप भी छतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण चलने फिरने में असहाय सुखदास को शौच हेतु बाहर जाना पड़ रहा है।

**आवास व पेंशन हेतु कैसा होना चाहिए मापदण्ड : दीपिका शोरी**

लगातार ग्रामीणों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को प्रशासन के सम्मुख रख कर आवाज उठाने वाले जिले की समाज सेविका अधिवक्त । दीपिका शोरी तक जब सुखदास की इस हालत की जानकारी पहुंची तो उन्होंने कहा कि टूटी फूटी दीवारें, चंद कपडे,टूटेफूटे कुछ बर्तन प्लास्टिक की टूटी बाल्टियां, टूटी चारपाई खाने को दाना नहीं पूर्ण रूप से शासन से प्राप्त राशनकार्ड पर निर्भर और कैसा मापदण्ड हो सुखदास का जब इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच गरीबो के लिए पक्का आवास, पेंशन व रसोई गैस मिलेगी यह एक प्रश्न है जिसका जवाब शासन को देना ही होगा।

# कटुलनार में हीरे डोकरी पेनमण्डा हेमुल वंश मुड़ामी सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

कटुलनार में हीरे डोकरी पेन हेमुल वंश प्रथम सम्मेलन शनिवार को देवगुड़ी में आयोजित की गई। इस सम्मेलन के सूत्रधार करने वाले कटुलनार के सरपंच सोनाराम मुड़ामी ने धर्मांतरण विषय में समाज को आगाह करते कहा कि मिशनरियों के द्वारा दिये जा रहे प्रलोभन से बचना और लोगों को बचाना भी है इससे हमारी संस्कृति, रीतिरिवाज खत्म हो रहे हैं।कम उम्र में शादी नहीं करने की बात उन्होंने उपस्थित जनसमूह को कहीं।सम्मेलन में मुड़ामी परिवार के अतिरिक्त भी सैकडों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते मुड़ामी परिवार के संरक्षक नंदलाल मुड़ामी ने हास-परिहास के बीच समाज के उत्थान और समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी प्रकाश डालते शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। बिना शिक्षित हुए किसी भी परिवार और समाज विकास संभव नहीं। इस बीच ईसाई धर्म मे गए समाज के लोगों को वापस आने की बात कही अन्यथा बहिष्कार होने तैयार रहने की चेतावनी भी दी। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और जिला पंचायत सदस्य मालती मुडामी भी कार्यक्रम का हिस्सा बनी। उन्होंने कहा आज गीदम एजुकेशन सिटी है हमारे बच्चे वहां से शिक्षा ग्रहण कर परिवार और समाज का नाम रौशन कर सकते है। इसके अलावा स्वास्थ्य के विषय में सजगता से काम करने की जरूरत हैं। अतिथि के तौर पर आमंत्रित कोवासी बोमड़ा ने इस प्रथम आयोजन के लिए मुड़ामी समाज को बधाई देते नशापान के दुष्प्रभाव से बचने की सलाह देते अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने कहा। साथ ही समाज के कुछ लोगों द्वारा गलत सरनेम लिखने पर नाराजगी जताते सही लिखने आग्रह किया। अनेक लोग गलती कर रहे हैं। सरनेम में छेड़छाड़ बिल्कुल न करें इसके दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। आप सभी से आग्रह है कि अपने बच्चों को स्कूल भेजें। मौके पर समाज के अध्यक्ष सोना मुड़ामी,उपाध्यक्ष मुन्ना मुड़ामी, सचिव मनी मुड़ामी, कोषाध्यक्ष संतू मुड़ामी, सहायक सचिव सुखराम मुड़ामी, सहायक कोषाध्यक्ष कमलोचन मुड़ामी, मंच संचालक सुकालू मुड़ामी, अंति वेक, बुधरी ताती, आनंद मुड़ामी,पवन कुमार मुड़ामी अर्जुन मुड़ामी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस–नक्सली के बीच हुई मुठभेड़ भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



नक्सल उन्मुलन अभियान के तहत सुन्दरराज पी.(भा.पु.से) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, बालाजी राव.(भा.पु.से) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर के मार्गदर्शन, शलभ कुमार सिन्हा (भा.पु.से) पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन, अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर, अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी/नक्स.ऑप्स कांकेर के पर्यवेक्षण में 28 जनवरी को डीआरजी टीम थाना आमाबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम उसेली, मरमाकोनारी व उसके आसपास क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर ग्राम उसेली गुमझीर,मरमाकोनारी की ओर एरियाडॉमिनेशन/नक्सली गस्त सर्चिंग पर रवाना हुये थे। तभी शाम लगभग 5 बजे ग्राम उसेली व मरमाकोनारी के मध्य जंगल/पहाड़ क्षेत्र में डीआरजी टीम व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ। पुलिस व नक्सलियों के मध्य लगभग आधे घण्टे तक मुठभेड़ चली नक्सली पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख जंगल व पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये। मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगने की भी सूचना है। नक्सलियों की घेराबंदी करने हेतु मुठभेड़ क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल एरियाडॉमिनेशन/गस्त-सर्चिंग हेतु रवाना किया गया। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में लगातार गस्त-सर्चिंग जारी है। मुठभेड़ स्थल का सर्च करने पर सोलर प्लेट 1 नग।, बैटरी छोटा -1 नग, इलेक्ट्रिक वायर 1 बंडल, रस्सी -01 बंडल, पिट्ठु झोला-5 नग, जरकीन- 1 नग, बाल्टी-02 नग, गंजी 2 नग, प्लेट/थाली 6 नग, छतरी -3 नग,पानी बाटल 2 नग, नक्सली पर्चा 1 बंडल सहित नक्सली साहित्य एवं भारी मात्रा में अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। नक्सलियों के विरूद्ध थाना आमाबेड़ा में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नक्सल उन्मुलन के तहत जिले में लगातार नक्सलियों के विरूद्ध गस्त-सर्चिंग जारी है।

# सीआरपीएफके जवानों ने बावनीमारी और गढ़धनोरा में ग्रामीणों को बांटी दैनिक उपयोगी सामग्रियां



पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल
www.dailypioneer.com

भारत सरकारए गृह मंत्रालय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन करते हुए जनता को आवश्यक सामग्री का वितरण करने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत भवेश कुमार चैधरी कमाण्डेंट 188 के निर्देशन में गुफ्रान अहमद सहा. कमा. के नेतृत्व में बी. 188 समवाय सीआरपीएफ द्वारा ग्राम पंचायत गढधनौरा एवं बावनीमारी में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम गढधनौरा एवं बावनीमारी में ग्रामीणों को सामूहिक कायर्क्रमों में काम आने वाले समानों का वितरण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट गुफ्रान अहमद द्वारा आम जनता को यह संदेश दिया गया कि सीआरपीएफ के जवान आप सभी की सुरक्षा के लिए है तथा आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। इस कायर्क्रम का उद्देश्य में ग्रामीणों और जवानों के बीच परस्पर विश्वास एवं बन्धुत्व की भावना को आगे बढाना है। जो उम्मीद के मुताबिक पूरा भी हो रहा है। क्षेत्र के लोगों में सुरक्षाबलों के प्रति विष्वास की भावना जागृत हो रही है। सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं गांव को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ गॉव के युवा छात्रों को बल में भर्ती होने हेतु भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। कायर्क्रम के उपरान्त ग्रामीणों के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी थी तथा बच्चों को टॉफी व चॉकलेट आदि वितरित किया गया। उक्त कायर्क्रम के लिए ग्राम पंचायत गढधनौरा की सरपंच मीना कुमेटी तथा बावनीमारी की वार्ड पंच मैनीवाई ने सी.आर.पी.एफ को सादर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

# एसडीएम पखांजूर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत समर्थन मूल्य पर जिले में धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने समय सीमा की बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को धान खरीदी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में पखांजूर अनुविभाग के एसडीएम मनीष साहू ने शुक्रवार को धान खरीदी केन्द्र मदले, बड़गांव और पीव्ही-99 का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। धान खरीदी केन्द्र मदले में 473 किसानों के द्वारा 23893.60 क्विंटल धान विक्रय किया गया है। जिसमें से धान बेचने के पश्चात 83 किसानों ने 82.40 हेक्टेयर रकबा समर्पण किये जाने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान फड़ प्रभारी और ऑपरेटर को निर्देशित भी किया गया कि किसानों से धान निर्धारित मात्रा मे तौल करें तथा धान की बोरियों को छल्ली लगाकर रखें। उनके द्वारा धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदी करने तथा अन्य माध्यमों से खरीदे जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। धान खरीदी हेतु किसानों को चिन्हांकित कर मुनादी के माध्यम से सूचित करने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने खरीदी पंजी एवं बारदाना पंजी का अवलोकन कर समयावधि में अद्यतन करने के निर्देश दिये। एसडीएम पखांजूर ने बताया कि खरीदी केन्द्र बड़गांव में 481 किसानों से 27010.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और धान खरीदी केन्द्र पीव्ही-99 में 694 किसानों के द्वारा 34069.60 क्विंटल धान की विक्रय करने की जानकारी मिली है। 17 किसानों के द्वारा 0.140 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है। खरीदी केन्द्रों में सरकार गाईड लाईन अनुसार धान की खरीदी की जा रही है।

# सामूहिक अनाचार में लीन चार आरोपियों को कोंडागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव थाना अंतर्गत चिलपुटी निवासी चार आरोपी राजेश कुमार, नमाजी मंडावी, साधुराम सोरी व बंसीलाल चार युवको द्वारा एक युवती को बंधक बनाकर सामुहिक रूप से दुश्कर्म करने का मामला सामने आया हैं। इस बारे में पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 24 जनवरी रात देवडोबरा का रहने वाला राजेश सोरी ने शादी कार्यक्रम में जाना हैं, कहकर पीड़िता को अपने मोटरसाइकिल से देवडोबरा ले गया। ग्राम देवडोबरा में आरोपी राजेश ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने खेत ले गया और उसे बंधक बनाकर उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया। अगले दिन राजेश सोरी ने गांव के अपने 3 अन्य साथी नमाजी, साधु व बंशी को भी वहां बुलाया। जिन्होंने भी पीड़िता के साथ अनाचार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 35, धारा 342, 376(घ), 506, 34 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया गया। जिले में सामूहिक अनाचार जैसे मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु एडिशनल एसपी सोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसडीओपी निमीतेश सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम गठित कर संभावित स्थानों पर रवाना किया गया। ततपश्चात टीम द्वारा ग्राम चिलपुटी, देवडोबरा पारा में घेराबंदी कर सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय के आदेश से सभी 4 आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया हैं।

# बुथ कमेटी, भाजपा कार्यकर्ता के साथ आम जनता सुने मन की बात कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया।पीएम मोदी ने 97वें मन की बात कार्ययक्रम की शुरुआत में देशवासियों को नए साल की बधाई दी। मोदी ने कहा कि जनवरी के महीने में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक त्योहारों की रौनक रहती है। इसके बाद देश गणतंत्र उत्सव भी मनाता है। इस बार भी गणतंत्र दिवस पर अनेक पहलुओं की काफी प्रशंसा हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को देखकर बहुत अच्छा लगा।उन्हने सोलर ऊर्जा,महाराष्ट्र और ओडिशा की महिलाओं की ओर से बनाए जा रहे मिलेट्स और बाजरे से रसगुल्ले की तारीफ की साथ ही पद्म पुरस्कार पाने वालों की चर्चा की। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मन की बात की मण्डल सह संयोजक संजीव दास ने बताया कि मोदी ने 2014 से इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसमें वह विभिन्न मुद्दों पर देश के लोगों से बात करते हैं। कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार को आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क,वेबसाइट और न्यूजएयर मोबाइल एप पर किया जाता है। इसका सीधा प्रसारण डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाता है।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजू छालिवाल भाजपा जिला मंत्री भावना सक्सेना उपाध्यक्ष रणवीर चौहान महामंत्री दीनानाथ सिंह ठाकुर महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष निमाई पाल महामंत्री किशोर जाल बूथ अध्यक्ष बबिता गिरी संदीप जायसवाल हीरा पटेल सुखदेव पोयम नजमुल हक प्रेमशिला मिश्रा शेख मुर्शिद शिवानु शर्मा लेखराज शर्मा सहित बूथ कमेटी व आम जनता भी इस कार्यक्रम में सहभागी बने।

# दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान नंदकुमार बघेल बाबा साहब सेवा संस्था व सामाजिक संगठन के प्रमुखों से किया मुलाकात

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



नंद कुमार बघेल राष्ट्रीय अध्यक्ष मतदाता जागृति मंच अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के वापसी दौरान पुराने रेस्ट हाउस में बाबा साहेब सेवा संस्था के सदस्यों के द्वारा जोशीला स्वागत किया गया। इस दौरान मूलनिवासी कई संगठनों ने भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ता मिलन सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बघेल ने कहा कि, भूपेश बघेल किसान का बेटा हैं। छत्तीसगढ़ का पहला राज्य हैं, किसानों के लिए कई कार्य योजना चलाए जा रहे हैं। जैसे नरवा घुरवा बाड़ी और गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद विभिन्न कार्य योजना चलाए जा रहे हैं, भूपेश बघेल को पुनः राज स्थापित करने का निवेदन अपील किया गया। वही मूलनिवासी कार्यकर्ताओं ने अपने विभिन्न मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा बघेल ने सरकार तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसटी एससी ओबीसी को संगठित रहने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर क्रांति साहू झारखंड प्रभारी मतदाता जागृति मंच आतिश वर्मा अखिलेश रात्रे इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। भविष्य में मूलनिवासियों के हक अधिकार के लिए बाबा साहेब सेवा संस्था के मुख्य सलाहकार पीपी गोड़ाने ,अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, देवानंद चौरे, भुवन मारकंडेय, मंगउ राम देवांगन, रामकृष्ण सोम, गोड़वाना ब्लॉक अध्यक्ष सोनधर नेताम, रामसिंह सोढ़ी, नरसिंहदेव मंडावी, झिटकु मरकाम पुरुषोत्तम, धनपत नेताम, सतनामी समाज संरक्षक उदयलाल मारकंडेय और ग्रामवासी उपस्थिती रहें।

**एक आरोपी चोरी की घटना में पहले ही जा चुका है जेल**

# सुने मकान से सोने चांदी के जेवर चोरी करने व जेवर खरीदने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com






कोतवाली थानार्गत बरदेभाठा में सुने मकान से गहनों की चोरी करने वाले तीन चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूण नेताम पिता देवाल सिंह नेताम निवासी बरदेभाटा कांकेर ने 18 नवम्बर को शाम 4 बजे अपने बहन के घर गया था तथा प्रार्थी की पत्नि उसी तिथि को शाम 5 बजे घर में ताला लगाकर अपने मायके दसपुर चली गई थी 19 नवम्बर को प्रातः 9 प्रार्थी की पत्नि घर वापस आयी तो देखी कि घर का ताला टूटा हुआ है घर के अन्दर कमरे आलमारी को तोड़कर कोई अज्ञात व्यक्ति आलमारी में रखा दो नग सोने का हार, दो सोने का चैन, दो सोने का कगन, मंगलसूत्र, झुमका, चांदी का बिछिया, पायल स्मार्ट वॉच हाथ घड़ी एवं गुल्लक में रखा हुआ 2000 रूपया जुमला रकम 451349 रूपये को कोई चोरी कर ले गया है प्रार्थी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 309/2022 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान चोरी गई सम्पति एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी तभी मुखबीर के माध्यम से थाना कांकेर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि शिवा बाल्मिकी निवासी टिकरापारा अपने साथी मितेश चौहान के साथ अपने साथियों को बोला था कि बरदेभाठा में चोरी किया हुआ बहुत सारा जेवर रखा है उसको बेचने के फिराक में है। उक्त सूचना कि तस्दीक थाना कांकेर पुलिस द्वारा किया गया जिसके बाद शिवा बाल्मिकी एवं मितेश चौहान को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जिसने आरोपी मितेश चौहान के साथ मिलकर चोरी की घटना करना स्वीकर किया तथा कुछ सोना को आरोपी नीरज गंजीर निवासी अलबेलापारा को बेचना बताया आरोपी शिवा बाल्मिकी एव के निशानदेही पर 1 नग सोने का मंगलसूत्र, 6 जोड़ी चांदी का पायल, 1 जोड़ी सोने के बाली 1 स्मार्ट वाच एवं 4 नग घड़ी एवं ताला तोडने में प्रयुक्त राड को जब्त किया गया तथा आरोपी मितेश चौहान के निशानदेही पर उसके घर से 4 नग चांदी बिछिया, 1 जोड़ी सोने का झुमका , 1 नग सोने का चैन तथा 1 नग हार तथा 5 नग हाथ घड़ी को जब्त किया गया दोनोंआरोपियों द्वारा चोरी किये गये जेवरात में से सोने का कंगन हार एवं चैन को 1 लाख रूपये में आरोपी नीरज गंजीर निवासी अलबेलापारा को बेचना बताया उक्त जानकारी के आधार पर आरोपी नीरज गंजीर को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया जिसने चोरी सोने का कंगन हार एवं चैन को 1 लाख रूपये को स्वीकार किया आरोपी के द्वारा चुराई गये वस्तुओं को खरीदना तथा चोरी किये गये वस्तुओं को खपाने में सहायता करना स्वीकार करने से तथा आरोपी नीरज गंजीर के निशानदेही पर उसके घर से आरोपियों से खरीदा हुआ सोने के कंगन, सोने का हार एवं सोने का चैन को जप्त किया गया प्रकरण में तीनों आरोपियों शिवा बाल्मिकी पिता स्व 0 तीजुराम बाल्मिकी उम्र 27 वर्ष निवासी टिकरापारा कांकेर जिला कांकेर, मितेश चौहान पिता राम कुमार चौहान उम्र 22 वर्ष साकिन टिकरापारा कांकेर जिला कांकेर, नीरज कुमार गंजीर पिता धीरेन्द्र गंजीर उम्र 27 वर्ष निवासी अलबेलापारा कांकेर जिला कांकेर को दिनांक 27 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है।

# कार्यालयीन दिन में लगातार कार्य करने के बावजूद भी सीईओ द्वारा रविवार के दिनों का काटा गया वेतन

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com




सीईओ जिला पंचायत के तुगलकी आदेश से कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान नजर आ रहे हैं, हफ्ते में 6 दिन व ओवरटाइम काम करने के बावजूद रविवार को छुट्टी नहीं मिलने से मनरेगा के कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान नजर आ रहे हैं ,वहीं रविवार के दिन का तनख्वाह रोकने से नाराज नजर आ रहे हैं। शायद सीईओ जिला पंचायत अपने मातहत कर्मचारियों को महीने के सारे दिन कार्य करना चाहते हैं, कार्य में गुणवत्ता आए या ना आए लेकिन तानाशाह पूर्वक वे 24 घंटे कार्यालय में अपने कर्मचारियों को देखना चाहते हैं। दैनिक वेतन भोगी को नियमित, संविदा, श्रमिक शासकीय अवकाश के दिनों का भी वेतन प्राप्त करना उनका हक है। शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की गणना मासिक वेतन में 30 दिन का भाग देकर की जाती हैं। शासन के दिशा निर्देश अनुसार दैनिक वेतन भोगी श्रमिक सामान्यतः नियमित प्रकृति का कार्य संपादित करते हैं, मासिक आधार पर नियोजित होते हैं, मासिक आधार पर वेतन भुगतान होता हैं और उन्हें अनिवार्य रूप से साप्ताहिक अवकाश का लाभ प्राप्त होता हैं। न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत सात दिन की कार्यवधि में एक विश्राम दिन दिया जाना प्रावधानित हैं। उक्त कारणों से शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को माह में 26 दिन कार्य करने पर 4 सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश की पात्रता होती है। माह में 26 दिन से कम दिन की कार्यवाही होने पर आनुपातिक रूप से सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश की पात्रता होगी। कोई कर्मचारी 26 दिन कार्य करता हैं तो उन्हें पूरे माह का वेतन प्राप्त करने की पात्रता होती हैं। लेकिन सीईओ जिला पंचायत कोंडागांव ने नियमों को ताक में रखते मनरेगा में कार्यरत कार्यक्रम अधिकारी लेखापाल, सहायक ग्रेड 3 व डाटा एंट्री आपरेटरों का 14 व 15 जनवरी के वेतन कटौती का फरमान जारी किया हैं।

# बलौदाबाजार-भाटापारा वासियों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग से जुड़ने वाले सर्विस रोड की सुविधा का अभाव

## प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में राहगीर जान जोखिम में रखकर जुड़ते है एनएच से

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




तरेंगा लिमतरा मार्ग से होते हुए सड़क मार्ग से जाने पर राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर बिलासपुर मुख्य हाईवे मार्ग पड़ता है वही शहर के अन्य सभी छोटे मार्गों को मुख्य हाईवे मार्ग से जोड़ने के लिये सर्विस मार्ग का निर्माण किया जाता है जो प्रमुखता से हाईवे मार्ग से लगे विश्रामपुर, दामाखेड़ा, चारौदा, नारायणपुर सहित आदि छोटे छोटे ग्राम क्षेत्र है जहाँ मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने के लिये सीधे तोर पर सर्विस रोड की व्यवस्था की गई है परंतु लिमतरा से भाटापारा-बलौदाबाजार जिला मार्ग के लिये सीधे तौर पर सर्विस रोड का मार्ग नही दिया गया है जो संजारी नवागांव से होते हुये सिमगा जाया जाता है।

**सर्विस रोड का सही परिभाषा क्या है** – सर्विस रोड का मतलब हर वह राजमार्ग है जो आम तौर पर समानांतर चलता है लेकिन भौतिक बाधा से मुख्य सड़क से अलग होता है और मुख्य रुप से आसन्न संपत्ति तक पहुंच प्रदान करने का इरादा रखता है। परंतु यहाँ इस मार्ग के राहगीरों को इस मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने हेतु सीधे तोर पर सर्विस रोड की सुविधा नही दिये जाने से राहगीरों को लिमतरा चौक से होते हुये मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क को क्रास करते हुये अपने मुख्य दिशा की और जाना पड़ता है जिसके कारण रायपुर दिशा की और जाने के लिये नांदघाट, मुंगेली, भाटापारा, कुंरा, रोहरा, अर्जुनी, तरेंगा सहित 6 सीमेंट फैक्ट्रियों के भारी हैवी वाहनों को दो मुख्य सड़क क्रास करने से अनेक प्रकार की दुर्घटनाओं के संभावनाओं की आशंका के साथ कई प्रकार के असुविधाओं का भी सामना करना पड़ता है साथ ही लिमतरा चौक मार्ग पर दुकान व्यवसाय, हैवी वाहनो का जमघट व अवैध अतिक्रमण के चलते यातायात का भी दबाव रहता है।

### राजमार्ग के ब्रीज के उपर लाईट का पोल ही नहीं

गौरतलब है कि इसी मार्ग के नादघांट लिमतरा सड़क के ब्रीज के उपर लाईट का पोल नहीं होने से राहगीरों को अंधेरा का भी सामना करना पड़ता है जबकि अन्य मुख्य सड़क मार्ग के ब्रीज मे पीले रोशनी से जगमगाता उजियारा देखने को मिलता है। लेकिन यहाँ पर वह पीले सुनहरी रोशनी की व्यवस्था नहीं दिया गया है।

### सर्विस रोड राजनीतिक फंडा का शिकार तो नहीं?

गौरतलब है कि लिमतरा चौक मार्ग आवागमन के दृष्टि से यहाँ स्थानीय लोगों का रोजगार व व्यवसाय का मुख्य साधन है परंतु बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग के बनने से यहाँ का रोजगार व व्यापार पर भी बहुत कुछ असर पडा है ऐसे में लिमतरा मार्ग से बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग से संजारी नवागांव होते हुए सीधे सर्विस मार्ग निकालकर मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ दिया जाता है तो बहुत कुछ असर यहां के स्थानीय लोगों के जीविकोपार्जन पर असर पड़ने की संभावना बड जाता परंतु क्या दूसरे नजरिए से बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग से प्रतिदिन कई सैकड़ों की संख्या मे प्रतिदिन यात्रा करने वाले राहगीरों के जिंदगी व समय से खिलवाड़ करना उचित है? अगर नही तो जल्द राष्ट्रीय राज्य सड़क मार्ग को राहगीरों को हो रही असुविधा को ध्यान मे रखते हुए सीधे संजारी नवागांव से होते हुये सर्विस रोड की सुविधा दिया जाना आवश्यक है अन्यथा भविष्य में यहां के लोगों सर्विस रोड के अभाव में होने वाले दुर्घटना के लिए फिर किसे दोषी माना जाएगा।

> सड़क मार्ग से होते हुए बलौदाबाजार भाटापारा से राष्ट्रीय राज्य मार्ग से जुड़ने हेतु सर्विस मार्ग की व्यवस्था नहीं दिया गया है जिसके लिये नेशनल हाईवे विभाग जवाबदार है।
>
> **–टीआर कौशिक,** अनुविभागीय अधिकारी
> लोक निर्माण विभाग भाटापारा

# नेशनल हाइवे में लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों ने चाकू की नोक पर दिया था घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पकडने में पुलिस को सफलता मिली। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र के नेशनल हाइवे 130 सी रज्जु राईस मिल के पास का है जहां 19 जनवरी के रात्रि करीबन 8 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने प्रार्थी को चाकू की नोक पर मोटरसाइकिल और मोबाईल लूट कर फरार हो गए थे। उक्त घटना के संबंध में 20 जनवरी को प्रार्थी मेघनाथ ध्रुव पिता स्व. रतनलाल ध्रुव उम्र 29 साल निवासी ग्राम खरता थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद ने रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसपर कोतवाली में अपराध क्रमांक 13/23 धारा 392, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से तुरंत घटना की जानकारी जिले के आला अधिकारियों को दी गयी। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस कप्तान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की विशेष टीम गठित कर तत्काल माल मुल्जिम पता तलाश में जुट गए। पता तलाश दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही राजेश साहनी तथा आकाश सारथी निवासी गरियाबंद को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार कर लुटे हुए मोटरसाइकिल तथा वारदात में इस्तेमाल किये लोहे का धारदार चाकू को पेश करने पर जप्त किया गया है। जिसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया गया। इस कार्यवाही में सिटी कोतवाली पुलिस गरियाबंद एवं स्पेशल टीम साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

## कल्याण यज्ञ के लिए आमंत्रित किए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को



**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में विश्व में पहली बार आत्मिक दर्शन विश्व शांति के लिए 10 करोड़ पार्थिव शिवलिंग का महारुद्राभिषेक कल्याण महायज्ञ आयोजक समिति बलौदाबाजार के पदाधिकारियों ने निवास रायपुर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल जी से सौजन्य मुलाकात कर इस महायज्ञ में भाग लेने हेतु आमंत्रित किए । जिस पर अग्रवाल जी ने पदाधिकारियों को आने हेतु अपनी सहमति दी यह आयोजन दिनांक 9 फरवरी से 18 फरवरी तक भूतेश्वर महादेव मंदिर मार्ग सोनपुरी बलोदाबाजार में आयोजित किया गया है। के इस अवसर पर श्याम सुंदर केसरवानी, आशीष पांडे, संजय सोनी अधिवक्ता, प्रदीप साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# माधव मैथमेटिक्स कॉम्पिटिशन 2023 की हुई परीक्षा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छात्र छात्राओं में परीक्षा को लेकर रहा भारी उत्साह बलौदाबाजार। 29 जनवरी को अखिल भारतीय माधव मैथमेटिक्स परीक्षा शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। महान भारतीय गणितज्ञ माधवाचार्य की स्मृति में होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन ए टाटा इंस्टीटूट ऑफ फण्डा मेन्टल रिसर्च एवम नेशनल बोर्ड फार हायर मैथमेटिक्स के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक कक्षाओं में अध्ययनरत गणित के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

समन्वयक जिला व राज्य परीक्षा समिति डॉ. पुरषोत्तम झा प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डी के महाविद्यालय बलौदाबाजार ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में डी के महाविद्यालय के 110, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के 15 तथा शासकीय महाविद्यालय पलारी के 11 छात्रों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से 123 छात्र उपस्थित व 13 छात्र अनुपस्थित रहे। डॉ झा ने बताया कि 2021 के बाद अब 2023 में यह परीक्षा आयोजित हुई है। इस परीक्षा का प्रारम्भ 2010 से हुआ है। यह परीक्षा इतनी प्रतिष्ठा पूर्ण व कठिन होती है कि 100 नंबर के प्रश्नों में 30 अंक पाने वालों को भी सफल माना जाता है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा केंद्र के द्वारा 30 अंको से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा व प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस परीक्षा केंद्र में 2018 से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। डॉ झा की प्रेरणा से हर वर्ष बड़ी संख्या में गणित के छात्र इस परीक्षा में बैठ रहे हैं।

# शिक्षा के साथ संस्कार शिक्षा अतिआवश्यक : संजय पांडेय

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com









वर्तमान में शिक्षा के साथ ही संस्कारित शिक्षा की अतिआवश्यकता महसूस की जा रही है और यह धर पर दी जा सकती है जो हमें हमारे परिवार जनो के द्वारा मिलती है। उक्त उदगार शिक्षाविद प्राचार्य संजय पांडेय ने माउंट लिटेरा स्कूल के वार्षिकोत्सव में उपस्थित पालको को संबोधित करते हुए कही।

माउंट लिटरा स्कूल बिनौरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथी के रूप में अंबुजा विधापीठ के प्राचार्य डा संजय पांडेय उपस्थित थे वही अध्यक्षता स्कुल के डायरेक्टर आर पी मिश्रा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिल्या देवी इंटरनेशनल स्कुल के प्राचार्य गोविंद चंद दास व माउंट लिटरा स्कुल के सचिव नवनीत मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर उनकी वंदना कर किया गया। मुख्यअतिथी के आसंदी से प्राचार्य डा संजय पांडेय ने उपस्थित पालको से कहा कि दो वर्ष के कोरोना काल का असर बच्चो पर व्यापक रूप से पडा है और इसके लिए आप और हम सब को मिलकर कडी मेहनत अपने बच्चो के लिए करनी होगी। बच्चा स्कुल में शिक्षा ग्रहण कर रहा है पर अपने संस्कार को भुलते जा रहा है जो कि अतिआवश्यक है उसके अंदर एक बडा बदलाव देखने को मिल रहा है जो कि उसे गलत दिशा की ओर ले जा रहा है ऐसे में हमें उनके मनोभावो को समझना होगा और यह केवल मां ही कर सकती है। मां जीवन की प्रथम गुरू होती है जो धर में बच्चो को संस्कार देती है बड़ों का आदर करने के साथ ही अपने आराध्य देवी देवताओं के प्रति आस्था और विश्वास जगाना मां ही कर सकती है। इसलिए माताओ से अनुरोध है कि स्कुल में हम किताबो का ज्ञान देते है उसे उसके जीवन में आगे बढाने का काम करते है पर संस्कार की शिक्षा उसे परिवार के बीच में मिलती है और उसमें प्रमुख योगदान मां का होता है। अध्यक्षता कर रहे विधालय के चेयरमेन आर पी मिश्रा ने कहा कि हमारा स्कुल बच्चों के अंदर सम्पूर्ण विकास कर उन्हें जीवन के पथ पर आगे बढ़ाने का काम कर रहा है और इसमें बहुत योगदान हमारे पालको का भी है वे भी बच्चो के प्रति अपने उत्तरदायित्व को बखुबी निभा रहे है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया बच्चो ने बडे ही भावपूर्ण रंगारंग नाटक व नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें वर्तमान परिदृश्य में हो रहे धटनाओ से बचने की चेतावनी के साथ ही हमारी लोक संस्कृति और देशभक्ति से ओतप्रोत थी।

# भेखलाल साहू ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



खल्लारी विधानसभा के ग्राम परसदा में भेखलाल साहू जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जय बजरंग युवा कबड्डी समिति एवं ग्रामीण जनों के द्वारा एक द्विसिय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भेखलाल लाल साहू मुख्यातिथि ने माँ भारती के तैल चित्र का पूजन कर फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया गया।मुख्यातिथि भेखलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबड्डी का खेल पुरातन काल से खेला जा रहा है यह कबड्डी अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी है। गाँव के खिलाडी आज ऐसे प्रतियोगिता में हिस्सेदारी कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारकर उच्चस्तर पर खेल में भाग लेते हैं। कबड्डी के खेल से यह बात की हमें सिख मिलती है कि हमें संगठित होकर एकजुटता का परिचय देते हुए कड़े मुकाबले में जीत अर्जित कर सकते हैं। इस आयोजन में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि खोमन साहू, सोसायटी अध्यक्ष केशव साहू, सरपंच प्रतिनिधि दिलीप ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा राणा, उपसरपंच खेमा राम साहू, रजे लाल यादव सोसायटी प्रबंधक, मनी राम पांडे, होमसिह बंजारा, गुरुदयाल चक्रधारी, डॉ चिन्ता राम साहू, घंसिया राम यादव, पन्नू लाल सिन्हा, दुकालू राम यादव, खेमराज पटेल, उमा राम साहू, रूपानन्द यादव, यशवंत यादव, मन्नू साहू चरण ठाकुर, कृष्ण कुमार ठाकुर, राजू साहू, प्रहलाद ठाकुर उपस्थित रहे।

# छेरकापुर प्राचार्य डा. राधेश्याम पटेल को गुडगार्डनिंग के लिए किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पलारी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरकापुर के प्राचार्य डा. राधेश्याम पटेल को गुडगाडनींग, विद्यालय शौन्दर्यीकरण एवं शिक्षकीय कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव छ.ग. शासन शकुंतला साहू एवं कलेक्टर रजत बंसल के हाथों प्रदान किया गया। इस सम्मान के लिए डा. पटेल को विद्यालयीन परिवार के अलावा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बधाई दी है।

ज्ञात हो कि इस भव्य कार्यक्रम में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियो का भी सम्मान किया गया। वहीं इस समारोह में डाक्टर राधेश्याम पटेल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरकापुर को शाला परिसर में जिले का सबसे बड़ा शालेय गार्डन विकसित करने और शाला सौन्दर्यीकरण हेतु सम्मानित किया गया। डा. पटेल ने इस विद्यालय में सन् 2014 से लगातार बृक्षारोपण कार्य करने में लगे हुए हैं। वर्षो की लगातार मेहनत से यह काम सफल हो रहा है। बड़ी बात यह है कि ग्राम छेरकापुर सुखा क्षेत्र है। यहां ग्रीष्म काल में पौधे को बचाना चुनौती से कम नहीं है। कहा जाता है, ''जहां चाह वहां राह'' इस दृढ़ संकल्प से छेरकापुर का शाला परिसर हरियाली से आच्छादित है। डा. पटेल का कहना है कि इस काम में सभी शिक्षक और विद्यार्थियों का भी बहुत सहयोग मिल रहा है। यहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, वर्तमान विधायक कसडोल और संसदीय सचिव शकुन्तला साहू, पूर्व कलेक्टर, न्यायाधीश, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, भारत स्काउट गाइड जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, आदिवासी विभाग रायपुर के आयुक्त, डाइट प्राचार्य राजेन्द्र वर्मा आदि द्वारा वृक्षारोपण कर उत्साह वर्धन किया गया है। अपने सम्मान पर श्री पटेल ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 'परीक्षा पे चर्चा' अपनी तरह का एक अनोखा कार्यक्रम

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लाइव देखते हुए सेजेस सरायपाली के विद्यार्थी और टीचर्स

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' 2023 के तहत दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विद्यार्थियों को संबोधित किया। कई छात्र लाइव टेलीकास्ट के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। 'परीक्षा पे चर्चा' अपनी तरह का एक अनोखा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले किया जाता है। 2018 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसमें वो देश के बच्चों,शिक्षकों और माता-पिता से रूबरू होते हैं। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में विद्यार्थियों को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम लाइव दिखाने की व्यवस्था स्मार्ट डिजीटल क्लास रूम /कम्प्यूटर कक्ष में किया गया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य पी के ग्वाल, व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ,महेश नायक, रेखा पुरोहित, मनोज पटेल, प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, पीटीआई मंजिला चौधरी, कम्प्यूटर शिक्षक अक्षय कुमार भोई आदि ने भी उत्सुकता के साथ देखा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया तथा वर्तमान में हो रही मूल्यों में बदलाव को खतरनाक बताया। बच्चों पर सामाजिक अपेक्षा का दबाव न डालने हेतु माता पिता को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया में तीव्र बदलाव आ रही है जिससे जिंदगी में भी बदलाव की जरूरत है। नकल की प्रवृत्ति के संबंध में बताया कि नकल से जिंदगी नहीं बन सकती,कितनी जगह नकल करोगे। भीतर की ताकत ही आपको आगे ले जाएगी इसलिए अपने आत्मविश्वास को बढ़ाइए। जी भरके जीने और जीतते हुए जीवन जीने का मंत्र दिया तथा कौए का उद्धरण देते हुए स्मार्टली हार्ड वर्क के साथ आगे बढ़ने की नसीहत दी। आलोचना और टोंका टांकी के परिपेक्ष्य में अपना विचार दिया और कहा कि टोंका टांकी से बचना चाहिए। स्मार्ट होने से गैजेट्स की उपयोगिता बढ़ेगी पर आप गैजेट्स की गुलाम न बनें, आप स्वयं को स्मार्ट बनाएं न कि गैजेट्स को स्मार्ट समझें। सप्ताह में एक दिन डिजीटल फ़ास्टिंग पर जोर दिया। घर में एक एरिया तय कर 'नो टेक्नोलॉजी जोन' बनाने पर जोर दिया गया। परिवार छोटे होते जा रहे हैं और मिलना जुलना भी अब डिजीटली हो रहा है। परिणाम के तनाव को मन से न लेने कहा। दुनिया की सबसे पुरातन भाषा तमिल हमारे देश में है इस पर हमें गर्व होना चाहिए। भारत को दुनिया आशा कि किरण के रुप में देख रही है। इस प्रकार विद्यार्थियों के सवालों के सुंदर सहज प्रेरणादायक जवाब देते हुए एक नई दिशा देने का सफल प्रयास किया गया।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रतिभा पब्लिक स्कूल बागबाहरा में गड़तंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्या अतिथि रुपेश गोयल (मैनेजिग डायरेक्ट) समीम खान ईश्वर अग्रवाल गणेश शर्मा सरफराज खान रहे कार्यकम की अध्यक्षता प्रचार्या एस एस आर्य के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारम रुपेश गोयल इए द्वारा ध्वजारोहन करने के पश्चात राष्टगान् गा कर किया गया तद्पश्चात गोयल एवम् गनेशा शर्मा एवम् प्रिंसिपल एस एस आर्य द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके प प्रकाश डाला इस मौके पर सलाना स्प्रोट्स दे में विजेता प्रतिभावान बच्चों को मैडल एवं प्रस्तीपत्र वितरण किया गया और बच्चोंके द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिस्ठान बाट का किया गया।

# 6 सूत्रीय मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण हुए लामबंद, ओरछा मार्ग में किया चक्का जाम

## 3 दिवसीय चक्का जाम का लिया निर्णय, ओरछा मार्ग पर आवागमन हुआ ठप्प

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



अबुझमाड़ के तोयामेटा, ढोंढ़रिबेड़ा एव इरकभट्टी में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण आक्रोशित होकर लामबंद हो गए थे। इससे सैकड़ो ग्रामीण धरना स्थल से उठकर सड़क में उतर आए है। इसमे धरना प्रदर्शन कर रहे सैकड़ो ग्रामीणों ने ओरछा मार्ग में पहुचकर 3 दिवसीय चक्का जाम करने का निर्णय लिया था। इससे सैकड़ो ग्रामीण शनिवार की शाम से ओरछा मार्ग पर बटुम के पास

पहुचकर धरने पर बैठ गए है। इसमे सैकड़ो ग्रामीण ओरछा मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। इससे ओरछा मार्ग आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया हैं। इससे जिला मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार में ओरछा ब्लॉक मुख्यालय के निवासी नहीं पहुच पा रहे है। अबूझमाड़ के ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग को जाम कर देने के चलते राहगीरों को कई तरह की परेशानियों इन सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार अबुझमाड़ के तोयामेटा में 1 नवबंर से एवं ढोंढ़रिबेड़ा, इरकभट्टी में 18 अक्टूबर से ग्रामीण 3 अपनी सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। इसमें वन अधिनियम 2022 रद्द करने , नए प्रस्तावित कैम्प नहीं खोलने एव पेशा कानून का पालन करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। इससे 3 माह से चल रहे धरना प्रदर्शन में ग्रामीणों की मांग पर ध्यान देने में जिला प्रशासन कोई रुचि नहीं दिखा रहा था। इससे आंदोलनरत ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया है। इससे ग्रामीण अपनी मांगों लेकर लामबंद हो गए है। इसमे सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर ओरछा मार्ग में 3 दिवसीय चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। इससे तोयामेटा , ढ़ोंढरिबेड़ा एवं इरकभट्टी में धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण उठकर लकड़ी, चावल, दाल, बर्तन लेकर शनिवार की रात पैदल ओरछा मार्ग पर बटुम गांव के पास पहुच गए है। इससे रविवार की सुबह करीब 10 बजे सैकड़ो आदिवासी ग्रामीण बटुम के पास मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए है। अबूझमाड़ इलाके के गांव से धरना प्रदर्शन करने पहुचे ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रस्ताव प्रारित किया है। इस प्रस्ताव में 6 सूत्रीय मांग शामिल है। इसमें माड़ क्षेत्र में नया पुलिस कैंप नहीं चाहिए, माड़ में निर्दोष आदिवासियों को बेवजह से नक्सली बताकर जेल में ठूसना बंद करने, ब्रेहबेड़ा धरना में बैठे हुये महिलाओ का नहाते समय ड्रोन के माध्यम से कैमरा करना एवं देखना बंद करने, झुठी मुठभेड़ में बेकसूर आदिवासी जनता को हत्या करना बंद करने, आदिवासियों को जमीन रोड चौड़करण के नाम से हजारों एकड़ जमीन हड़पना बंद कर लाखों पेड़ काटना बंद करने, बस्तर में चल रहे धरना स्थलों में हमला करना एवं ड्रोन के माध्यम से बमबारी करना बंद करने, धर्मातरण के नाम से आदिवासियों को आदिवासी से आपस में षड़यंत्र किया जा रहा है, इसे बंद करने की मांग शामिल है। इन मांगों लेकर सैकड़ो आदिवासी ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया है। इससे ओरछा मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सिहावा क्षेत्र की समस्या दूर करने सीधे सीएम से एप्रोच

पायनियर संवाददाता नगरी
www.dailypioneer.com



### सिंचाई मंत्री ने नहर नाली की स्वीकृति का दिया आश्वासन

सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने जलसंसाधन मंत्री रविंद्र चौबे से भी मुलाकात कर उन्हें सिंचाई सुविधा के लिए किसानों की मांग से अवगत कराया। मांग रखी कि सोंढूर डेम से ग्राम बेलरबाहरा ,तुमडीबहार, बासीन, अर्जुनी, ठेन्ही, दौड़पंडरीपानी, छोटे गोबरा तक नहर नाली विस्तार किया जाए। किसान न्याय योजना में किसान भानुराम, उदय लाल की वर्ष 2021-22 क़िस्त की राशि व कर्ज माफ के सम्बंध में जानकारी दिया गया। नहर नाली विस्तार के लिए मंत्री रवींद्र चवबे ने तुरंत मुख्य अभियंता सिचाई विभाग को अभी के बजट में शामिल करने निर्देशित किया है।

सिहावा क्षेत्र में हायर सेकेंड्री स्कूल, नहर नाली विस्तार, सहकारी समिति बनाने, सड़क निर्माण, पर्यटन स्थल घोषित करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने सीधे सीएम से एप्रोच की है।उनका पूरा प्रयास है कि क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्यो की स्वीकृति कराया जाए। वैसे पिछले चार सालों में क्षेत्र में करोड़ो के कार्य हुए है, और स्वीकृति मिलने से सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विकास से तस्वीर बदली नजर आएगी। विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के नेतृत्व में किसान संघर्ष समिति बेलरबाहरा के अंतर्गत ठेन्ही, मेचका, बेलरबाहरा क्षेत्र के किसानों ने 9 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास मे समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने बहुप्रतिक्षित मांगों को लेकर विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव से मुलाकात कर अपनी बात रखी थी।

जिस पर विधायक डॉ ध्रुव ने पूरे समिति के सदस्यों को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराने की बात कही थी, इसी तारतम्य में संघर्ष समिति के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर सर्वप्रथम भेट मुलाकात के दौरान सिहावा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य एवं सभी समाज के विकास कार्यो के लिए राशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही संघर्ष समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को सुदूर क्षेत्र व दूरस्थ अंचल के विभिन्न समस्याओं जैसे कि हाईस्कूल तुमडीबहार को उन्नयन कर हायर सेकंडरी स्कूल करने,सोंढूर डेम से छोटेगोबरा तक नहर नाली विस्तार कार्य, बेलरबाहरा को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बनाने, मेन रोड तुमडीबहार से ठेन्ही तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क बनाने, ग्राम बरपदर से करेली सरद तक मिट्टी मुरुम सड़क बनाने, मेचका थाना से सोंढूर डेम तक सड़क मरम्मत करने, बेलरबाहरा में 300 मीटर सीसी सड़क बनाने, किसान भानु राम, दयाराम को किसान न्याय योजना का लाभ व उनका कर्ज माफ करने, मुचकुन्द ऋषि आश्रम को पर्यटन घोषित करने की मांग रखी। जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मांगों को तत्परता से पूरी करने के लिए सुदूर अंचल के किसान समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया। इस बीच सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने मुख्यमंत्री का सुदूर अंचल के लोगों से भेंट मुलाकात करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रुद्रप्रताप नाग, राजेंद्र सोनी, कृषि मंडी सदस्य नगरी, नरेश मांझी अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति बेलरबाहरा, केजूराम नागेश, सिरधन सोम, डीके यादव, परमात्मा कुंजाम, कन्हैया लाल, कृपाराम, श्यामल साय धुर्वा, हीरामन सिंह आदि उपस्थित थे।

# मारो सरस्वती स्कूल में सरस्वती पूजन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर मारो विद्यालय में 27 जनवरी को, बसंतपंचमी कार्यक्रम केअवसर पर पोथी यात्रा (वेद पुराण)कलश यात्रा निकाली गई । जो नगर के मुख्य स्थल बस स्टैंड, बाजार चौक, राधा कृष्ण मंदिर ,वार्ड नौ खैयातालाब होकर विद्यालय पहुंची।इस अवसर पर 10नवीन भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार एवं सरस्वती पूजन पं.रमाकांत मिश्रा जी द्वारा मंत्रोंचार से कराया गया।

कार्यक्रम में भरत लाल साहू ब्यवस्थापक, संतोष साहू, प्रमोद पाण्डेय सदस्य, कल्याण सिंह क्षत्रिय, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक, माताएं,भैया बहनों, आचार्य, आचार्यों, के द्वारा श्रीफल ,समर्पण कर पूजन किया गया। तत्पश्चात मातृ सम्मेलन का भी कार्यक्रम रखा गया जिसमें भैया बहनों की विकास में माताओं की भूमिका, अध्यापन के साथ संस्कार पक्ष शैक्षणिक गतिविधियों पर विचारात्मक चर्चा हुई। रामचरित मानस, एवं महाभारत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई।इस अवसर पर लगभग 30माताओ की उपस्थिति रही। भैया बहनों के द्वारा सरस्वती वंदना, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# बरही में जिले का पहला प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण ईकाई का क्षेत्रीय विधायक संगीता ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





जिले के ग्राम बरही के आदर्श गौठान ने जिले का पहला प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण ईकाई का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने बरही गौठान में निर्मित मुर्गीपालन शेड के दीवाल का पोताई कर गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट के गुणवत्ता को परखा। विधायक संगीता सिन्हा एवं अतिथियों ने प्राकृतिक पेंट इकाई की गुणवत्ता की सराहना भी की। वही विधायक ने यूनिट का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ हेमन्त ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी सिन्हा, बालोद जनपद सीईओ नीलाम्बर यादव, चंद्रेश हिरवानी, कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य अमृता नेताम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाए डॉ. सहारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गोबर से पेंट बनना, बहुत बड़ी उपलब्धि : संगीता सिन्हा

विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देते हुए कहा कि जहां हमारी सोच नही पहुचती है, वहां उनकी पहले सोच पहुच जाती है। कभी हमने नही सोचा था कि गोबर से कुछ कार्य किया जाएगा। लेकिन यहां गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद, दिया और अब पेंट। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है, गोबर से पेंट बनना। इस ईकाई को महिला समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। संगीता सिन्हा ने आगे कहा कि उन्होंने पेंट की पोताई भी कर के देखी है। बहुत ही अच्छा हैं। वही विधायक संगीता सिन्हा ने अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के हर व्यक्ति को अपने घर की पोताई इस गोबर के पेंट से करनी चाहिए। क्योकि हमारे पूर्वज से चला आ रहा है गोबर से लिपाई पोताई। हर शुभ काम में गोबर से ही शुरुआत की जाती है। अब गोबर से पेंट बनना हमारी बड़ी उपलब्धि है। संगीता सिन्हा ने आगे कहा कि राज्य शासन के प्रयासों के फलस्वरूप आज गोबर का उपयोग असीमित हो गया है। उन्होंने गोबर की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पहले हमारे घरों को गोबर से पोताई कर शुद्धिकरण किया जाता था। वर्तमान के अत्याधुनिक समय में भी गोबर का महत्व एवं प्रासंगिकता पहले की भांति है।

# विशिष्ट प्रतिभा सम्मान-2023 का हुआ आयोजन संविधान पर परिचर्चा व काव्य पाठ आयोजित

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तसिगढ़ हिंदी साहित्य परिषद, हिंदी साहित्य भारती इकाई कोंडागांव जनजातीय सरोकारों की राष्ट्रीय पत्रिका, समाज सेवी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वर्तमान परिदृश्य में संविधान और सामाजिक दायित्व विषय पर परिचर्चा, हिंदी उर्दू व क्षेत्रीय बोली, भाषा पर काव्य पाठ व विशिष्ट प्रतिभा सम्मान-2023 का भव्य आयोजन मां दन्तेश्वरी हर्बल इस्टेट के हॉल मे किया गया। इय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के आयुक्त विभागीय जांच प्रधिकरण (आईएएस) दिलीप वासनीकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजाराम त्रिपाठी सदस्य नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने की। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में हिंदी साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष हरेंद्र यादव, वरिष्ठ साहित्यकार यशवंत गौतम और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक आर के जैन व फादर जोसेफ रेक्टर उपस्थित रहें। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया।

# हर क्षेत्र में बेटियां सफलतापूर्वक कर रही प्रतिनिधित्व : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम भिम्भौरी में शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। पुरुष वर्ग में स्पर्धा का फाइनल मैच रायगढ़ व बिरगांव के मध्य खेला गया। जिसमें बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रायगढ़ की टीम ने स्पर्धा में जीत दर्ज की। महिला वर्ग में दुर्ग व भिलाई के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें दुर्ग की टीम ने जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 20 हजार नगद व कप 15 हजार नगद व पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर से आई 32 टीमों ने भाग लिया। ग्राम भिम्भौरी में पिछले कई वर्षो से प्रदेश स्तरीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में बेटियां बेटों से कम नहीं है। कई क्षेत्रों में बेटियां बेटों से आगे निकल गई हैं। वर्तमान में हर क्षेत्र में बेटियां प्रतिनिधित्व स्थापित करने में सफल रही हैं। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बेटियां देश का नाम रोशन कर रही है। वर्तमान में देश में कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन हो रहा है इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेते हैं। अब कबड्डी खेल में आधुनिकता का भी समावेश होता जा रहा है। पहले कबड्डी को ग्रामीण परिवेश का खेल कहा जाता था, लेकिन अब कबड्डी प्रतियोगिता चकाचौंध भरे स्टेडियम में खेली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इन्हीं प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचते हैं। इस दौरान आयोजक समिति से ग्राम सभा अध्यक्ष कुंज लाल साहू प्रोफे सर हरि शर्मा दीदी टिकेंद्र बबला वर्मा कौशिक वर्मा कमलेश परघनिया समस्त ग्रामवासी भिंभौरी राजू साहू चंद्रविजय धीवर राजु साहुं लखन चक्रधारी चन्द्रभूषण वर्मा अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा नूपुर साहू सचिव विक्रम साहू कोषाध्यक्ष विक्की साहू सचिव केशव साहू उपाध्यक्ष होरी लाल साहूविक्की साहू विक्रम साहू मनोज वर्मा सेवाराम राकेश समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि ने अपने विचार रखते हुए नेताजी के बारे में बताए

# आजाद हिन्द फौज के सेनानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंग समाज द्वारा रवीन्द्र ग्रन्थागार के प्रांगण में देश के महान क्रांतिकारी व देशभक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'आजाद हिन्द फौज के सेनानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126वीं जयंती बढ़े ही श्रद्धा व जोश उमंग के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.जी.एम. माइंस आर.सी. बेहरा , विशेष अतिथि डॉ. शैवाल जाना, शहीद अस्पताल के निदेशक, अतिविशेष अतिथि समाज के अध्यक्ष दल्ली प्लांट के महाप्रबंधक सुकान्तो मण्डल थे। सर्व प्रथम अतिथियों को समिति के सदस्यों ने मंचस्थ कराकर, नेताजी के तैलचित्र में माल्यापर्ण कराने का आग्रह कर मुख्य अतिथि आर. सी. बेहरा के कर कमलों से तैल चित्र पर फूलमाला डालकर, नेताजी को गुलाल लगाकर अगरबत्ती जला कर प्रमाण कर देश के महान सेना नायक स्वतंत्रता सेनानी को याद कर अतिथियों ने बारी-बारी से फूल अर्पण कर व गुलाल लगाकर अपनी श्रद्धा अर्पित कर नमन किये। इसी कम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का जन्म स्थान व रहवासी कटक शहर से हैं, जहाँ इस महान सेनानायक नेताजी का जन्म हुआ था। उन्हें अपने उद्गार में इस शहर के समस्त लोगों के लिए एक जगह स्मारक नेताजी का बनाने का भी पहल किया, जिससे इतिहास में याद रखें व शहर के सभी सामाजिक गण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति स्थापना के लिए जल्द ही बंग समाज नगर पालिका व बी.एस.पी. प्रबंध से इस बारे में जल्द ही चर्चा कर चिट्ठी देगें। साथ ही साथ कक्षा पहली से पाँचवी तक व कक्षा 6वीं से 8वीं तक के 70 बच्चों ने 'नेताजी' के देशभक्ति विषय में एक चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिये सभी बच्चों को अतिथियों ने सांत्वना पुरस्कार बांटे व जूनियर वर्ग में मिलि मायती ने प्रथम स्थान, लिली साहू ने द्वितीय व ओजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में लावण्या शाहनी प्रथम, जतिन साहू द्वितीय व अर्पिता विश्वास ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के प्रमुख संरक्षक गगनचंद्र पंड्या, सचिव गौतम बेरा, अध्यक्ष सुकान्तो मंडल , उपाध्यक्ष डॉ. शैबाल जाना , एस.सी. सरकार, चन्द्रशेखर मण्डल, अशोक आईच, गौतम मायती, स्वपन बेरा, पिन्टू चक्रवर्ती, बापी मायती, पिन्कू डे, दिनेश विश्वास सहित महिला समिति की अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, उपाध्यक्ष रीना पंड्या, मंजूमायती, मिट्टू करफा, विश्वास, पदमाकर राव , बोबडे का भी विशेष सहयोग इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में रहा। इस कार्यक्रम का संचालन गौतम बेरा व पुरोबी वर्मा ने किये। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के कर कमलों से सभी बच्चों को किया गया।

## निधन

### गणेश राम चौधरी



दल्लीराजहरा। गणेश राम चौधरी पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के संरक्षक का 29 जनवरी को दिन दोपहर शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा में आकस्मिक निधन हो गया। , जिसका अंतिम संस्कार 30 जनवरी को किया जाएगा। 30 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक इनके शव को अंतिम दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ कार्यालय में रखा जाएगा। फिर 12 बजे दोपहर के बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। स्वर्गीय चौधरी 69 वर्ष की उम्र के थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, पुत्री छोड़ गए। स्व. चौधरी एक सुलझे हुए श्रमिक नेता माने जाते थे। वे प्रसिद्ध श्रमिक नेता स्वर्गीय शंकर गुहा नियोगी के पुराने साथी थे।

टाकटाइम

# अपारशक्ति खुराना

*जिनकी दंगल के रूप में शुरुआती फिल्म से लेकर हेलमेट तक, जो कि एकल लीड के रूप में उनकी पहली फिल्म है। इस बहुप्रतिभाशाली कलाकार का नवीनतम आर एंड बी ट्रैक बल्ले नी बल्ले है। सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में अभिनेता अपनी यात्रा के बारे में बात करते हैं, कि वह संगीत के बजाय अभिनय को क्यों चुनेंगे और रेडियो जॉकींग के लिए उन्हें कैसे महारत हासिल हुई*

# रेडियो मेरे जीवन में कई शानदार चीजों का मार्ग रहा है



**■ बल्ले नी बल्ले कैसे संभव हुई?**

यह सब तब शुरू हुआ जब मैंने सोनी म्यूजिक के एक गाने में अभिनय किया था। तब से हम एक गीत के बारे में सोच रहे थे जिसे कि मैं गा सकता था और साथ ही उसमें अभिनय भी कर सकता था। गीत के लेखक गुरप्रीत सैनी के साथ तेजी से एक जेमिंग सत्र चला, उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने एक गीत लिखा है और सिद्धार्थ अमित भावसार ने इसे सुरबद्ध किया है उन्हें लगता है कि यह मेरे वाइब से मेल खाता है। मैंने इसे सुना और तुरंत इसके साथ जुड़ गया। एक हफ्ते के अंदर हमने गाना रिकॉर्ड किया और वीडियो भी शूट किया। आज जो प्यार मिल रहा है उसे देखकर मैं कृतज्ञ हो गया। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे लगता है कि बल्ले नी बल्ले, कुछ शांत लोगों का संगीत के प्रति उनके प्रेम संबंधी जुड़ाव का परिणाम था।

**■ आप संगीत में कब आए?**

संगीत बचपन से ही मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रहा है और इसका एक प्रमुख श्रेय दादी को जाता है जो संगीत से गहराई से जुड़ी थीं। मैं भी एक रेडियो जॉकी था और उसी रूप में जैसे आप खाने, सोने और संगीत की सांस लेते हैं। और मुझे लगता है कि मेरा खुद का गाना गाने का सपना शायद वहीं से शुरू हुआ होगा। आज, मुझे बचपन से संगीत में पेशेवर प्रशिक्षण नहीं लेने का अफसोस है, लेकिन मैं लगातार अपने शिल्प में बेहतर होने की कोशिश करता हूं।

**■ अगर आपको संगीत और अभिनय में से किसी एक को चुनना हो, तो वह क्या होगा?**

चुनाव करना कठिन होगा। लेकिन मुझे लगता है कि भले ही संगीत मेरे दिल के बेहद करीब है, लेकिन अभिनय हमेशा मेरे लिए पहली प्राथमिकता होगा। किसी किरदार को जीवन में उतारने का आनंद अतुलनीय है।

**■ गाने की शूटिंग के दौरान आपको धनश्री का कितना अच्छा साथ मिला?**

धनश्री के साथ काम करना अद्भुत था। हम एक ही सोच रखने वाले थे और हमारी ऊर्जा हमेशा मेल खाती थी। पता नहीं बहुत से लोग जानते हैं या नहीं, लेकिन धनश्री ने गाने को कोरियोग्राफ भी किया है। शुरू में हमने सोचा था कि वह डांस करेगी और मैं गाना गाऊंगा लेकिन बाद में उसने मुझे एक शॉट के लिए भी डांस करने के लिए मना लिया।

**■ आप लगभग छह वर्षों के बाद रेडियो पर वापस आए हैं। यह सब करते हुए आपको कौन सी चीज रोक रही थी?**

मैं दिल से हमेशा कलाकार रहा हूं और रेडियो ने मुझमें मौजूद कलाकार को खुद को अभिव्यक्त करने का मौका दिया। छह वर्षों में मैंने विभिन्न कलात्मक प्रयासों की खोज की है लेकिन रेडियो के लिए मेरे भीतर एक नरम स्थान है। मैं सही अवसर की तलाश में था और मुझे लगता है कि यह हो सकता है।

**■ अभिनय कैसे संभव हुआ?**

रेडियो मेरे जीवन में कई महान चीजों का मार्ग रहा है। उनमें से एक अभिनय है। रेडियो में मेरे समय के दौरान, एक वरिष्ठ व्यक्ति थे जिनके पास मैं अपने शिल्प में बेहतर होने की सलाह देने गया था। उन्होंने मुझे थिएटर करने का सुझाव दिया और मुझे बताया कि यह कैसे सहजता, वॉयस माड्यूलेशन, भाव, स्मृति, आत्मविश्वास आदि बहुत कुछ के साथ मदद करता है। मैंने सलाह को गंभीरता से लिया और अभिनय से इतना प्यार करने लगा कि मैंने इस प्यार को अपना सब कुछ देने और इसे अपने पेशे में बदलने का फैसला किया।

**■ आप एक गायक भी हैं। कोई गाना जो आपके दिल के बहुत करीब हो?**

मुझे पसंद है कि यह सवाल कैसे शुरू हुआ। हां, मैं भी अब एक गायक हूं। मैंने अपने जीवन में कई टोपियां पहनी हैं और मुझे लगता है कि यह मेरे पसंदीदा में से एक है। मैं अपने संगीत के प्रति अत्यधिक आकर्षण को इस तरह के महत्वपूर्ण रूप में बदलते हुए देखकर धन्य महसूस करता हूं। और आपके सवाल का जवाब देने के लिए, इस समय मेरे दिल के बहुत करीब एक नहीं बल्कि 2 गाने हैं - एक है वज़ीर पातर का बस तेरे करके और दूसरा है द येलो डायरी शिल्पा राव का रोज़ रोज़।

**■ आपने रेडियो जॉकींग के प्रति अपने शौक को कब और कैसे खोजा?**

रेडियो में आने से पहले मैं वास्तव में दिल्ली उच्च न्यायालय में वकालत कर रहा था। लेकिन रोज 12-14 घंटे देने के बाद भी मैं किसी रूप में एक असंतोष के साथ घर आता था। मुझे एहसास हुआ कि यह ऐसा कुछ नहीं था जिसे करने में मुझे मज़ा आया, तो मैंने वैकल्पिक करियर विकल्पों की तलाश शुरू कर दी। कुछ ऐसा जो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ सामने लाने में मदद कर सके। सौभाग्य से, मेरे लॉ स्कूल के कुछ सीनियर्स थे जो पहले से ही एक रेडियो स्टेशन पर काम कर रहे थे। लगभग उसी समय, आज के प्रसिद्ध संगीतकार रोचक कोहली ने मुझे रेडियो जॉकी के उद्घाटन के बारे में बताया। मैंने इसके लिए प्रयास करने का फैसला किया और भगवान के आशीर्वाद से यह मेरे पक्ष में काम कर गया। लोग आज मानते हैं कि दंगल मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट था। भले ही मैं दंगल का हिस्सा बनने का अवसर पाने के लिए बहुत आभारी हूं, लेकिन मेरे जीवन का टर्निंग प्वाइंट दिल्ली उच्च न्यायालय से रेडियो

# क्योंकि उम्र सिर्फ एक संख्या है

## स्वस्थ बुढ़ापे के कुछ सबसे महत्वपूर्ण पहलू आपके नियंत्रण में हैं। यह समय आपके विटामिन को सुनिश्चित करने और अपनी जीवन शैली को संशोधित करने का है। अधिक जानकारी के लिए सुप्रिया रमेश ने लवलीन कौर से बात की

अपने जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य व कल्याण में सुधार हेतु बेहतर बुढ़ापा एक महत्वपूर्ण पूर्वशर्त है। शान से उम्र बढ़ने का मतलब न केवल अपने 50 के दशक में युवा दिखना है, बल्कि इसका मतलब स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखना और उम्र बढ़ने के साथ-साथ तंदरुस्ती को प्राथमिकता देना भी है।

पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है इंसुलिन प्रतिरोध के विचार को समझना, जो हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को बाधित करता है। डाइट इनसाइट की सह-संस्थापक और प्रमुख आहार विशेषज्ञ लवलीन कौर कहती हैं, ''इंसुलिन प्रतिरोध तब होता है जब हमारे शरीर में कोशिकाएं इंसुलिन का जवाब देने में विफल हो जाती हैं और ऊर्जा के लिए आपके रक्त से ग्लूकोज का उपयोग करने में असमर्थ होती हैं।''

वह कहती हैं कि क्षतिपूर्ति करने के लिए, आपका अग्न्याशय अतिरिक्त इंसुलिन का उत्पादन करता है, जिससे आपके रक्त शर्करा का स्तर समय के साथ बढ़ता है। आपके रक्त में अतिरिक्त इंसुलिन का यह संचय, कोशिकाओं की ओर जाने का कोई रास्ता नहीं होने के कारण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा करता है। आपका अग्न्याशय अंततः खुद को बनाए रखने में असमर्थ होगा और आपके रक्त शर्करा का स्तर तब तक बढ़ेगा जब तक आपको प्रीडायबिटीज न हो और आपकी त्वचा पर भी इसका परिणामी प्रभाव न पड़े। तो, इंसुलिन प्रतिरोध से बचने और गरिमामय बुढ़ापे के लिए एक बाधा मुक्त मार्ग बनाने के लिए क्या किया जा सकता है?

**बेहतर कदम से बेहतर बुढ़ापा-** अपने रक्त शर्करा के स्तर को सामान्य सीमा के भीतर रखने के लिए स्वस्थ जीवन शैली विकल्प बनाना सबसे प्रभावी रणनीति है। सबसे बड़ी बात जो आप कर सकते हैं, वो है लंबे समय तक बैठने से बचना और यदि संभव हो तो हर 30-45 मिनट में हिलना-डुलना।

कौर बताती हैं, ''शोध के अनुसार, यह पाया गया है कि उम्र बढ़ने के साथ सेरोटोनिन (हैप्पी हार्मोन) स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप चिंता, अवसाद, लंबे समय तक उदासी या धमनियों का सख्त होना भी शुरू हो जाता है।''



खैर, व्यायाम न केवल इंसुलिन प्रतिरोध से बचने का एक शानदार तरीका साबित होता है बल्कि आपके सेरोटोनिन-स्तर को भी बढ़ावा देता है। इसलिए, अपनी धमनियों को स्वस्थ रखने व अवसाद, आत्म-संदेह तथा सुस्ती को दूर करने के लिए तेज चलें या व्यायाम करने के लिए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

**वसा आपकी दुश्मन नहीं है-** जब बुढ़ापे की बात आती है, तो स्वस्थ भोजन खाना ही एकमात्र रास्ता है। बकौल सुश्री कौर, ''यह एक बहुत प्रचलित गलत धारणा है कि वसा खाने से वजन बढ़ता है, जबकि, यह सच नहीं है। वसा में कोलेस्ट्रॉल होता है, जो शरीर में हार्मोन परिवहन, पित्त पाचन, और वसा में घुलनशील विटामिन जैसे विटामिन ए, ई, और के के अवशोषण के साथ-साथ सुंदर त्वचा के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक होता है।''

हमें नारियल या तैलीय भोजन का सेवन नहीं करने के लिए कहा गया है, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह असंतृप्त वसा है, न कि संतृप्त वसा, जोकि हमारी त्वचा की उम्र का कारण बनती है। इसके अलावा, कम से कम नमक का सेवन करने के साथ-साथ प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट और अत्यधिक वसा से बचना चाहिए।

कौर कहती हैं, ''संतृप्त वसा पर ध्यान दें, जिसे चमकदार त्वचा के लिए घी, नारियल, काजू, पिस्ता और अखरोट जैसे खाद्य पदार्थों व कद्दू, सूरजमुखी और तिल जैसे बीजों में पाया जा सकता है।'' नतीजतन, वसा, सामान्य रूप से, आपकी दुश्मन नहीं है, और अच्छी वसा वो हैं जिन्हें आपको अपने आहार में युवा, स्वस्थ त्वचा के लिए शामिल करने की आवश्यकता है, भले ही आप बड़े होते जाएं।

**विटामिन ए का अपना उपचार प्राप्त करें -** विटामिन ए उम्र बढ़ने की प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें प्रतिरक्षा समारोह व ऑक्सीडेटिव प्रक्रियाएं, साथ ही साथ कोलेजन उत्पादन भी शामिल है। यह दिखाया गया है कि विटामिन ए की कमी दृष्टि को प्रभावित करती है और त्वचा की असामान्यताओं का कारण बनती है।

नतीजतन, यदि आपने विटामिन ए पर ध्यान नहीं दिया, तो अब समय आ गया है। हालांकि, कौर का सुझाव है कि विटामिन ए को उसके सक्रिय रूप में प्राप्त करना - जिसे रेटिनॉल (बीटे) के रूप में जाना जाता है - सबसे अच्छा है। इसका मतलब यह है कि यदि आप गाजर खाते हैं, उदाहरण के लिए, और वे अच्छी तरह से अवशोषित नहीं होते हैं, तो यह व्यर्थ है, क्योंकि हमारी कोशिका झिल्ली की मुख्य परत, काफी हद तक विटामिन ए से बनी होती है। वह कहती हैं कि अंडे, मछली का तेल, दूध और दही हमारी उम्र के साथ त्वचा में कसाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**भरपूर विटामिन ई लें-** जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम सभी को विटामिन ई की आवश्यकता का एहसास होता है, और हम इसे अपने भोजन के जरिए या विटामिन ई कैप्सूल के माध्यम से प्राकृतिक रूप से प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। कौर का



कहना है, ''प्राकृतिक विटामिन ई यौगिक कोलेजन क्रॉसलिंकिंग और लिपिड पेरोक्सीडेशन को रोकने में मदद कर सकती है, दोनों त्वचा की उम्र बढ़ने से संबंधित हैं।''

खूबसूरत त्वचा के लिए आप एलोवेरा जेल में विटामिन ई कैप्सूल मिलाकर दिन में एक बार इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगाकर सीधे विटामिन ई प्राप्त कर सकते हैं। नहीं तो नट और बीजों में भी विटामिन ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है; विशेष रूप से बादाम, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, कद्दू, या पालक और चुकंदर का साग जैसी सब्जियां।

**विटामिन बी3 (नियासिन) की खपत की जांच करें-** कौर कहती हैं, ''जिन लोगों में विटामिन बी 3 की कमी होती है, वे पेलाग्रा से पीड़ित होते हैं, जो रंजकता, त्वचा का सूखापन, पीली या पपड़ीदार त्वचा का कारण बन सकता है। विटामिन बी 3 की कमी का मुख्य कारण समस्त बी विटामिन का अपर्याप्त अवशोषण है, जो कि परिष्कृत खाद्य पदार्थों, जैसे कि आयोडीन युक्त नमक, चीनी, व वनस्पति तथा पॉम ऑयल जैसे फ़िल्टर्ड तेलों के अत्यधिक सेवन के कारण होता है।'' इसलिए, कार्बनिक या हस्तनिर्मित विकल्पों, जैसे कि सॉल्ट रॉक या ब्राउन शुगर के लिए प्राथमिकता में रीफाइन्ड व फ़िल्टर किए गए खाद्य पदार्थों से दूर रहें।

**ऐज को अस्वीकार करें-** अगर आप शान से उम्र बढ़ाना चाहते हैं तो जितना हो सके ऐज से बचें। नहीं, इसका मतलब यह नहीं है कि पिछली उम्र में बने रहने के लिए अपना जन्मदिन न मनाएं। ऐज उन्नत ग्लाइकेशन युक्त उत्पादों के साथ होती है, जो खपत होने पर हमारे शरीर में एक चिपचिपा पदार्थ बनाते हैं जो हमारी कोशिकाओं में हस्तक्षेप करता है और हमारी त्वचा को ढीला कर देता है और झुर्रियां बनाता है।

कौर बताती हैं, ''जब हम चीनी या वसायुक्त प्रोटीन का सेवन करते हैं, तो ऐज् उत्पन्न होता है, जो प्रोटीन का सेवन करने का स्वास्थ्यप्रद तरीका नहीं है। उदाहरण के लिए, केक जैसे बेकरी खाद्य पदार्थों में अंडे (प्रोटीन) के साथ-साथ चीनी भी होती है, जो आदर्श नहीं है, या यहां तक कि अंडे या किसी भी प्रकार के प्रोटीन के साथ मेयोनेज़ व पनीर की वस्तुओं की भी सिफारिश नहीं की जाती है।'' इस प्रकार, जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, अपनी त्वचा को टाइट और झुर्रियों से मुक्त रखने के लिए बेकरी आइटम, खूब तले हुए खाद्य पदार्थ व प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से बचने की कोशिश करें।

संक्षेप में, स्वस्थ बुढ़ापे के कुछ सबसे महत्वपूर्ण पहलू आपके नियंत्रण में हैं। रक्तचाप को लक्षित रखें, अपने कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करें, स्वस्थ भोजन करें, नियमित रूप से व्यायाम करें, संतुलित मात्रा में शराब पीएं और अपनी युवावस्था को बढ़ाने के लिए धूम्रपान से बचें।

## विचित्र कथा

# बालों के लिए संतरे के छिलकों का ऐसे करें इस्तेमाल



संतरा सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें फाइबर, विटामिन और एंटी ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो सेहत के साथ स्किन और बालों के लिए भी फायदेमंद है। संतरे के छिलके का इस्तेमाल कर आप स्कैल्प संबंधी समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। आइए जानते हैं, बालों पर संतरे के छिलके का इस्तेमाल कैसे करें।

सर्दियों में डैंड्रफ की समस्या से परेशान रहते हैं, तो संतरे के छिलका का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे के छिलके को सूखा लें, इसका पाउडर बना लें। इसमें एक-दो चम्मच नारियल तेल, एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिलाएं। इस पैक को बालों पर लगाएं, 30 मिनट बाद पानी से धो लें। हफ्ते में इस पैक का इस्तेमाल 2-3 बार कर सकते हैं।

**हेयर कंडीशनर के रूप में करें इस्तेमाल :** संतरा विटामिन-ई और एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए कंडीशनर के तौर पर भी कर सकते हैं। इसके लिए संतरे के छिलकों के पाउडर में शहद मिलाएं, फिर इस पेस्ट को बालों पर लगाएं। करीब 30 मिनट बाद पानी से धो लें। संतरे के छिलकों में विटामिन-सी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो बालों को सिल्की, शाइनी और मजबूत बनाने में मदद करता है। यह बालों को नमी प्रदान करता है। अगर आप रूखे और बेजान बालों से परेशान हैं, तो संतरे का हेयर पैक जरूर ट्राई करें।

# सबके कल्याण के लिए

डेरा सच्चा सौदा का स्थापना दिवस 29 अप्रैल को पड़ता है और पूरे महीने भारत व विदेशों में विभिन्न स्थानों पर भंडारे के रूप में मनाया जाता है। हाल ही में, इस अवसर को धूमधाम व उल्लास के साथ मनाने के लिए संप्रदाय के अनुयायी बड़ी संख्या में नई दिल्ली के मनोरंजन परिसर, तुगलकाबाद में एकत्रित हुए।

यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा के कोरस के साथ आरंभ हुआ, जो उनके गुरु के प्रति कृतज्ञता का मंत्र है। जो कि नामचर्चा शुरू करने के लिए, श्रद्धेय गुरु जी की स्तुति में भक्तों द्वारा गाए गए भजनों का एक मिश्रण है।

जनसभा को संबोधित करते हुए जिम्मेदार सेवादारों (स्वयंसेवकों) ने कहा कि गुरुजी संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसान ने हमेशा समाज के लिए अच्छा काम किया है और इन्हीं मूल्यों को अपने अनुयायियों में स्थापित किया है। उनकी शिक्षाओं के कारण ही डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने समाज कल्याण के 138 कार्य हाथ में लिए हैं।

# प्रतिबद्धता कठिन है, मगर फलदायी है- अनुपमा दीदी




मुझे पहला अस्थमा अटैक 1988 में ग्रेजुएशन के ठीक बाद हुआ था। वो मेरे जीवन का अब तक का सबसे कठिन दौर था। एक समय में, मैंने स्टेरॉयड व कई अन्य दवाओं के बिना सामान्य जीवन जीने की सारी उम्मीदें छोड़ दी थीं। लेकिन सौभाग्य से, यह समय व जीवनशैली में मामूली बदलाव के साथ बेहतर होता गया। हालांकि, 1993 में मेरी शादी के बाद, शायद प्रदूषण के कारण, यह फिर से उभर गया, और इस बार घटना अधिक आवृत्ति वाली और तीव्र थी। इतना ही नहीं, मेरे लिए 50 मीटर की दूरी तक भी जबरदस्त हांफे बिना चलना बहुत कठिन था।

भारतीय सेना के अधिकारियों की बेटी और पत्नी होने के नाते, मैंने इस मामले को अपने हाथ में लेने का फैसला किया। छह महीने के प्रतिदिन जबरदस्त सांस संबंधी व्यायामों और तैराकी, का नतीजा यह हुआ कि मेरे फेफड़ों पर दमा की पकड़ ढीली हो गई। 2015 में, मैंने अपना पहला हाफ़मैराथन दौड़ा। फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। मेरी चुनौतियां मेरी उपलब्धियां बन गईं। अपनी स्वर्ण जयंती मनाने के लिए, मैंने एक स्कूबा डाइविंग कोर्स पूरा किया, समुद्र तल से 20 मीटर नीचे चली गयी, और एक अविश्वसनीय जलीय जीवन के साथ तैराकी की।

तीव्र अस्थमा के इतिहास वाली 50 वर्षीय महिला के लिए यह एक असाधारण उत्सव था। मैं कुछ ऐसा करना चाहती था जो न केवल मेरे जीवन में मील का पत्थर बने बल्कि मेरे जैसे लोगों को भी प्रेरित करे। मैंने पहाड़ पर चढ़ने और समुद्र में गहरे गोता लगाने का फैसला किया।

देव आनंद की फिल्म हम दोनों का मेरा पसंदीदा गाना, मैं जिंदगी का साथ निभाना चला गया, मेरे जीवन के दर्शन को बयां करता है। मैं सभी को बताना चाहती हूं कि यह सब दिमाग को वरियता देने का मामला है। 50 से अधिक वर्षों में अगर मैं मामूली जीवनशैली में बदलाव और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता रखकर अस्थमा को हरा सकती हूं, तो कोई भी कर सकता है!

**-लेखक लेट्स एडूवेट (ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल का हिस्सा) में बी-टू-बी ट्रेनिंग हेड हैं।**

# बदलना आसान नहीं था



ज़ी टीवी अपने दर्शकों के लिए एक नया फिक्शन पेश करने के लिए तैयार है - प्यार का पहला नाम राधा मोहन, आधुनिक वृंदावन पर आधारित एक परिपक्व रोमांस। यह शो हर किसी को मोहन की दिलचस्प यात्रा पर ले जाएगा, जो कभी आकर्षण होता था - यानी एक ऐसा व्यक्ति जो हर किसी को अपने इर्द-गिर्द झूमने पर मजबूर कर देता। लेकिन किसी रूप में उसने अपना आकर्षण खो दिया है। वह एक तीव्र, चिन्तित व्यक्ति के रूप में बदल गया है जिसकी आंखों में दुख है। वास्तव में, मोहन अपने चारों ओर एक अदृश्य दीवार रखता है और किसी को भी अंदर नहीं जाने देता है। एकमात्र व्यक्ति जिससे वह जुड़ा हुआ है, वह उसकी मां है, जिसे वह आंख बंद करके प्यार करता है।

# इसीलिए होते हैं दोस्त

''एजाज़ घर में एकमात्र व्यक्तित्व है, जो मुझे लगता है कि शो जीतने का हकदार है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वह असली है और शो में दिखावा या नकली नहीं है'', सुहैल अहमद कहते हैं, जो एजाज खान के दोस्त हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि उनका दोस्त, खान, जो चार फाइनलिस्टों में से एक है, विजेता होगा।

अहमद जो अपने प्रिय मित्र के बारे में सकारात्मक सोचते हैं, वह उनका चरित्र है, जो बहुत गतिशील है और घर के सभी प्रतियोगियों को अच्छा समय देता है। ''उन्होंने अपने सभी पक्षों को दिखाया है - मजाकिया, रोमांटिक और देखभाल करने वाला। और उसका गुस्सा पक्ष भी। इन सभी दिनों में, उन्होंने एक स्टैंड लिया है, दर्शकों का मनोरंजन किया है और कई कार्यों में अपने भावनात्मक पक्ष दिखाए हैं'', अहमद कहते हैं।



# पार्टी को विधानसभा में मजबूत करने में नवागढ़ मण्डल ने सम्भाली बागडोर: ओमप्रकाश जोशी

### भाजपा नवागढ़ मंडल कार्यालय उद्घाटन में जुटे पुराने दिग्गज नेतागण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जय श्री राम और भारत माता के जयकारों की गूंज के बीच में भाजपा नवागढ़ मण्डल कार्यालय का उद्घाटन गणतंत्र दिवस की शाम को हुआ। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने नवागढ़ मण्डल पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने भाजपा नवागढ़ के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मण्डल कार्यालय की बधाई दी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मण्डल अध्यक्ष त्रिलोक साहू ने की। साथ में जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेन्द्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भित्तूराम साहू, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, नरेंद्र शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मिलाप साहू, दुर्गा सोनी, प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग होरिलाल सिन्हा सहित विधानसभा के जनसंघ के जमाने के पुराने दिग्गज नेतागण व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकस्वर में भारत माता की आरती भी की। जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि हम जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए मण्डल स्तर पर भी पार्टी कार्यालय महत्व है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं है इस कार्यालय में कार्यकर्ता अपने खून, पसीने जी जान अपने विचार से पार्टी आगे बढ़ेगी। कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करता है। यह हमारा मंदिर है। भाजपा किसी एक व्यक्ति या परिवार के हिसाब से नहीं, बल्कि एक सिद्धांत के हिसाब से चलता है। भाजपा का बहुत लंबा इतिहास है। उन्होंने कहा कि पूरे बेमेतरा जिले में नवागढ़ विधानसभा कार्यकर्ताओं की दृष्टि से सबसे मजबूत खड़ा नजर आता है कहीं ना कहीं इसमें नवागढ़ मुख्यालय होने के नाते नवागढ़ मंडल का किरदार बहुत महत्वपूर्ण है। जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि भाजपा के लिए आज आज का दिन शुभ है। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ता के आधार पर चलती है न कि किसी व्यक्ति विशेष, भाजपा संगठन के आधार पर चलती है, भाजपा ही एक लोकतांत्रिक पार्टी है। कार्यकर्ताओं के लिए यह कार्यालय बनाया गया है। दीवान ने कहा कि नवागढ़ मंडल की बदौलत आज पूरे विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का बोलबाला है।क्षेत्र के कोई भी गांव या शहर के वार्ड में कांग्रेस के कार्यकर्ता ढूंढने पर नजर नहीं आते है। नवागढ़ के विधायक गुरुदयाल बंजारे के पास कार्यकर्ताओं का सूखा पड़ा हुआ है, केवल ठेकेदारों उपस्थिति होती है। जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि नवागढ़ मण्डल की एक खासियत है कि यहाँ के कार्यकर्ता बहुत सक्रिय एवं उर्जावान है। लगातार बैठकें एवं कार्यक्रम होते रहते है। हम सामूहिकता में विश्वास रखते हैं। इस कार्यालय से पूरे मण्डल में कार्यकर्ताओं को बल मिलेगा। मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने कहा कि विगत 4 साल से विपक्ष में मंडल के कार्यकर्ता निरंतर कार्य कर रहे हैं। लगातार बैठकों के लिए अलग-अलग भवनों को किराए पर लेना पड़ता था। सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि मण्डल मुख्यालय में कार्यालय बनाया जाए,जहां हमारे ग्रामीण अंचल के आने वाले कार्यकर्ताओं को बैठने के लिए स्थाई स्थान मिले। इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावन्त धर बांधे व जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे, पूर्व जनपद सदस्य नेमिराज सोनवानी, सुशील बनर्जी, गुरमुख भार्गव, संचालनकर्ता टीकम गोस्वामी, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, रामसागर साहू, मनी साहू, रोहित साहू, सुरेश निषाद, फुलचंद साहू, दुर्जन साहू, विनोद साहू, महेश टण्डन, गोलू सिन्हा, रम्पल टुटेजा, बिनो सोनकर, खेमिन बाई, अश्वनी साहू, गजेंद्र साहू, कुलेश्वर सिन्हा, तनु दीवान,मनीष सेन, राजा खान, छन्नू सोनी, हरभजन टुटेजा, त्रिलोक साहू, काल्विन जोशी, संजू राजपूत, रामकिशुन साहू, तोपसिंग साहू, बाबूलाल रजक, संदीप वैष्णव, वीरेन्द्र घृतलहरे, जितेंद्र मात्रे,राजा, जित्ते, राजू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जब घर के खपरे बदलने को पैसे नही थे तब ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास बना सहारा: अमरौतिन बाई

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



ग्रामीण महिला जिसके पास अपने घर के खपरे बदलवाने के लिये पैसे नहीं थे आज उसके पास अपना पक्का मकान है जो संभव हुआ है प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से। अमरौतिन बाई अपने पति एवं दो बच्चे के साथ खुशहाली और आनंद के साथ अपने नए आवास में रह रही है। कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत घोठिया, ग्राम झलका में निवासरत अमरौतिन बाई की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। मजदूरी करके जैसे-तैसे अपने परिवार का गुजारा कर रही थी, वह चाहती थी कि उनका घर जो कच्चा है, उसको पक्की छत वाला बनाया जाए। लेकिन उनके पास इतने पैसे भी नहीं थे कि वह टूटे-फूटे खपरों को बदला सके। इस समस्या से जूझती हुई वह अपनी जिंदगी बसर कर रही थी। उसने कभी नहीं सोचा था कि वह कभी पक्के मकान में रह पाएंगी, लेकिन कहते हैं कि जहां चाह है वहां राह है और अमरौतिन बाई के लिए यह राह आसान बनाई प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ने। अमरौतिन बाई अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताई कि ''हमन वो ग्राम सभा ला कभी नहीं भुलबो जेमे हमर नाम ला प्रधानमंत्री आवास योजना मा जोड़े गिस। एखर सेती हमर घर बनाए के सपना हा पूरा होइस।'' आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 में अमरौतिन बाई का नाम पात्रता की सूची मे शामिल था। आर्थिक स्थिति को देखकर ग्राम सभा ने इनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर लाभांवित करने का फैसला किया। उनको वर्ष 2019-20 में आवास निर्माण के लिए योजनांतर्गत 1 लाख 30 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। एक-एक किस्त बैंक के खाते में आता गया और मकान बनकर तैयार हो गया। अमरौतिन बाई को एक ओर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से मकान का लाभ मिला तो दूसरी ओर अन्य योजनाओं के अभिसरण से लाभान्वित हुई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस का मजदूरी मिल गया। जीवन अब पहले से बहुत बेहतर हो गया है। अपना पक्का घर बन जाने से भविष्य की चिंता भी नहीं रही। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से स्वीकृत आवासों पर एक नजर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2016 से 20 तक कुल 41 हजार 438 आवास स्वीकृत किया गया है।

# मोर आवास मोर अधिकार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



इंदौरी मंडल के ग्राम-पंचायत मरका व आश्रित ग्राम जैजुपुरी के ग्रामवासियों के बीच कांग्रेस के भूपेश सरकार के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास से वंचित किए गरीब परिवार के अधिकार की लड़ाई के लिए जनता के बीच गाँव-गाँव में जाकर उनके साथ सहयोगी बनकर व उनके अधिकार की लड़ाई में सहभागी बने सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलकर किए गए। किस प्रकार कांग्रेस सरकार की अगुवाई वाली सरकार ने हाथ में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़वासियों से किस प्रकार से लोकलुभावन वादे कर छत्तीसगढ़ की सत्ता पर आसीन हुए हैं, अपने किए गए 36 वादों में से अभी तक इनके द्वारा एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है, वहीं दूसरी ओर केंद्र के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का भी इन्होंने बंदरबांट कर रखा है।

अनिल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2022 तक सभी को आवास देने का संकल्प था, परंतु वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से अपने ही प्रदेश के गरीब आवास इन जनता को राज्यांश की राशि रोक कर आवास से वंचित किया जा रहा है। इन सभी बातों को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव तक जाकर उन सभी प्रधानमंत्री आवास से वंचित झूठे चुनावी वादे को याद दिलाने पहुँचे मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल कुमार सिंह, इंदौरी मंडल प्रभारी व जिलाउपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर, सांसद प्रतिनिधि व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष भाजपा नीलांबर चन्द्राकर, मंडल महामंत्री विपिन तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य युवराज जयसवाल, कृतबांधा सरपंच बिहारी चन्द्राकर, प्रदीप चौहान, बाबूलाल यादव, छोटू पाली, सहित ग्रामीण उपस्तिथ थे।

# रामकुमार वर्मा चुने गए छग शालेय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ बोड़ला की ब्लाक स्तरीय बैठक ब्लाक मुख्यालय बोड़ला में आयोजित की गई। इसमें नए ब्लाक अध्यक्ष के निर्वाचन के अलावा पदोन्नति, लंबित एरियर्स राशि सहित अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संघ शिक्षकों की मांगों व समस्याओं को लेकर तत्परता से साथ कार्य कर रही है। शिक्षाकर्मी हो या फिर शिक्षक पंचायत संवर्ग के समय की बात हो हर समय हमारा संघ शिक्षकों के लिए संघर्ष किया है। प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ राज्य में शिक्षकों का सबसे विश्वसनीय संगठन है। जो शिक्षकों के हित के लिए पूरी ताकत के साथ संघर्ष करती है। इसके कई उदाहरण हैं। इसके अलावा संघ कई रचनात्मक कार्य भी करती है। संघ के जिला संगठन सचिव विष्णु कौशिक, जिला सह संगठन सचिव रवि वर्मा, जिला उप कोषाध्यक्ष सुनील माग्रे व कवर्धा ब्लाक अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी पदाधिकारियों व सदस्यों का मार्गदर्शन किया। बैठक में नए ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। ब्लाक सचिव के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रहे रामकुमार वर्मा को सर्वसम्मति से निर्विरोध नया ब्लाक अध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने कहा कि संघ ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उसका मैं ईमानदारी के साथ निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। शिक्षकों के हित के लिए सदैव संघर्षरत रहूंगा। शीघ्र ही नई ब्लाक कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया जाएगा। इसमें सक्रिय व ऊर्जावान शिक्षकों को स्थान दिया जाएगा। लंबित एरियर्स राशि सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर आने वाले समय में ज्ञापन व धरना-प्रदर्शन किए जाने की योजना बनाई गई।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर 26 जनवरी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कर फव्वारा चौक तक बाइक रैली निकाली गई। उसके पश्चात फव्वारा चौक से पदयात्रा करते हुए गुप्ता चौक, सब्जी बाजार होते हुए बस स्टैंड रोड होते हुए फव्वारा चौक में ही हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश व जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मंडल/ सेक्टर/ बूथ कमेटी के पदाधिकारी, पार्षद, एल्डरमैन, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस मोर्चा संगठन एससी, एसटी ओबीसी, इंटक, अल्पसंख्यक, खेल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, राजीव गांधी युवा मितान क्लब के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## स्वामी स्वरूपानंद का छत्तीसगढ़ के प्रथम शिष्य के यहां पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मघ शुक्ल पक्ष 6 को ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के छत्तीसगढ़ के प्रथम शिष्य यहां गृह प्रवेश करने पहुंचे पूज्यपाद अनंत श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सर्व प्रथम प्रवेश करते हुए तुलसी चौरा में तुलसी वृक्ष का पौधा लगाकर प्रवेश द्वार में गणेश भगवान की स्थापना कर द्विवेदी परिवार के माता लक्ष्मी बाई उपमन्यु द्विवेदी श्रीनिवास द्विवेदी हर्षित अर्पित आश्री द्विवेदी को गृह प्रवेश कराया उपरांत परिवार के द्वारा पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया पूजन उपरांत शंकराचार्य द्वारा प्रसाद वितरण कर पूरे घर का अवलोकन करते हुए द्विवेदी परिवार को आश्वस्त किया कि हम जब भी आपके द्वारा याद किया जाएगे। हम आपके घर में आते रहेंगे पूजन के समय ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयनंद परिवार के दुर्गा नंदनी द्विवेदी आरती द्विवेदी पूजन के समय वार्ड के आम नागरिक आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण करते रहे।

## अनेकता में एकता ही इस देश की शान है इसलिए मेरा भारत महान: विक्रम धुर्वे

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



26 जनवरी को छत्तीसगढ़ ड्राइवर संघ भानुप्रतापपुर के द्वारा मनकुंवर चौक डौंडी संस्था के मुख्य कार्यालय में राष्ट्र के संविधान के सम्मान में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी व भारत माता की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। विक्रम धुर्वे ने कहा की पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था। यह वो दिन था जब से हम कहने लगे कि हम भारतवासियों का अपना संविधान व कानून है और हमें ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिल गई है। साथियों यह संविधान ही है जो भारत के नागरिकों के एक सूत्र में बांधे रखता है इसलिए यह दिन हमारे लिए बेहद खास है। इस दिन देश के लिए मर मिटने वाले भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया जाता है एवं उन्हें सच्चे मन से श्रद्धांजली दी जाती है। इस दौरान ड्राइवर संघ भानुप्रतापपुर अध्यक्ष रोहित कुमार, संचालक रूम लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम, भागवत, सुखदेव जगदीश, आजाद, भागीरथी, राम भूलेख, विजय यादव, सोमेश्वर विजय, हेमलाल, लाल सिंह, गजेंद्र कृष्णा शर्मा ,अमर विश्वकर्मा खिलावन साहू , गुलशन साहू खिलेश्वर ,लेखराम ,रोशन साहू रमनलाल व मनकुंवर चौक के सभी ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दल्लीराजहरा में दूसरी बार फ्री एंटी रेबीज टीकाकरण कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पशु कल्याण पखवाड़ा माह के तहत डॉग लवर्स एसोसिएशन, दल्ली राजहरा नगर पालिका परिषद, एवं पशु विकास विभाग जिला बालोद के सौजन्य से कुत्तों एवं बिल्लियों में होने वाली रेबीज बीमारी की रोकथाम के लिए फ्री एंटी रेबीज टीकाकरण आयोजन दिनांक 29 जनवरी को सुबह 9:00 से दोपहर 1:00 बजे तक जलाराम वाटिका प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉग्स में होने वाली बीमारियों के संबंध में जानकारी एवं सही रख रखाव और खान पान संबंधित जानकारी पशु कल्याण विभाग बालोद जिले से आए हुए अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम के द्वारा दी जाएगी। अतः नगर वासियों से निवेदन है वे अपने पालतू कुत्ते, बिल्ली तथा आसपास के देसी डॉग जिनसे उनका लगाव हो जो किसी को नुकसान ना पहुंचा है उनको लेकर कैंप में आकर फ्री रेबीज टीकाकरण करवाएं । पालतू कुत्ते, बिल्लियों को अपने-अपने मालिकों द्वारा संभाला जाएगा किसी भी हानि के जवाबदार वह खुद होंगे इसके लिए डॉग लवर्स एसोसिएशन कोई जवाबदार नहीं होगा अधिक जानकारी के लिए और पंजीयन के लिए आप सभी संपर्क कर सकते है।

### ग्रामीण ने कहा कि गिट्टी खदान की अत्यधिक खनन से गांव में पानी की कमी

# भलपहरी गिट्टी खदान बंद करने ग्रामीण एवं जोगी कांग्रेस ने ग्रामसभा का प्रस्ताव लेकर ज्ञापन सौंपा

### ग्रामीणों ने कहा कि यदि खदान बंद नहीं होता है तो ग्रामीण आंदोलन के लिए होंगे मजबूर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



बोड़ला ब्लॉक के भलपहरी में खदान को बंद कराने के लिए ग्रामीण एवं जोगी कांग्रेस ने ग्रामसभा का प्रस्ताव लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि खदान में अत्यधिक खनन से गांव में पानी की समस्या हो जाती है। गांव के बोर ,तालाब सुख जाते है गांव का वाटर लेवल कम हो गया है। पूर्व में ब्लॉस्ट की वजह से घर में दरारें भी पड़ गयी थी। यदि खदान बंद नही किया गया तो भविष्य में पानी की समस्या सहित अन्य समस्याओं का सामना ग्रामीणों को करना पड़ेगा। ये सभी बातें मंत्री अकबर जी को बताया गया था जिन्होंने ग्रामसभा करके ,ग्रामसभा प्रस्ताव देने कहा था। अब उम्मीद है किसानों की ग्रामीणों की समस्या समझते हुए खदान बंद किया जाएगा ।यदि खदान बंद नहीं हुआ तो ग्रामीण आन्दोलन के लिए मजबूर होंगे ।ज्ञापन के दौरान रूपसिंह धुर्वे ,तुकाराम ,बजरहा ,रहीस यदु, मेलु ,गुनिराम ,देवेंद्र ,राजाराम ,सनत ,सुरेश ,जयराम ,अंजोरी ,नीलकंठ ,भरवा,शिवदयाल ,साधुराम ,भानु ,पन्ना ,सूखे, अमृत, रहमान अनेक ,गोपी ,दीनू ,अर्जुन ,बिहारी पटेल ,दिनेश झारिया ,जेडी ,रंजीत, चेतन ,गजेंद्र सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

अवैध खनन को हुई शिकायत - जोगी कांग्रेस ने भी खदान बंद करने और अवैध खनन की शिकायत कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से किया है। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि भलपहरी खदान में जिस खदान की लीज 2020 में समाप्त हो गयी थी वहां लगातार दो वर्षो से अवैध खनन कर गिट्टी का दोहन किया गया ,जिससे लाखो रुपए राजस्व की हानि हुई है उक्त मामले पर भी कार्यवाही करने के लिए जिलाधीश को कहा गया है । जिला में अवैध खनन के जांच के लिए जोगी कांग्रेस ने बनाया जांच दल - जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि जिस तरीके से भलपहरी में शासन प्रशासन को गुमराह कर दो दो वर्ष से अवैध खनन किया गया है जिसमे सम्बंधित विभाग (पर्यावरण विभाग ,खनिज विभाग ) की कार्यशैली में सवाल है ,शासन प्रशासन की सलिप्तता नजर आती है इस वजह से जिला के समस्त खनन क्षेत्र में जांच के लिए जोगी कांग्रेस की जांच दल बनायी जाएगी जो सम्बंधित गांव जाएगी वहां खनन क्षेत्र और ग्रामीणों से बात कर रिपोर्ट शासन प्रशासन को सौंपेगी ।

## कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम पंचायत दशरगपुर एवं मजगांव में प्रगतिरत रीपा के कार्यो का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरंगपुर एवं मजगांव में प्रगतिरत रीपा के कार्यों और मंजगांव के गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने भी कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत मजगांव में प्रगतिरत महात्मा गांधी ग्रामीण अद्योगिक पार्क का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण अद्योगिक पार्क में प्रस्तावित एसएसजी के लिए फ्लाई ब्रिक्स, वॉटर प्लांट, पेपर कप, शेड निर्माण 26 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए और मशीनों की स्थापना 15 मार्च से पहले करकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इससे पहले चयनित समूहों को उनके चयनित कार्य प्रवृत्ति के आधार पर प्रशिक्षित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने मंजगांव के गौठान का निरीक्षण करते हुए वहां संचालित अलग-अलग गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने समूह द्वारा तैयार की जा रही जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट की जानकारी ली। उन्होंने वर्मी खाद की छनाई कर पैकेजिंग कर सोसायटी में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएचजी के मांग पर सामुदायिक बाड़ी जाने के लिए रोड़ एवं शेड निर्माण का तत्काल इस्टिमेट तैयार करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने मंजगांव गौठान में पर्याप्त मात्रा में गोबर की खरीदी को देखते हुए समूह की गतिविधियों को बढ़ावा देने गोबर से निर्मित होने वाले पेंट की यूनिट हेतु प्राक्कलन तैयार करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पचांयत दशरंगपुर में ग्रामीण अद्योगिक पार्क में प्रस्तावित एसएसजी के लिए फ्लाई ब्रिक्स, राइस वैल्यू, फ्रेब्रिकेशन शेड निर्माण 15 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए और मशीनों की स्थापना 1 मार्च से पहले करकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# चिटफंड मामला: सक्ति जिले में चिटफंड निवेशकों का पैसा होंगा वापस, एडिशनल एसपी गायत्री सिंह ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती (जेठा) में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के द्वारा चिटफंड कंपनी में निवेशको की पैसा वापस दिलाने के लिए एजेन्टों एवं निवेशकों की बैठक लिया गया। बैठक में एजेन्ट एवं निवेशक काफी संख्या में उपस्थित थे। चिटफंड कंपनी के डायरेक्टरों की अचल संपत्ति कहाँ-कहाँ है एजेन्टों से पता किया गया। एजेन्टों द्वारा डायरेक्टरों की अचल संपत्ति की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने बताया गया। डायरेक्टरों की अचल संपत्ति को चिन्हाकिंत कर निवेशकों की रकम वापसी के संबंध में चर्चा किया गया,निवेशको को बॉड पेपर छायाप्रति एवं आवेदन जमा करने निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल मरकाम जिला महामंत्री विष्णु पटेल, जिला उपाध्यक्ष नेहरू पटेल, जिला सहसचिव बुधराम पटेल, जिला कोषाध्यक्ष समारू राम साहू जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वसंती देवी, जिला भीडीया प्रभारी गंगा प्रसाद सोनवानी जिला संरक्षक रामभरोस गवेल तथा लगभग 40 निवेशक एवं अभिकर्तागण उपस्थित रहे। निवेशको के पैसा वापसी के संबंध में हर संभव प्रयास किया जा रहा है।



### जिला सक्ती पुलिस के अंतर्गत मालखरौदा थाने की कार्यवाही

अवैध देशी शराब बिकी हेतु अपने कब्जे में रखने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में थाना मालखरौदा की कार्यवाही हुई है,आरोपी के विरुध्द थाना मालखरौदा में अप क. 29/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबध्द हुआ है,पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से.) के द्वारा जिला में अवैध रूप से शराब के बिकी एवं तस्करी की रोकथाम के लिए निर्देश दिये गये है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मुखबीर सूचना पर अवैध शराब रेड कार्यवाही हेतु ग्राम किरारी किरकार नाला पुल में नाकाबंदी कर आरोपी श्याम लाल लहरे पिता सुखलाल लहरे उम्र 36 साल सकिन किरारी थाना मालखरौदा को 80 पाव देशी शराब कीमती 6400रु. के साथ पकड़ा गया, आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने व आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया,आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक ललित चन्द्रा के मार्गदर्शन में सउनि जन्मेजय वर्मा, आरक्षक दीपेंद्र मधुकर, शनि जोशी, राजू खुंटे का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला सक्ती पुलिस के मालखरौदा थाना अंतर्गत अवैध शराब बिक्री करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सक्ति।** अवैध अंग्रेजी शराब बिकी हेतु अपने कब्जे में रखने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में थाना मालखरौदा की कार्यवाही हुई है,आरोपी के विरुध्द थाना मालखरौदा में अप क. 29/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबध्द किया गया है,पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से.) के द्वारा जिला में अवैध रूप से शराब के बिकी एवं तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी निर्देश दिये गये है, मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मुखबीर सूचना पर अवैध शराब रेड कार्यवाही हेतु ग्राम कलमी में नाकाबंदी कर आरोपी पारसमणी साहू पिता स्व. लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 23 वर्ष साकिन कलमी थाना मालखरौदा को 29 पाव अंग्रेजी शराब कीमती 4680रु. चद्द साथ पकड़ा गया,आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने व आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया,आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक ललित चन्द्रा के मार्गदर्शन में सउनि सुकुल सिंहसिदार, आरक्षक शत्रुधन जांगड़े, शनि जोशी, राजू खुंटे, डमरुधर गबेल, रामाधार रात्रे, संदीप नाग का सराहनीय योगदान रहा।



## रिसोर्ट के संचालक ईश्वर लोधी को ग्रैंड ओपनिंग सेरिमनी में पहुंचकर दी बधाई

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के स्थानीय विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने शक्ति शहर के बगबुड़वा में नगर पालिका के पार्षद एवं वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर लोधी द्वारा स्थापित बासु रिसोर्ट एवं सृष्टि रेस्टोरेंट के ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी समारोह में जांच कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी,इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश ने कहा कि शक्ति शहर में जिला बनने के बाद लोगों के लिए बड़े आयोजनों के लिए एक अच्छे भवन एवं रिसोर्ट की आवश्यकता महसूस हो रही थी जो कि इस रिसॉर्ट की स्थापना से दूर होगी वही ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी के अवसर पर लोगों ने संचालक लोधी को बधाई दी है, इस अवसर पर पूर्व पार्षद संतोष सोनी लाला, संतोष जायसवाल, राजेश सोनी राजू, लव सोनी, सुभाष देवांगन,विमल हाजरा, विक्की तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा में गणतंत्र दिवस के साथ बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com

स्थानीय आइसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा में 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया साथ ही बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती जी की पूजन विधि विधान से किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्र ध्वज और भारत माता का वंदन कर प्रेस क्लब चांपा के संरक्षक एवम् अनुशासन समिति प्रभारी भृगुनंदन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रेस क्लब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा एवम मीडिया प्रभारी संतोष देवांगन के विशिष्ठ आतिथ्य में तिरंगा फ्हराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान और भारत माता की जय, वंदे मातरम् जय हिन्द का उदघोष हुआ बसंत पंचमी के सुअवसर पर मां सरस्वती जी की पूजन, आरती और वंदना किया गया और मां शारदे को नमन करते भोग प्रसाद लगाया गया। तत्पश्चात अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत सत्कार



संस्था प्रमुख मूलचंद गुप्ता के द्वारा किया गया। गुप्ता अपने स्वागत उद्बोधन में मनचस्थ अतिथियों, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा उपस्थित विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान की व्याख्या की और बसंत पंचमी की बधाई देते हुए सभी के लिए मां सरस्वती से आशीर्वाद मांगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा ने संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को देश, प्रदेश तथा नगर की विभिन्न ऐतिहासिक जानकारियां साझा की। प्रेस क्लब के संरक्षक भृगुनंदन शर्मा ने मां शारदे को प्रणाम करते हुए इस राष्ट्रीय पर्व पर उपस्थित विद्यार्थियों को बधाई दी। और कहा कि यह गणतंत्र दिवस आज दोहरी खुशियां लेकर आई है और आज हम एक साथ गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा उत्सव मना रहे हैं। अंत में कॉलेज की शिक्षिका ज्वाला यादव ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को समारोह की बधाई दी। और इस आयोजन में पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रेस क्लब चांपा के सदस्यता प्रभारी शैलेश शर्मा, प्रेस क्लब चांपा के कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, ईश्वर देवांगन, आकाश केसरवानी, जयंत सूर्यवंशी, प्रदीप सूर्यवंशी, लोकेश साहू, विभोर गुप्ता, समीक्षा कोशले, मेघा पटेल, साक्षी पटेल, सीतु साहू, शोभा सिदार, भावना सोनी, प्रतिभा साहू, रुखसार बेगम, ईश्वरी यादव, पूजा महंत, शोभा देवांगन एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अभिषेक आत्महत्या मामले में परिजनों ने किया पुलिस थाने का घेराव

### उच्चाधिकारियों से भी चर्चा कर मामले में कार्रवाई करने की परी मांग

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ शहर के जयस्तंभ चैक निवासी समाजसेवी गणेश नरेडी के सुपुत्र अभिषेक सूरज नरेडी के आत्महत्या के मामले के 13 दिन व्यतीत हो जाने के बावजूद मृतक अभिषेक द्वारा सुसाइड नोट में किए गए ज़िक्र के संबंध में पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की आगे की कार्रवाई न किए जाने के विरोध में 28 जनवरी को अभिषेक के परिजनों के साथ प्रदेश स्तर के सामाजिक पदाधिकारियों ने पुलिस थाने का घेराव किया, साथ ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रभात पटेल व थाना प्रभारी सुरेन्द्र स्वर्णकार से भेंटकर मृतक के सुसाइट नोट में दिये गये तथ्य के आधार पर



अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है, 28 जनवरी को डोंगरगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, छग युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक एवं पूर्व डायरेक्टर कृषि बीज निगम हरिवल्लभ अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल, प्रदेश पदाधिकारी विनोद अग्रवाल ने मृतक अभिषेक सूरज नरेडी के घर जाकर उनके पिता गणेश नरेडी से मुलाकात की, इस दौरान मृतक के परिजनों ने पदाधिकारियों को बताया कि सूरज नरेडी के आत्महत्या करने के 13 दिन बीतने के बावजूद पुलिस प्रशासन सिर्फ जांच करने की बात कहकर पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है,तथा मृतक द्वारा दिये गये सुसाइट नोट में आत्महत्या का कारण स्पष्ट लिखा गया है, साथ ही उसके भाई द्वारा जान से मारने की दी गई धमकी का भी उल्लेख है। मृतक के परिजनों ने समाज के पदाधिकारियों को बताया कि मृतक का मोबाइल भी पुलिस हिरासत में जमा है।

घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले में न तो परिजनों का बयान दर्ज किया और न ही मृतक द्वारा लिखे गये पत्र की विवेचना या मोबाइल के आधार पर कोई कार्यवाही आगे बढ़ाई थी।

## शक्ति के जे एल एन डिग्री कॉलेज का बिहानवर्षिक उत्सव 31 को, शक्ति कलेक्टर नूपुर होंगी मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के प्रतिष्ठित जे एलएन डिग्री कॉलेज का बिहान- वार्षिक उत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी 2023 को सुबह 11:00 बजे से महाविद्यालय मैदान में किया जा रहा है, उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शक्ति जिले की कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना होंगी,साथ ही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्ति जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस एमआर आहिरे, शक्ति शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष राजा धर्मेंद्र सिंह, नगर पालिका शक्ति की पार्षद सिद्धेश्वरी सिंह एवं शक्ति शिक्षण समिति के सचिव रोहिताश चंद्र दोहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे,उपरोक्त जानकारी देते हुए जेएलएन डिग्री कॉलेज शक्ति की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ



शालू पाहवा ने बताया कि महाविद्यालय में होने वाले बिहान- 2023 वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सुबह 11:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ होगा। तथा सुबह 11:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, जिसमें महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी, महाविद्यालय परिवार ने समस्त गणमान्य नागरिकों को इस वार्षिक उत्सव समारोह में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

## हसौद थाने में अवैध देशी शराब रखने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com

थाना हसौद जिला - सक्ती (छ0ग0) के अंतर्गत अपराध कमांक एक्ट में मामले में 75 पाव देशी प्लेन शराब को बिकी करने हेतु परिवहन करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,पुलिस अधीक्षक एम0आर0 अहीरे (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय चन्द्रपुर / डभरा बी. एस. खुण्टिया के द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब नियंत्रण एवं कार्यवाही करने दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था। जिस पर से थाना क्षेत्रांर्गत मुखबीर तैनात कर सक्रिय किया गया है कि जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम मल्दा का राजेन्द्र कश्यप पिता रामनाथ कश्यप एक नीला रंग के बिना नम्बर का हीरो पैशन प्रो मोटर सायकल में भारी मात्रा में बिकी करने हेतु ग्राम चिस्दा की ओर जा रहा है कि प्राप्त सूचना से वरिष्ट अधिकारी शराब लेकर को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन में ग्राम चिस्दा




में घेरा बंदी कर विधिवत रेड कार्यवाही कर आरोपी राजेन्द्र कश्यप पिता रामनाथ कश्यप उम्र 20 साल साकिन मल्दा थाना हसौद जिला सक्ती के कब्जे से कुल 75 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 6000 / रू एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त एक नीला रंग के बिना नम्बर का हीरो पैशन प्रो मोटर सायकल कीमती 50000/रू जुमला कीमती 56000/रू को जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त मामले की कार्यवाही में उप निरीक्षक नवीन पटेल, सउनि लखपति प्रधान प्र.आर. अनुप खलखो आर0 मिरीश साहू, घनश्याम टण्डन, शिवगोपाल रात्रे, बृजमोहन नेताम, घनश्याम पाण्डेय, दिगम्बर साहू का विशेष योगदान रहा है।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वारा जर्जर हो रहे भवन को पुनः सुधार कार्य, रंगरोगन करवाकर अच्छी स्थिति में लाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ बाराद्वार
www.dailypioneer.com

नगर में शासन की ओर से स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर एकमात्र सिविल डिस्पेंसरी जहां कुछ समय पहले तक विना किसी रंगरोगन तथा जर्जर स्थिति के लिए जाना जाने लगा था। लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी द्वारा लगातार शासन का ध्यान आकृष्ट करवाया गया जिसके फलस्वरूप सिविल डिस्पेंसरी में कार्य करवाया गया उक्त कार्य की सतत निगरानी पूर्व एसडीएम रैना जमील तथा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने रखी जिससे जर्जर हो रहे भवन को पुनः सुधार कार्य, रंगरोगन करवाकर उसे अच्छी स्थिति में लाया गया जिससे वहां पहुंचने वाले मरीजों तथा कर्मचारियों को सुविधा प्राप्त हुई साथ ही ऐसा लगा जैसे अब सिविल डिस्पेंसरी में मरीजों की आवाजाही होगी और उन्हें नगर में स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगा साथ ही नगर में विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के द्वारा प्रदत्त एम्ब्युलेंस का क्रियान्वयन भी सिविल डिस्पेंसरी को दिया गया था उसका लाभ भी क्षेत्रवासियों को मिलेगा। लेकिन इसके ठीक विपरीत वहां के प्रभारी आर एम ए विजय लहरे के मनमौजी रवैये से ऐसा संभव नहीं हो पाया आए दिन मरीज अस्पताल स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने वहां पहुंचते थे और वहां ताला बंद देख बैरंग वापस लौट जाते थे। एम्बूलैंस के लिए संपर्क करने पर कभी ईंधन तो कभी ड्राइवर का बहाना सुनने को मिलता था।कई बार अधिकारियों के औचक निरीक्षण करने पहुंचने पर भी अस्पताल बंद मिला था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से उसका मनौबल और बढ़ता गया।इसकी शिकायत जब नगर पंचायत में अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी एवं उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी तक पहुंची तो जनमानस को हो रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को आवेदन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया साथ ही उन्होंने बाराद्वार में एक एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना करने तथा उक्त आर एम ए का स्थानांतरण करने का आग्रह किया था। सत्ताइस जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राठौर द्वारा आदेश जारी कर आर एम ए विजय लहरे को बाराद्वार से कोटमी तथा डॉ प्रधान सिंह कंवर (डॉ पी सिंह) चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती को सिविल डिस्पेंसरी बाराद्वार का प्रभार सौंपा है। डॉ पी सिंह क्षेत्र में एक अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी हैं उनके सिविल डिस्पेंसरी बाराद्वार में पदस्थ होने से निश्चित ही अब नगर सहित आस पास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं एम्बूलैंस की क्षेत्र में सुविधा प्राप्त होगी और सिविल डिस्पेंसरी पुनः शासन के योजना अनुरूप जनमानस को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाएगा।

## गुहाराम निषाद समाज की जयंती ग्राम मुक्ता में

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मुक्ता में निषाद समाज के द्वारा गुहाराम निषाद जो कि अपने आराध्य देव जान रहे हैं और मानते भी हैं उनकी जयंती मनाई जा रही है, जिसमें यह बताया गया कि राम के दोस्त गुहाराम निषाद की जयंती मनाने से आज अनेक समाज को नई दिशा मिल रही है और अपने आराध्य को अब समाज के लोग जाने लगे हैं ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हमारे क्षेत्रीय विधायक माननीय केशव प्रसाद चंद्रा ने कहा कि अपने समाज को जाने और शिक्षित बने आज शिक्षा के वजह से यह निषाद समाज का जयंती ग्राम मुक्ता में मनाया जा रहा है कहा जाता है कि राम के समय उनका दोस्त रहे एक साथ शिक्षण ग्रहण किए जिसे अब शिक्षा के माध्यम से लोग जानने लगे हैं और आप सभी से कहना चाहूंगा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं शिक्षित बनाने से उन्हें सभी प्रकार का ज्ञान मिलता है जब तक आप लोग अपने बच्चे को विद्यालय नहीं भेजेंगे तब तक कोई शिक्षित नहीं हो सकेंगे और अपने समाज के परंपरागत कार्य को जानेंगे । अपने समाज के महापुरुषों को जान पाएंगे



इसलिए उन्हें शिक्षित करना ही जरूरी है । मैं हमेशा कमजोर वर्ग के साथ में रहा हूं ना कि पूंजीपति आज मैं आप लोगों के बदौलत दो बार विधायक हूं जो आप लोगों के आशीर्वाद से आज यहां पर आया हूं ।हमेशा मैं आपका सुख दुख का साथी हूं जब भी आप मुझे एक आवाज देते हैं तो मैं आपके समक्ष आ जाता हूं आप लोगों को मैं आपके मांग के अनुसार में 7 लाख रूपए का भवन निर्माण के लिए घोषणा करता हूं और आगे और भी घोषणा करूंगा क्योंकि मेरे विधानसभा क्षेत्र में 171 ग्राम पंचायतें हैं मुझे सभी समाज के लोगों को धोबी, नाई, साहू, चंद्रा, कलार, मरार, यादव, लोहार, सबके लिए शासन के योजनाओं के तहत उन्हीं का पैसा उन्हीं के पास देता हूं और मैं चुनाव के पहले भी हो सके तो आपके निषाद समाज के लिए जो 7 लाख रूपए की घोषणा किया उसे करने का पूर्ण प्रयास करूंगा इससे उन्होंने कहा कि आप लोग के बदलते में विधायक बन रहा हूं इस कार्यक्रम को अनेक लोगों ने भी संबोधित किया देवराम केवट केंद्रीय पूर्व उपाध्यक्ष, सनत कुमार केवट केंद्रीय कोषाध्यक्ष, नवधा केवट, बहता केवट पूर्व केंद्र उपाध्यक्ष, खीर चंद महिलांगे ,लखन लाल जांगड़े जनपद सदस्य, भोजराम बघेल शिक्षक, राधेश्याम चंद्रा विधायक प्रतिनिधि, राम साय यादव सरपंच प्रतिनिधि, साधु राम ,भरत केवट गोला राम केवट, मिलन केवट, महाराज गुहाराम निषाद जयंती के मधुर वाणी को ग्रहण करने की बात कही और अपने समाज के उत्थान के लिए अनेकों प्रकार के बात को ग्रहण करने का आश्वासन किया। इस कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न केवट के द्वारा किया गया। इस तरह से मंच महिला पुरुषों से खचाखच भरा हुआ था सभी लोगों ने गुहाराम निषाद के कारवां को पालन करने का अनुसरण करने की बात कही अब देखने वाली बात यह है क्या जो वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में विचार रखे थे उसे क्या ग्रहण कर पाते हैं या नहीं कर पाते हैं यह तो समय ही बता पाएगा इस तरह से महाराज गुहाराम की जयंती ग्राम पंचायत मुक्ता जनपद पंचायत जैजैपुर में धूमधाम से मनाई गई।

## केशरवानी महिला समिति चांपा ने मनाया गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी उत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी पर्व मनाया समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता के निवास स्थान पर भारत माता और ज्ञानदायिनी सरस्वती माता की दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात मां सरस्वती जी की वंदना सामूहिक रूप से की गई।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने सभी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी पर्व की बधाई दी और कहा भारतीय संस्कृति में प्रत्येक ऋतु के साथ हमारे लोक संस्कार, अध्यात्म, एवं पर्व उत्सव जुड़े हुए हैं ऐसा ही उत्सव बसंत



पंचमी का है बसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है बसंत पंचमी जीवन और प्रकृति की सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है इस दिन पीले वस्त्र पहने जाते हैं मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन ही ब्रम्हा जी ने सृष्टि की संरचना की थी अदभुत संयोग है कि आज ज्ञान दायिनी मां सरस्वती प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी के दिन ही हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं यह हमारे लिए बहुत ही हर्ष की बात है केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी पर्व मनाया कार्यक्रम में अध्यक्ष शांता गुप्ता, रेखा, क्षमा, विभा, सरला, अलका, मीनू, रिंकी सुशीला, सरिता, प्रीति, पूर्णिमा, कुमारी बाई, तृप्ति, कु, नव्या दिव्या,आशी,अवि आदि शामिल हुए।

### शिविर में 137 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, ड्राइविंग लाइसेंस भी बना शिविर में

## साहू समाज के युवाओं ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

तेलिन भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर साहू समाज जैजैपुर के युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान एवं ड्रायविंग लायसेंस शिविर जैजैपुर नगर में लगाया गया। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के सैंकड़ों रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। साथ ही शिविर में युवाओं को लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाकर दिया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है तथा बीमारियों से लड़ने के लिए नई ऊर्जा शरीर में आती है। रक्तदान पुण्य कार्य के साथ साथ समाजसेवा का कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज





के जिला उपाध्यक्ष सुरेश साहू ने किया और रक्तदाताओंको प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष द्वय रमेश साहू एवं भोजराम साहू, पूर्व एल्डरमैन फुलुलाल साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिविर संयोजक प्रहलाद साहू ने किया। रक्तदान के लिए उत्साहित दिखे लोग। शिविर में कुल 137 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। जिसमें युवा, वरिष्ठ नागरिक, महिला, जन प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदाताओं का किया गया सम्मान। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को आयोजन समिति द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ड्रायविंग लायसेंस पाकर खुश दिखे युवा।शिविर में क्षेत्र के युवाओं को लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाकर दिया गया। ड्रायविंग लायसेंस पाकर युवा खुश दिखाई दिए। आयोजन समिति ने युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए अपील भी किया। 53 साल के जोगी किसान एवं 60 साल के धनेश्वर साहू ने भी किया रक्तदान। शिविर में युवाओं के साथ साथ 53 वर्षीय चोरभट्ठी निवासी जोगी किसान चंद्रा एवं 60 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार धनेश्वर साहू, शिक्षिका रत्नमाला चन्द्रा, सुनन्दा यादव, शानू देवांगन, संगीता चन्द्रा एवं इंदु सुभाष साहू ने भी रक्तदान किया। शिविर में ये रहे उपस्थित-शिविर में आयोजन समिति के रविकांत साहू, महाविजय साहू , निक्की साहू , विष्णु साहू, शंकर साहू, प्रमोद साहू, मनोज साहू, आशु साहू, जिवेंद्र बहादुर, नरेंद्र साहू, टीकाराम साहू , डिगंबर साहू समेत युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक स्वर्णकार, नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र चन्द्रा, पार्षद बंटी साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष छोटेलाल भारद्वाज, समाजसेवी डॉक्टर प्रसाद चन्द्रा, सरपंच जितेंद्र चन्द्रा एवं जगेश्वर चन्द्रा, अशोक थवाईत, चंद्रप्रकाश चन्द्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साहू , सुभाष साहू, भाजपा नेता नीलकंठ सोनी, विक्रम ठाकुर, दिलीप चन्द्रा, भोजराम बघेल, लकेश्वर चन्द्रा, रामप्रसाद माली, चंद्रकुमार चन्द्रा, तुलसी चन्द्रा, सचिन सिंह, भानुप्रताप चंद्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में

# संत अन्ना इंग्लिश मीडियम स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com




सांकरा स्थित संत अन्ना इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल रहें। मुख्य अतिथि व आयोजकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व मोमबत्ती (कैंडल) जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समस्त विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पुलमाला पहनाकर श्रीफल भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, गीत एवं नृत्य प्रस्तुति सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। डॉ.सम्पत अग्रवाल के द्वारा विद्यालय परिवार के प्राचार्य आचार्य व छात्र छात्राओं को मोमेंटो व शील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक उत्सव के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ ही कला और संस्कृति से जोड़ना है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में मददगार साबित होते हैं।विद्यार्थी देश के भावी नागरिक हैं, विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए बोर्ड की परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। विद्यार्थी भारत का भविष्य है। हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर योगदान देना चाहिए। क्योंकि बिना शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना असंभव है। इस मौके पर सतपाल सिंह छाबड़ा सांसद प्रतिनिधि, के के ठाकुर बीईओ, एसडी भोई प्राचार्य, सिस्टर लिसी थामस, सिस्टर लिसी कुरयन, मेमबाई नेताम सरपंच, फादर थामस, विनोद रोजर्व, गौतम प्रसाद, लखन कुर्रे, सोनू छाबड़ा प्रभारी नीलांचल सेवा समिति सांकरा, अविनाश साहू लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, गुणसागर सागर हार्डवेयर स्टोर, सिस्टर फोस्टीना, राजेश वींस, कमल साहू, विजय चौधरी, विक्रम अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, कृष्णा साहू, नाथूराम निषाद, पिंटू प्रधान, धनीराम खम्हारी, रोहित प्रधान, पाण्डव विशाल, मुकेश खम्हारी, टेकधर साहू, अभिषेक चौहान, बृज साहू, सरिता साहू, स्वेतलाना नायक, सिस्टर आमनेश, विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहें।



## ऑफिशियल छत्तीसगढ़ी एल्बम जहुरिया का टीजर लॉन्च 29 को

**रायपुर।** पीटीएफ स्टूडियो एवं निर्माता हर्शीरा एंटरटेनमेंट व निर्देशक पुष्कर साहू एवं म्यूज़िक डायरेक्टर तुसार सोलंकी की प्रस्तुति एक्टर रवि साहू व एक्ट्रेस शीतल साहू की शानदार रोमांटिक जोड़ी का ऑफिसियल छतीसगढ़ी एल्बम जहुरिया का टीज़र लॉन्च 29 जनवरी को जोरशोर से किया जावेगा डायरेक्टर पुष्कर साहू ने एक पत्रकारवार्ता में बताया कि इस बेहतरीन रोमांटिक सांग जहुरिया के क्रिएटिव डायरेक्टर, स्टोरी, स्क्रीनप्ले को बनाया है सुमित बसईवाला ने जहुरिया सांग को स्वरबद्ध किया है ,सिंगर तुषार सोलंकी, फीमेल सिंगर सृष्टि गोस्वामी ने म्यूजिक कंपोज़ किया म्यूजिक डायरेक्टर तुषार सोलंकी कमाल दिखाया है एल्बम डीओपी एडिट पुष्कर साहू है ।

# न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा ने धुमधाम से मनाया 74वां गणतंत्र दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट स यंत्र ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बहूत ही धुमधाम से मनाया। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन सहित सहित सभी विभागाध्यक्ष, सुदीक्षा लेडिज क्लब की अध्यक्ष जंयती रामचंदन, कर्मचारीगण तथा उनके परिवार बडी संख्या में उपस्थित थे। सर्वप्रथम राजू रामचंदन के ध्वजारोहण के पष्चात् राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गयी तथा भारतमाता के जयकारे का उदघोस के साथ भव्य गणवतंत्र दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। तत्पष्चात् उन्होने परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होने अपने अपने ओजस्वी उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को 74वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा इसके महत्व को बताते हुए सभी को राष्ट्रप्रेम तथा सदभावना की बात कही। उन्होंने आगे देश की क्रमिक विकास प्रक्रिया को विस्तार से बताते हुए कहा कि संयंत्र देश के विकास की धुरी है जब संयंत्र भलीभंति चलते है तब विकास का पहिया धुमता है। उन्होंने चार बिन्दूओं पर विशेष बल देते हुए कहा कि संयंत्र के कर्मचारियों को सिर्फ लक्ष्य अनुरुप उत्पादन ही हमारा ध्येय नहीं है अपितु पूरी सुरक्षा एवं सावधानी के साथ कार्य करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करना महत्वपूर्ण है इसके अलावा कार्य की गुणवत्ता में निरंतरता एवं प्रतिबद्धता भी आवश्यक है। कार्य परिसर एवं समस्त वातावरण की स्वच्छता को बनाए रखने पर जोर दिए। संयंत्र के कार्य के साथ ही साथ परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को निर्वहन करते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कियें। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सी.एस.आर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र से आई प्रशिक्षार्थियों ने देशभक्ति गीत पर नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी। इसके उपरांत संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन ने विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किये गये वेस्ट से बेस्ट मॉडल का निरीक्षण किये। तत्पष्चात उत्कृष्ट योगदान देनेवाले कर्मचारियों, प्रशिक्षार्थियों तथा प्रतिभागिया में को प्रो त्साहन पुरस्कार तथा सम्मान प्रदान किया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र ने बलौदा बाजार में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह भव्य झांकी की प्रस्तुति दी गयी जिसमें पर्यावरण के बचाव एवं निरंतर रखरखाव हेतु अपशिस्ट पदार्थो का इंधन के रुप मे इस्तेमाल; अल्टरनेट फयूल को प्रोसेसिंग सिस्टम फॉर सेव इन्वायरमेंट को दिखाया गया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 12 लाख की सहायता

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई हैं। जिसके तहत तहसील माकड़ी अंतर्गत अमरावती निवासी बुधरी नेताम पति स्वर्गीय सोनधर नेताम व छोटेसलना निवासी आयतू पिता भदरू और बड़ेराजपुर तहसील के तितरवंड निवासी सुकमोतिन पति स्वर्गीय आसरूराम प्रत्येक को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई हैं।

उक्त स्वीकृत सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव के खूबसूरत प्लेटिनम लव बैंड्स के साथ वैलेंटाईन डे मनाईये

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिलों में वैलेंटाईन डे की खुशी के साथ प्यार के मौसम में प्रवेश करते हुए यह प्रेम की अभिव्यक्ति करने, प्यार बढ़ाने और प्यार के बेहतरीन लम्हों को याद करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त समय है। यह वो प्यार है, जो एक दूसरे में पूर्णता की खोज करने हुए अपने सर्वश्रेष्ठ साथी को तलाशने का सफर पूरा कर चुका है। इस प्यार की खुशी को अभिव्यक्त करने के लिए प्लेटिनम जैसा मजबूत मैटल बिल्कुल उपयुक्त है, जिसकी बेहतरीन चमक और सालों तक अपनी मजबूती बनाए रखने की अद्वितीय क्षमता के कारण यह एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रगतिशील मूल्यों का प्रदर्शन करने वाले प्रेम का प्रतीक है। इस वैलेंटाईन डे के अवसर पर इस दुर्लभ प्रेम के प्रतीक अपने साथी को पीजीआई के प्लेटिनम डेज़ ऑफलव द्वारा नज़ाकत से बनाए गए प्लेटिनम लव बैंड्स का उपहार दें। खूबसूरत व्हाईट मैटल प्लेटिनम 'मैटल ऑफलव' के नाम से मशहूर है। यह नए युग के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और युवा पीढ़ी द्वारा प्रेम एवं साहचर्य की भावना को प्रदर्शित करता है। नजाकत से बनाया गया हर लव बैंड प्यार की एक विशेष कहानी कहता है, यह दुख पर खुशी की जीत और सामाजिक रूढ़ियों पर पारस्परिक सम्मान का वर्चस्व प्रदर्शित करता है। इस प्यार की नींव मित्रता है। अपनी उंगलियों में पहने लव बैंड्स पर अपने खास की उंगलियों के कोमल स्पर्श के साथ प्यार का एकवादा जुड़ा हुआ है कि वो उनका सहयोग करने, उन्हें प्रोत्साहित करने और उन्हें दिलासा देने के लिए हमेशा उनके साथ रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस पर भाजपा कार्यालय में शान से फहरा तिरंगा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष व पुर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने 26 जनवरी को 74 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय, बलौदाबाजार में राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार के सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि इस दिन ही हमारे देश में एक बहुत ही अच्छे संविधान को लागू किया गया था। हमें संविधान में दी गई जिम्मेदारियों को हमेशा ही एक अच्छे नागरिक की तरह निभाना चाहिए और अपना हर कदम संविधान के मुताबिक ही उठाना चाहिए। आज केंद्र की मोदी सरकार संविधान के अनुरूप बहोत अच्छे काम कर रही है और भारत को पूरी दुनिया में नई ऊंचाइयों पर लेकर जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सब को भी एक अच्छे नागरिक की तरह केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून और नियमों को मानना चाहिए और देश की तरक्की में हाथ बटाना चाहिए।इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसुलाल धुरंधर, पुर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, पुरुषोत्तम सोनी, पुरुषोत्तम साहू, बालाराम विश्वकर्मा, लाला जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 23 वां निशूल्क सिंधी सामूहिक विवाह एवं विशाल सवास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



12 फरवरी 2023 को पूज्य गोदड़ीवाला धाम देवपुरी दरबार एवं छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत के संयूक्त तत्वाधान में संतों के सानिध्य में आयोजित होने वाले 23 वा निशूल्क सिंधी सामूहिक विवाह, जनेऊ संस्कार, मुंडन एवं विशाल सवास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए रूप रेखा तैयार करने हेतु छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत ने बैठक आहूत की थी अध्यक्ष हीरानंद माखीजा ने बताया कि सामूहिक विवाह हेतू महाराष्ट्र ओडिशा छत्तीसगढ़ से पंजीयन प्राप्त हूए है जनेऊ संस्कार हेतू 21 पंजीयन प्राप्त हूए मुंडन के लिए भी पंजीयन हूए है और पंजीयन प्रक्रिया 31जनवरी 2023 तक चालू रहेगी बैठक में पदधिकारी प्रकाश लालवानी सुरेश बठेजा लशमण हेमनानी जयराम बठेजा विजय बठेजा मयूर पंजवानी अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय की 6 वीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला मुख्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित पूर्णतः पाठ्य सहगामी आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी तक भरे जा सकते हैं।

## गरियाबंद के पहले गांव टुईयामुड़ा में हाथ जोड़ों पद यात्रा की हुई शुरुवात



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत जोड़ो पदयात्रा की तर्ज पर शनिवार को गरियाबंद विकास खंड के पहले गांव टुईयामुड़ा से हाथ से जोड़ों पद यात्रा के ब्लॉक प्रभारी युगल किशोर पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस पदअधिकारियों ने हाथ जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत की । वही ग्राम टुईयामुड़ा में ब्लॉक प्रभारी युगल किशोर पांडेय व कांग्रेस पदअधिकारियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनकल्याणकारी योजनाएं जनता से किए गए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को लोगों को बताया और ग्राम के लोगों व अंतिम व्यक्ति के घर तक पहुंच कर सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जनकारी दिया गया। हाथ जोड़ों पद यात्रा के प्रथम दिन ग्राम टुईयामुड़ा से ग्राम पंचायत बारुका, कोदोबतर, पहुंचे जहाँ गरियाबंद कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष मो. हाफिज खान ने भी लोगों से चर्चा करते हुए कहा छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के लोगों के लिए ऐतिहासिक काम कर रही है उन्होंने कहा की पूरे देश में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का चर्चा है। हाथ जोड़ों पद यात्रा में युगल किशोर पांडेय हाथ जोड़ों पद यात्रा ब्लॉक प्रभारी गरियाबंद, हाफिज खान ब्लॉक अध्यक्ष, नजमा खान जनपद सदस्य, नंदनी त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष, प्रेम सोनवानी, नंदु गोस्वामी, अमृत निषाद, अवध राम यादव, घनश्याम ओगारे, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पद अधिकारी हाथ जोड़ों पद यात्रा में सामिल हुए।

# सामाजिक सरोकार के साथ टीचर्स एसोसिएशन का रक्तदान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा के द्वारा दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोण्डा, गीदम ब्लॉक के शिक्षको द्वारा जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला सचिव नोहर साहू प्रांतीय पदाधिकारी कमल किशोर रावत,सूर्यकान्त सिन्हा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति संगठन द्वारा अपनी मांगों को सामाजिक सरोकारों के साथ जोड़ते हुए इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर के द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों के इस कार्य की प्रसंशा की और कहा कि यह आप लोगों का एक नेक प्रयास है उन्होंने सभी रक्तदान करने वाले सभी क्षेत्रों से आये शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रदान किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा यह क्षेत्र रक्तदान जैसे कार्यो में पिछड़ा है।अतः यह कार्यक्रम लोगों मे जागरूकता लाने का एक प्रयास है।इस अवसर पर जी.आर.नाग,कामायनी ठाकुर, उषा देवांगन, अजय साहू, सरिता शर्मा, भरत सिन्हा, किशोर साहू व अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**किरंदुल।**किरंदुल स्थित केंद्रीय विद्यालय में रविवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत स्पिक मैके की ओर से विश्व प्रसिद्ध सरोद वादक प्रदीप बारोट के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।डॉ पाण्डेय ने भारत की संगीत वादन आदि की परंपरा की व्याख्या की। इस अवसर पर बारोट ने शास्त्रीय संगीत,राग,रागिनियों की सारगर्भित व्याख्या छात्रों के समक्ष प्रस्तुत की। इनके सरोद वादन से छात्र मंत्रमुग्ध हो गए।तबले पर संगत तरुण बाला ने किया।छात्रों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर बारोट ने बड़ी सहजता से दी।कक्षा 5वीं से आठवीं तक के लगभग 400 छात्र छात्राएं कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का संचालन मुकेश टी.जी.टी अंग्रेजी ने किया।

# घुंचापाली में निषाद समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ निषाद समाज का जिला संगठन महासमुंद के पदाधिकारियों के सार्थक पहल पर घुंचापाली के चंडी माता मंदिर प्रांगण में निषाद समाज युवक युवती परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखे गए हैं। जिसमें जिला महासमुंद के अलावा अन्य जिलों से निषाद एवं केवट समुदाय के लिए जुटेंगे। कार्यक्रम की तैयारी व्यापक स्तर पर जारी है। समाज के महिला एवं पुरूष पदाधिकारी जोर शोर से प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्वजातीय लोगों की पहुँचने की सम्भावना है।कार्यक्रम की तैयारी विगत पिछले माह से ही जोर शोर से जारी है। कार्यक्रम के लिए पूर्व दिनों में ही पामलेट के माध्यम से पदाधिकारियों द्वारा घर - घर जाकर प्रचार प्रसार एवं समाज के लोगों को सम्मेलन में आने के लिए अपील करते हुए दिख रहे हैं । इस सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता सागर निषाद ने चर्चा में बताया कि समाज को एक मंच मे जोड़ने का सबसे बेहतर माध्यम होता है। ऐसे आयोजन से समाज के लोगों में एकता, समर्पण, भाईचारे एवं सहयोगात्मक भूमिका निभाने का अवसर मिलता है साथ ही समाज के लोगों को जागरूक, शिक्षित, आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार का मंच का आयोजन समय समय पर होते रहने से झिझक, अज्ञानता दूर होती है। निषाद ने आगे यह भी कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में छत्तीसगढ़ निषाद समाज निरंतर आत्मनिर्भरता के साथ सभी क्षेत्रों में प्रदेश एवं देश में अपना एक अलग इतिहास रचने में कामयाबी हासिल कर रहा है।वास्तव में परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में खर्चीला शादी विवाह एवं लड़का लड़की ढूंढने में व्यर्थ समय नष्ट होता है उस पर अंकुश लगाने की दिशा में सार्थक पहल है। सम्मेलन को सार्थक एवं सफल बनाने के लिए जिला स्तर पदाधिकारियों के अलावा, क्षेत्रीय पदाधिकारियों का निरंतर सार्थक पहल जारी है। महिलाओं में हेमलता सागर निषाद के साथ प्रमिला निषाद सहित सभी लोगों के द्वारा सार्थक पहल किये जा रहे हैं।



## ऑल इंडिया मतुआ महासंघ ने वितरित की सदस्यता कार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के संघातिपति शांतनु ठाकुर की अनुशंसा पर मतुआ महासंघ के प्रत्येक सदस्यों की सदस्यता कार्ड बनवाई गई।

किरन्दुल बंगाली कैम्प में ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष रवि मंडल, सलाहकार के सी मंडल,एस के सरकार,सुबोध मजूमदार द्वारा रविवार अपने 30 सदस्यों को सदस्यता कार्ड का वितरण किया गया।

## वेटरन हरगुन आनंद ने एमेज़ॉन को ग्राहकों के लिए अतुलनीय अनुभव का निर्माण करने में मदद की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश सेवा करने और अपने मिशंस पूरे करने के बाद मिलिटरी वेटरंस विभिन्न करियर आजमाकर अपने अद्वितीय अनुभव का लाभ पहुँचा रहे हैं। एमेज़ॉन में सैकड़ों मिलिटरी वेटरन इनोवेशन लाकर ग्राहकों के अनुभवों को बेहतर बना रहे हैं। अपने बहुमूल्य अनुभवों के साथ वो अपने ज्ञान, कौशल, एवं लीडरशिप की क्षमताओं का उपयोग विभिन्न भूमिकाओं में करते हैं। मिलिटरी वेटरंस के लिए मजबूत स्ट्रक्चर और समर्पित प्रोग्राम के साथ एमेज़ॉन इंडिया उनका स्वागत करता है और उन्हें कॉर्पोरेट विश्व में अपना करियर बनाने में मदद करता है। हरगुन आनंद ने 10 सालों तक विभिन्न असाईनमेंट्स सफ्लतापूर्वक पूरे करते हुए भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं, जिसके बाद अप्रैल 2022 में उन्होंने सिविलियन समाज में प्रवेश किया। करियर के अनुभव में परिवर्तन लाने के लिए हरगुन ने अपना कॉर्पोरेट सफर एमेज़ॉन इंडिया में मैनेजर - बायर रिस्क इन्वेस्टिगेशंस के रूप में शुरू किया। शुरुआती महीनों में उन्हें कॉर्पोरेट दुनिया में प्रवेश करने के मामले में संशय था, लेकिन वो एक कथन में अटूट विश्वास करती हैं - ''जब काम मुश्किल हो जाता है, तो उस काम की ओर बढ़ना चाहिए''। लगातार सफलता की ओर बढ़ते हुए उन्होंने एमेज़ॉन में मुख्य स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम किया, और पीक सीज़न की जिम्मेदारियों का सफ्लतापूर्वक क्रियान्वयन किया, जिससे प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने में मदद मिली।

# स्कूल छोड़ चुके दो बच्चों को शाला में प्रवेश दिला कर एसडीएम और शिक्षा अधिकारी ने की गणतंत्र दिवस पर अनूठी पहल

■ ईट भट्ठा में काम करने वाले परिवारों के समक्ष पहूंचकर पालकों को दी समझाइश

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस के मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशन में विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एक अच्छी पहल की शुरुआत की। पालकों के साथ ईट भट्ठा में निवास कर पढ़ाई से विमुख हो चुके दो बच्चों को शाला में प्रवेश दिला कर गणपर्व पर 'शिक्षा का अधिकार' कानून को साकार करने की पहल की जिसकी सराहना की जा रही है। शहर से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बालसी के ईट भट्ठा में काम करने वाले परिवार के पास एसडीएम व खंड शिक्षा अधिकारी ने पहुंचकर पालकों को समझाइश दी तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। अफसरों की समझाइश के बाद शासकीय प्राथमिक शाला बालसी में मानस पटेल ग्राम पहंदा को कक्षा दूसरी में और ईशा मिरी ग्राम बेलडीह पठार को कक्षा पहली में प्रवेश दिलाया गया। नव प्रवेशी इन बच्चों को गणवेश के साथ पुस्तकें की थी गई। इस बीच एक विकलांग बालक को ट्राई साइकिल प्रदान करने की पहल की गई है। इस दौरान समन्वयक कोमल प्रसाद चौधरी, नायक पटवारी, प्रधानपाठक रात्रे, एवं केंदूढार की प्रधानपाठक तुष्टिका दास प्रधान सहित बालसी प्राथमिक शाला का विशेष योगदान रहा।

# आईसीओटीवाई में किआ को मिले शीर्ष पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में सबसे तेजी से विकसित होने वाली कार निर्माता कंपनियों में से एक, किआ इंडिया ने आईसी ओटीवाई 2023 में बड़ी जीत हासिल की है। किआ कारेन्स को इंडियन कार ऑफद ईयर (आईसीओटीवाई) 2023 का ताज पहनाया गया और किआ ईवी6 ने आईसीओटीवाई में ग्रीन कार अवॉर्ड 2023 जीता। इसके साथ, किआ एक ही वर्ष में दो-दो आईसीओटीवाई अवॉर्ड जीतने वाला पहला ब्रांड बन गया है। ऑटोमोटिव जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाला आईसी ओटीवाई अवॉर्ड देश में सबसे प्रतिष्ठित ऑटोमोटिव पुरस्कार हैं और इसे भारतीय ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के ऑस्कर के रूप में देखा जाता है। ये अवॉर्ड सर्वश्रेष्ठ नई कार को एक विशेषज्ञ और स्वतंत्र निर्णय के आधार पर दिया जाता है। अत्यधिक अनुभवी जूरी सदस्य अंतिम विजेता का चयन करते हैं। मूल्य, ईंधन दक्षता, स्टाइल, आराम, सुरक्षा, प्रदर्शन, व्यावहारिकता, टेक्नीकल इन्नोवेशन, पैसे की कीमत और भारतीय ड्राइविंग परिस्थितियों के लिए उपयुक्तता जैसे मानदंड़ा महत्वपूर्ण कारक हैं, जिन पर विजेता का चयन करते वक्त विचार किया जाता है। टी-जिन पार्क, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, किआ इंडिया, ने कहा, किआ परिवार में हम सभी के लिए यह गर्व का क्षण है। हम एक नहीं बल्कि दो-दो प्रतिष्ठित आईसीओटीवाई अवॉर्ड से सम्मानित होने पर बहुत उत्साहित हैं।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही, सम्मान के लिए मंच पर चढ़े शिक्षक मायूस होकर उतरे

■ पहले आओ पहले पाओ की तरह हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com




जिले में पहली बार आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का एक बड़ा हिस्सा गतिविधियो के लिए सम्मान प्रशासनिक सामंजस्य में कमी के चलते कुछ लोगो के लिए कभी ना भूल पाने वाली घटना साबित हो गई।

विभागीय सूचना पर सम्मान की आस में कार्यक्रम स्थल पहुंचे, नाम पुकारने पर मंच तक गए लेकिन बिना सम्मान के बैरंग वापिस लौटना पड़ा और इस अपमानजनक स्थिति से इस कदर विचलित हुए कि प्रशासन को कोसने के साथ ये संकल्प भी लिया कि अब सम्मान की आस लेकर कहीं नहीं जाएंगे। 26 जनवरी की पहली शाम शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन के पास शिक्षकीय क्षेत्र में नवाचार सहित अन्य गतिविधियों के लिए जिला प्रशासन के पास डीईओ से अनुमोदित सूची भेजी जिसमें अलग अलग श्रेणियों में चयनित 6 शिक्षकों का नाम था, विभाग ने इसके लिए बकायदा शिक्षकों को भी मुख्य समारोह स्थल आने तैयार रहने कह दिया वो पहुंचे भी, उदघोषक ने मंच में बुलाया लेकिन वहा महज विभाग के तीन लोगो को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र अतिथियों ने सौंपा और 5 बाकियों का निरादर कर दिया गया।

### दूसरे का मोमेंटो थमाकर खिंचवाया फोटो

इसके बाद भी सम्मान से वंचित हताश शिक्षकों को विभागीय अधिकारियों ने मंच में अपमानित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। विभाग के एक अन्य सम्मानित शिक्षक का मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र पकड़वाकर फोटो सेशन करवाया इस आश्वासन के साथ कि इस बात की चर्चा ना करें, विभाग उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो जल्द देगा। अधिकारियों के डर से वहा चुप रहने वाले शिक्षकों ने बताया कि जिले के पहले गणतंत्र दिवस में सम्मान के लिए उन्होंने कोई आवेदन नहीं दिया था। विभाग से उन्हें शाम को सूचना मिली कि जिला प्रशासन उन्हें सम्मानित करेगा, पूरी रात उत्साह से तैयारी की, मन प्रफुल्लित था कि उनकी सेवाओं का प्रतिफल मिल रहा लेकिन सम्मान की जगह अपमान मिला। नाराज शिक्षकों का कहना है कि वो समाज को बेहतर नागरिक देने बिना सम्मान के आस के काम कर रहे है लेकिन अपमानित होने के बाद अब वो  सम्मान के नाम से डर गए है।

### महिला सहित दो शिक्षक हुए वंचित

शिक्षा विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस में सम्मान को लेकर सात लोगो की सूची बनाई गई थी इसमें चिरंजीव जैन को निःशुल्क कोचिंग देने के अलावा खैरागढ़ ब्लॉक के चार और छुईखदान ब्लॉक के दो शिक्षकों का नाम शामिल था जिसमें जिला प्रशासन ने तीन कन्हैया पटेल, डॉ मकसूद अहमद और भगवती प्रसाद सिन्हा को ही प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो दिया जबकि सरोज देवांगन के अलावा छुईखदान ब्लॉक के दोदेश्वर चंदेल और चैतराम वर्मा को दूसरे का मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र पकड़ाकर फोटो सेशन कराकर मंच से बैरंग वापिस लौटा दिया।

### नहीं था मकसूद का नाम लेकिन लिया सम्मान

जिला प्रशासन द्वारा विभागीय गतिविधियो के अलावा अन्य क्षेत्रो मे सक्रिय रूप से काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियो का सम्मान करने विभिन्न विभागो से सूची मंगाई थी, उसी सूची को आधार मानकर शिक्षा विभाग ने तीनो शिक्षको को तैयारी के लिए कह दिया जबकि देर रात जिला प्रशासन की सूची मे शिक्षा विभाग से महज तीन नाम चिरंजीव जैन, कन्हैया पटेल और बीपी सिन्हा पर अंतिम सहमति बनी प्रशस्ति पत्र तैयार हुआ। नियमानुसार सूची से नाम बाहर होने पर शिक्षा विभाग को उनको सूचना देनी थी लेकिन ऐसा नही हुआ, उद्घोषक ने मंच पर बुलाया और अधिकारियो ने वापस लौटा दिया, इस बीच विभाग के ही एक शिक्षक जो वर्तमान मे डीपीआर का काम देख रहे है उनको पता था कि सम्मान सूची मे उनका नाम नही है लेकिन सम्मान का अवसर हाथ से जाने नही दिया, बकायदा नाम की घोषणा कराई और अतिथियो से सम्मानित हुए जिसके चलते जिला प्रशासन की किरकिरी हो रही है।

### शर्मनाक घटना-सहायक शिक्षक फेडरेशन

सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से देश की दशा दिशा तय करने वाले शिक्षकों को सम्मान के लिए आमंत्रित करने के बाद अपमान का दंश देने वाले जिम्मेदारों पर कड़ी कारवाई होनी चाहिए। यह घटना सिर्फ एक शिक्षक के लिए नहीं सम्पूर्ण शिक्षक समाज के लिए शर्म की बात है कि जिला प्रशासन का सामीप्य सुख पा रहे विभाग के कतिपय साथी ही अपने साथियो को अपमानित करने परोक्ष अपरोक्ष रूप से सहयोगी बने हुए है।  जिला प्रशासन द्वारा पचास लोगो का नाम सम्मान के लिए तय किया गया था, किसके कहने पर सम्मान मिला और नहीं मिला जांचका विषय है।

## मकान में लगी आग, काफी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू



■ फायर ब्रिगेड की खराबी से हुआ परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड नंबर 15 टिकरीपारा में गत दिवस एक मकान में आग लग गई। आग लगने का कारण अज्ञात है। पुलिस और वार्डवासियो की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालाँकि आगजनी से जान माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन मिट्टी के घर होने की वजह से म्यार, कपड़ा  जल गया है। गंडई पुलिस ने आगजनी 4/27 पंजिबद्ध कर विवेचना में जुटी है। गंडई पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते 28 तारीख की शाम प्रार्थी बालक दास पिता नत्थू देवांगन उम्र 60 वर्ष के मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। आनन-फानन में निकाय के पानी टंकी को लाया गया लेकिन अंदर जाने के लिए जगह नहीं मिलने के कारण ओ भी असहाय हो गया। इधर घटना स्थल पर पुलिस तो पहुंच गई लेकिन फायर ब्रिगेड वाहन खराब होने की वजह से उपलब्ध नहीं हो सका। ऐसा नहीं है कि फायर ब्रिगेड सिर्फ गंडई का ही खराब था। जानकारी अनुसार खैरागढ़ और परपोड़ी का फायर ब्रिगेड भी खराब स्थिति में पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से आग बुझाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। अंत में लोहारा से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया तब तक वार्डवासी और पुलिस की टीम टुल्लू पंप के सहारे आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा आस पास के घरो में भी आग पहुंचने का खतरा बना हुआ था।

## सीएम की घोषणा नवा छग में नवा जतन : जिपं सदस्य

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणाओं को नवा छत्तीसगढ़ में नवा जतन का प्रयास करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस सरकार लगातार जनहितैषी निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ को उच्च मानकों तक ले जाने प्रयासरत हैं। जिपंसदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के लिए कई नयी घोषणाएं की है। कांग्रेस ने अपने वायदे के अनुसार युवाओं को अप्रैल माह से 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता की घोषणा कर दी है। सहकारिता के क्षेत्र में गौठान योजना उपरांत रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के तौर पर विकसित कर ग्रामीणों को व्यवसायिक अवसर प्रदान किया जा रहा है। वहीं निर्माण श्रमिकों के लिए आवास सहायता योजना दूसरों का घर बनाने के लिए पसीना बहाने वाले मजदूर के लिए अब अपना घर बनाने का सपना भी राज्य सरकार की मदद से साकार हो सकेगा। यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा कुटीर उद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, युवाओं को भत्ता सहित महिला समूहों, महिला उद्यमियों, महिला व्यवसायियों एवं महिला स्टार्ट अप को व्यापार उद्योग स्थापित करने हेतु नवीन योजना प्रारंभ किए जाने जैसी घोषणाओं के साथ हर वर्ग को नई सौगात दी है।

## हाई स्कोरिंग मुकाबले में बसंतपुर और ब्राह्मणपारा की जीत, तुलसीपुर-मठपारा ने मौका गंवाया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्टेट हाईस्कूल मैदान में चल रहे शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राऊंड में वार्ड नं. 46 बसंतपुर बनामवार्ड नं. 17 तुलसीपुर और वार्ड नं. 38 ब्राह्मणपारा विरुद्ध वार्ड नं. 29 मठपारा के बीच खेला गया। दोनों ही मैच हाईस्कोरिंग रहेजिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की।

छग राज्य युवा आयोग व राजीव फैंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में फ्लड लाईट में क्रिकेट का रोमांच जारी है। राजीव फैंस क्लब के अध्यक्ष नितिन बत्रा व सचिव अमित कुशवाहा ने बताया कि, वार्ड स्तरीय इस स्पर्धा में दूसरे राऊंड में पहुंची टीमों के बीच संघर्ष जारी है। प्रतियोगिता में शनिवार को पहला मैच वार्ड नं. 46 बसंतपुर और वार्ड नं. 17 तुलसीपुर के बीच खेला गया। बसंतपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरे बसंतपुरके बल्लेबाजों ने बड़े शॉटस खेलते हुए 6 विकेट खोकर 116 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 8-8 ओवरों के इस मुकाबले में तुलसीपुर के बल्लेबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य का पीछा करना शुरु किया। लगातार बाऊंड्री शॉटस के बीच दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और हार-जीत की कश्मकश का रोमांच देखने को मिला। हालांकि 7 विकेट गंवाकर तुलसीपुर की टीम 13 रनों से यह मैच हार गई। इस मुकाबले में बसंतपुरके खिलाड़ी दीपक यादव मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मुकाबला वार्ड नं. 38 ब्राह्मणपारा विरुद्ध वार्ड नं. 29 मठपारा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने पहुंची ब्राह्मणपारा की टीम ने मठपारा के सामने 130 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। पहलीपारी में बैटर्स ने अपने बल्ले से बड़े शॉट का नज़ारा दिखाया। लगातार चौके-छक्कों की मदद से टीम ने 8 ओवरों में ही सवा सौ रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मठपारा की टीम का संघर्ष ब्राह्मणपारा के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर तक न टिक सका। मठपारा यह मुकाबला 55 रनों से हार गई। इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच देवाशीष झा रहे।  आयोजन प्रभारी चेतन भानुशालीने बताया कि, शनिवार को खेले जा रहे मुकाबों के बीच प्रतियोगिता में अतिथि के रुप में गंडई नगर पंचायत के सभापति लियाकत अली, समाजसेवी मनोज गोलछा मौजूद थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए आयोजन की सराहना की। विजेता टीम और मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया।

## धुरापाठ के अंगना लोक कला महोत्सव आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम गिधवा ( टप्पा) में मां भवानी कृपा युवा संगठन समिति एवं समस्त ग्रामवासियो के तत्वाधान में लोक कला महोत्सव 28 एवं 29 जनवरी को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तहत 28 जनवरी और पुरखा के धरोहर जस झांकी परिवार रेगाकठेरा, अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका रितु वर्मा रुवाबांधा भिलाई, शिव गौरी रामधुनी मंडली मिरचे, अंबागढ़ चौकी ,सिद्धेश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा, जय मां शारदा फाग परिवार माटेकटा, डोंगरगढ़ ,पीरित के परेवना रामधुनी मंडली परसाही बालोद, नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी भंडारपुर डोगरगढ़ की प्रस्तुती हुई। 29 जनवरी श्री कृष्ण पंडवानी पार्टी खट्टी गरियाबंद, जीवन ज्योति नाच पार्टी जीराटोला, श्री राम मानस परिवार करंजा भिलाई, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीत भरथरी रायपुरा, विद्या दायिनी जस झांकी परिवार फिंगेश्वर राजीम, जगमग दीप जले सुवा नृत्य चरोदा बलोदा बाजार, मोर मयारू संगी सांस्कृतिक धरोहर टेडेसरा अंजोरा इसके अलावा फुल सिंह कनौजिया खतरनाक आदमी जय सिदेश्वर मानस परिवार , महिमा ठाकुर भरथरी ,रितु वर्मा की पंडवानी, ज्योति विद्या जस झांकी परिवार फिगेश्वरी की देश भक्ति प्रस्तुति,ए रे मनमोहना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागवत साहू अध्यक्ष ज़िला साहू संघ, अध्यक्षता समाज सेविका जय साहू, ज़िला साहू संघ संरक्षक डॉ. नीरेंद्र साहू, जिला साहू संघमहामंत्रीनीलमणि साहू,ज़िला साहू संघउपाध्यक्ष मदन साहू,जिला साहू संघसंगठन सचिवमाधव साहू,तहसील साहू संघ राजसंगठन सचिवकामता साहू, मिडिया प्रभारी रुपेन्द्र साहू के अतिथि में किया गया। माँ भवानी कृपा युवा संगठन समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, संरक्षक मलखम सिन्हा, सचिव चिंता राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब एक छांव में बैठकर देवी देवता के वर्णन एक जगह एक मंच में बैठकर सामाजिक समरसता स्थापित करके आयोजन कराते हैं।जिला साहू संघ संरक्षक डॉ. नीरेंद्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने मां के चरण वंदन स्मरण करके कोई भी काम करने वाला कोई भी काम नहीं रुकता। जिला साहू संघ उपाध्यक्ष मदन साहू ने उद्बोधन में कहा कि संस्कृति संस्कार परंपरा को बचाए रखना हम सब की महती जिम्मेदारी है उसी का एक बहुत बढ़िया उदाहरण यहां आयोजित लोक कला महोत्सव है ,संस्कार से ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है।

## नगर इकाई व डोंगरगांव राज ने मनाई परमेश्वरी जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में डोंगरगांव राज देवांगन समाज एवं नगर इकाई देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी जयंती मनाई गई। इस मौके पर समाज के महिला बुजुर्गों व युवाओं के द्वारा नगर में माता परमेश्वरी की शोभायात्रा निकाली गई। पश्चात समाज के बच्चों के मध्य खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। समारोह में मुख्य अतिथि बतौर खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन सम्मिलित हुए। अध्यक्षता विधायक दलेश्वर साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक भोलाराम साहू, टिकेश साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष, दुर्जन देवांगन जिलाध्यक्ष देवांगन समाज, संरक्षक अकबर देवांगन, संरक्षक तीरथ देवांगन, श्रवण देवांगन अध्यक्ष डोंगरगांव राज, दीपक देवांगन अध्यक्ष नगर इकाई सहित अन्य शामिल हुए। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने देवांगन समाज के समुचित विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं व कार्यक्रमो की जानकारी दी। इस मौके पर श्रीदेवांगन ने समाज की मांगों को सरकार से पूर्ण कराने आश्वासन दिया। उक्त  अवसर पर राकेश देवांगन, गजेंद्र देवांगन, तीरथराज देवांगन, संतोष देवांगन, उत्तम देवांगन, मिथुन देवांगन, प्रदीप देवांगन, छन्नू देवांगन, गोविंद देवांगन, मनोज देवांगन, प्रेम देवांगन सहित देवांगन समाज के बुजुर्गजन, महिलाएं व युवा भारी तादाद में उपस्थित थे।

### विधायक ने की अतिरिक्त कक्ष के लिए 5 लाख की घोषणा

## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरुस्कार वितरण आयोजित




पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के पं. देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीना विनोद ताम्रकार जनपद पंचायत छुईखदान ने की। वहीं  विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई और दिलीप ओगरे पार्षद व अध्यक्ष जनभागीदरी समिति महाविद्यालय गंडई रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने सुवा, करमा, बस्तरिया, देश भक्ति, फिल्मी गीत सहित बेटी बचाओ थीम को लेकर नाट्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

विद्यालय के 18 बच्चों ने राज्य स्तरीय व 4 बच्चे राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभागी रहे और पिछले सत्र में विद्यालय में सातवां एवं नौवा स्थान लाने वाले बच्चो को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने उनके विधायक कार्यकाल में विद्यालय के खेल मैदान में सुरक्षा की दृष्टि से घेराबंदी कराये जाने का उल्लेख किया।

वहीं विधायक यशोदा वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा पर जोर देते हुएछत्तीसगढ़ी भाषा को सम्मान देने और उपयोग मे लाने की बात कही। उन्होंने सीएम भूपेश बघेल द्वारा बेरोजगारी भत्ता अमल में लाये जाने की जानकारी विद्यार्थियों को दी। साथ ही उन्होंने लड़कियों पर आये दिन हो रहे अत्याचारों का विरोध करते हुए बेटियों की तुलना में बेटों को शिक्षित करने की बात कही। विधायक वर्मा ने कॉलेज प्रबंधन की मांग परविधायक निधि मद से अतिरिक्त कक्ष के लिए 5 लाख रु देने की घोषणा की। साथ ही मैदान समतलीकरण और अन्य मांग को विभागीय स्तर पर पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

खेल की विधाओं में महाविद्यालय के 18 बच्चों ने राज्य स्तरीय व 4 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभागी रहे हैं। साथ ही पिछ्ले शिक्षण सत्र में एम.ए. हिन्दी विषय में विश्व विद्यालय में योगेश्वरी जंघेल ने सातवां एवं मधु जांगड़े ने नौवा स्थान प्राप्त किया था। इन सभी प्रतिभावान छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथियों के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा, विनोद ताम्रकार, मंडी अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल, पार्षद नारायण चतुवेदी, सुरज नामदेव, एल्डरमेन उषा महेश रात्रे, पुनेन्द्र साहू, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन,  भूषणमणि झा, असरफ सिद्धिकी, प्राचार्य एन एस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौषार्य, सहित प्रोफेसर, प्राध्यापक और छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## जय बजरंग डांस ग्रुप ने आशीष डोंगरे का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस के अवसर पर लखोली कुआं चौक में जय बजरंग डांस ग्रुप रिकॉर्डिंग व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लखोली वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद प्रतिनिधि अनु.जाती मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जय बजरंग डांस ग्रुप द्वारा सिर्फ डोंगरे का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। डोंगरे ने जय बजरंग ग्रुप के पदाधिकारियों सहित वार्डवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी के साथ ही देश के लिए एक संविधान की जरूरत भी महसूस हुई। ऐसे में इसे बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन हुआ था। इस सभा ने 9 दिसंबर, 1946 से संविधान बनाने का काम शुरू किया। जबकि संविधान की ड्राफ्टिंग समिति में डॉ. भीमराव अंबेडकर भी शामिल थे। डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में एक अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से उन्हें संविधान निमार्ता भी कहा जाता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बनाने में पूरे 2 साल, 11 माह, 18 दिन लगे थे। इसके बाद 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अध्यक्ष को देश का संविधान सौंपा था। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# साढ़े 51 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण का संसदीय सचिव ने किया लोकार्पण

## सीसी रोड बनने से स्कूली बच्चों के साथ ही नागरिकों को होगी सहुलियत

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



मचेवा से महर्षि स्कूल मंदिर तक तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी से रमनटोला तक न केवल स्कूली बच्चों को बल्कि नागरिकों को आवाजाही में सहूलियत होगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने 51.60 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से शिव मंदिर रमनटोला तथा मचेवा से महर्षि स्कूल तक सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाऊलाल चंद्राकर, सोसाइटी अध्यक्ष किशन देवांगन, सुखदेव साहू, सचिन गायकवाड़, आवेज खान, घनश्याम जांगड़े मौजूद थे। विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि चंद्राकर ने सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि मचेवा से महर्षि स्कूल तक तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से रमनटोला तक लगातार सीसी रोड की मांग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए राशि स्वीकृत कराई गई। इसका लोकार्पण हो रहा है। सीसी रोड बनने से न केवल स्कूली बच्चों को बल्कि नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर के साथ-साथ गांवों में प्राथकिता के साथ विकास कराए जा रहे हैं। जनता के विश्वास की बदौलत वे सेवा कर पा रहे हैं। आगे भी द्रूत गति से क्षेत्र का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन किशन देवांगन ने तथा आभार प्रदर्शन विजय साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परमानंद साहू, गौरव चंद्राकर गब्बू, राहुल ध्रुव, दीपक यादव, राकेश थवाईत गैन्दू राम साहू, प्रकाश वर्मा, विजय साहू, राहुल विश्कर्मा, गेमन साहू, हेमंत साहू, राजू, द्रोपती साहू, कुमारी बाई सहित नागरिकगण मौजूद थे।



## जिला पंचायत सीईओं ने गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की

मुंगेली। जिले में गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस राजपूत ने कल 27 को जिला पंचायत के सभा कक्ष में गौठान के नोडल अधिकारी एवं पंचायत सचिवों की बैठक ली। बैठक में उन्होने सक्रिय गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत दो रूपये प्रति किलो के दर से गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं विक्रय के संबंध में जानकारी ली। उन्होने नोडल अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को गौठान में क्रय किये गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट रूपान्तरण शासन के निर्देशानुसार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारी अशीष ठाकुर सहित मुंगेली एवं लोरमी विकासखण्ड के गौठान नोडल अधिकारी एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पुलिस टीम रही विजेता

## पुलिस टीम अधिवक्ता संघ पर पड़ा भारी, 20टीमों ने हिस्सा लिए थे

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता संघ कसडोल द्वारा 26 से 28 जनवरी तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें न्यायालय, जनपद, वन विभाग, शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग सहित20 टीमों ने भाग लेकर मैदान पर अपना हुनर दिखाया ।मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। पूरे मैच के दौरान चौका छक्कों की बारिश होता रहा। खिलाड़ियों ने पूरे मैदान पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

फाईनल में पुलिस टीम ने कुल 19 छक्के जड़कर रिकार्ड भी अपने नाम किये, पूरे मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी पुलिस विभाग ने अपने नाम किये ।उक्त प्रतियोगिता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं उ पु अ मुख्यालय अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा द्वारा टीम का चयन कर कप्तान प्रधान आरक्षक धनंजय यादव के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल को अपने नाम की जिस पर वरिष्ठ अधिकारी गण एवं क्षेत्रवासियों द्वारा टीम को हार्दिक बधाई दी गई,पुलिस टीम के सदस्यों में धनंजय यादव कप्तान, मुकेश रात्रे उप कप्तान, प्रीतम पाटले, दीपक तिवारी, अजय अंचल, राजेंद्र साहू ,चुन्नी साहू, राकेश पाटले, कमलेश मरावी ,राजकुमार केवट एवं धनीराम प्रमुख हैं। फाइनल मैच में पुलिस की टीम लवन कसडोल बलौदाबाजार ने 8 ओवर में 1 विकेट खोकर 152 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया था जिसके जवाब में अधिवक्ता टीम कसडोल ने 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 90 रन ही बना सके और 65 रन से मैच को जीतकर पुलिस टीम ने फाइनल अपने नाम किया।

मैच में दीपक तिवारी ने धुंआधार पारी खेलते हुए शानदार 76 रन की नाबाद पारी खेलकर विस्फोटक बल्लेबाज का परिचय देते हुए सबको आकर्षित कर तारीफ के लिए विवश किये। मैच समाप्ति के बाद मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज दीपक तिवारी को दिया गया।

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाए गए, तिल्दा में डॉ सुरेश पैकरा ने ध्वजारोहण किया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




देश में 74 वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए गए वंही कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा स्थित ग्राम पंचायत, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों में गणतंत्र दिवस के खास मौके पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान शान से फहराए गए ।गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत तिल्दा में पंचायत भवन प्रांगण, विद्यालय प्रांगण में ग्राम सरपंच डॉ सुरेश्वर पैकरा द्वारा उत्साह भाव से भारत की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फ्हराया गया एवं सलामी देकर राष्ट्रगान गाकर 74 वां गणतंत्र दिवस की उपस्थिति लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दिए गए।आंगनबाड़ी केंद्रों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाए गए।विद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में गोलू कैवर्त,सचिव सरिता श्रीवास ,ग्राम जनप्रतिनिधियों के अलावा शिक्षको में मीडिल प्रधान पाठक हरि प्रसाद पटेल, प्राथमिक प्रधान पाठक राजनारायण पटेल,राजेश घृतलहरे, देवेंद्र पटेल, कुंज राम पैकरा, लेखराज नायक, जीवराखन वर्मा, कमलेश कैवर्त, नीरेंद्र कैवर्त, अजय साहू, लक्ष्मी नारायण ध्रुव, पंकज पुरैना, राजकुमार पटेल, प्रहलाद यादव सहित बच्चों की उपस्थिति रहा । बच्चों के द्वारा पी टी की प्रस्तुति दिए गए, बच्चों को मिष्ठान वितरण भी विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत के द्वारा किये गए।

# पात्र व्यक्तियों को राशन, पेंशन, शौचालय का लाभ नहीं मिलने पर पंचायत सचिवों पर होगी कार्यवाही : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

- ग्राम चैपाल में प्राप्त शतप्रतिशत आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने कहा कि राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा मजदूरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, वनाधिकार पट्टा, पशुशेड सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिलना चाहिए। यदि कोई भी पात्र व्यक्ति इनसे वंचित होता है, तो ग्राम पंचायत सचिवों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए उन पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ग्राम चैपाल के दौरान प्राप्त आवेदनों की आज जिला कलेक्टोरेट के मनियारी सभाकक्ष में समीक्षा करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने बैठक में ग्रामवार चैपाल में प्राप्त आवेदन एवं उसके निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ग्राम चैपाल में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु गंभीरतापूर्वक कार्य करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में अतिजर्जर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, नरवा विकास व मनरेगा के कार्य सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम चैपाल में प्राप्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आवेदनों की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पंचायत सचिवों के कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए।

# ओबीसी महासभा द्वारा कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



ओबीसी महासभा जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ के द्वारा पूरे जिले के सभी तहसील एवं कलेक्टर मुंगेली के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन दिया गया। एवं दूसरा ज्ञापन जनगणना एवं ओबीसी का पृथक कालम बनवाने महामहिम राष्ट्रपति एव राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार नई दिल्ली को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व आरक्षण प्रदान करने है। देश के संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में 3 वर्ग में वर्गीकृत किया गया है सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है,तदनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग ईडब्ल्यूएस को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व आरक्षण प्रदान करने हेतु विधेयक पारित किया गया लेकिन 1931 के राष्ट्रीय जनगणना के अनुसार ओबीसी 52प्रतिशत तथा हाल ही में क्वांटिफाइबलडाटा से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ओबीसी की आबादी लगभग 42प्रतिशत होने के बावजूद राज्य स्तर के पदों पर 27प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिया गया बंदियों को कानून की जानकारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें जिला जेल में निरुद्ध 109 बंदियों को डिफेंस कॉउंसिल की मदद उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। जहाँ कुछ बंदियों ने विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता उपलब्ध कराने निवेदन किया गया, जिस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक सोनी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे बंदियों की सूची तैयार कर भेजवाएं, जिसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण से विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता नियुक्त करना हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल में बंदियों को जानकारी देते हुए बताया कि जो बंदी अपने बचाव में अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं हैं, जिन्हें कुछ कारणवश अधिवक्ता करने में परेशानी है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने बचाव हेतु अधिवक्ता की मांग कर सकते हैं, जिस पर उन्हें तत्काल विधिक सेवा के रूप में लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। सचिव मयंक सोनी ने जिला जेल में बंदियों को नालसा के हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी दी तथा विधिक सहायता हेतु जागरूक करते हुए बताया गया कि मुंगेली में लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल के रूप में 4 नए अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई हैं जिसमें चीफ डिप्टी और 2 असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल की नियुक्ति की गई हैं। जिला जेल मुंगेली में निरीक्षण के दौरान टीकम चंद्राकर चीफलीगल एड डिफेंस कॉउंसिल, सुरेश खुसरो डिप्टी लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल, स्वतंत्र तिवारी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल एवं द्रौपती कश्यप असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल उपस्थित थे।

# बीएमओ डॉ. अंजान सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में अस्पताल ने स्वच्छता में राज्य में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त किये

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




मुख्य चिकित्सा धिकारी बलौदा बाजार डॉ एम पी महिश्वर और जिले के टीम के मार्ग दर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल डॉ ए एस चौहान के कुशल नेतृत्व में कसडोलविकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल का साफ सफाई एवं स्वच्छता में 74 वां गणतंत्र दिवस अवसर पर राज्य स्तर में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त किये हैं इसके अलावा कसडोल विकास खंड के 22 अस्पताल राज्य स्तर के लिए चयन हुए है।जो वाकई में गर्व का विषय है, इस सम्बंध में बी एम डॉ अंजान सिंह चौहान ने चर्चा करते हुए बताया कि सभी का मेहनत लगनशीलता एवं जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी का निरंतर कुशल मार्गदर्शन के चलते 74वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के मौके पर स्वच्छता एवं साफसफाई के मामले में राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त हुआ है जो हम सभी बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। चौहान ने आगे यह भी कहा कि निरन्तर आगे भी लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर रूप से उपलब्ध हो इसके लिए सदैव समर्पण भाव से काम कर रहे हैं और लगातार करते रहेंगे।उक्त उपलब्धि में सभी वर्गों का विशेष योगदान तो है ही साथ ही लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया का भी सराहनीय योगदान है जो लगतार समय समय पर अस्पताल की सुविधाएं एवं उपलब्धियों को जनता के बीच पेश करते हुए जागरूकता का सकारात्मक संदेश देते हैं। चौहान ने उपलब्धि हासिल होने पर सभी का हार्दिक रुप से धन्यवाद, आभार जताते हुए भविष्य में भी सभी का सार्थक सहयोग एवं भरोसा का अपील किये।

# हाथ से हाथ जोड़ो की प्रथम दिवस यात्रा टांगरटोली, बरटोली, पुत्रीचौरा से निकाली गई

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव के आदेशानुसार तथा ब्लॉक अध्यक्ष जशपुर ग्रामीण मनमोहन भगत के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो के प्रथम दिवस की यात्रा ग्राम साई-टांगरटोली, बरटोली, पुत्रीचौरा के कांग्रेस जनो के संयुक्त रूप से टोली बनाकर संगठित तरीके से घर घर जाकर जनसम्पर्क किया। हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के संदर्भ में जानकारी व उद्देश्य को बताया एवं छत्तीसगढ़ के यशश्री मुख्यमंत्री हमारे गौरव भूपेश बघेल की सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के संदर्भ में ग्रामीणजनों के घर-घर जाकर जानकारी प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किए जा विकास एवं जनहित के कार्यों की भी समीक्षा हेतु सीधे जनता से रूबरू होकर उनसे सरकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया गया। घर घर जाकर सीधा संवाद किया उनकी बातें सुनी व उनका हाल चाल जाना व ग्राम वासियों की प्रमुख मांग व समस्याएं को भी सुनकर अवगत हुए एवं निराकरण कराने पूर्ण प्रयास करने की बात कही। ज्ञात हो की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जशपुर ग्रामीण में हाथ जोड़ यात्रा का विधिवत प्रारंभ किया गया। जिसमें आज मुख्य रूप से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में प्रदेश महामंत्री एवं जिला प्रभारी जशपुर के वासुदेव यादव, ब्लॉक परिवेछक अजय टोप्पो,जनपद अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन भगत, आरटीआई के जिलाध्यक्ष निलेश सिंह, बीडीसी निखत परवीन, बीडीसी दीपिका भगत, ब्लॉक उपाध्यक्ष महादेव भगत, ब्लॉक महामंत्री सिहासन मिंज जी,ब्लॉक महामंत्री अनिल बेक जी, कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष कपिल भगत जी, बीडीसी अमित महतो, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह, सरपंच दुबराज उपसरपंच नौसद,रायमोहन भगत, ब्रजमोहन पाण्डेय धनेश्वर भगत, वासुदेव भगत, फूलचंद विश्वकर्मा, पंकज साहू, रामचंद्र बैरागी, संजय राम, माजिद ईमाम एवं युवा कांग्रेस के साथी गण, पदाधिकारी गण सहित अन्य प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 10 फरवरी को जगन्नाथ मंगलम से कलश यात्रा निकाली जाएगी

# श्रीराम कथा का आयोजन 19 को, तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर में 11 फरवरी से लेकर 19 फरवरी तक राम कथा का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में होने जा रहा है।इसके पहले 10 फरवरी को जगन्नाथ मंगलम से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो लालबहादुर शास्त्री शाला परिसर में जाकर समाप्त होगी। 11 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से विजय कौशल जी महाराज लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में रामकथा का वाचन करेंगे। राम कथा आयोजन समिति के द्वारा 2007 से राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। राम कथा आयोजन समिति में 1000 से अधिक सदस्य हैं रामकथा आयोजन समिति की बैठक में सभी ने राम कथा आयोजन को लेकर अपने अपने सुझाव दिए। सफल आयोजन के लिए अलग-अलग कमेटियां बनाई गई है। राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने बताया राम कथा का आयोजन सर्वप्रथम 2008 में हुआ था फिर 2012 में हुआ। तत्पश्चात दो हजार अट्ठारह के बाद 2023 में होने जा रहा है। विजय कौशल महाराज राम इस कथा को सुनने के लिए अधिक से अधिक लोग लाल बहादुर शास्त्री स्कूल पहुंचेंगे। रामकथा का बहुत अधिक महत्व है सभी को कथा सुनना चाहिए। रामकथा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि 2004 से राम कथा आयोजन की यह समिति बहुत अच्छे से काम कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि कलश यात्रा एवं कथा में महिलाओं की सहभागिता से कार्यक्रम और अच्छा होगा।उन्होंने कहा है कि 10 फरवरी को कलश यात्रा जगन्नाथ मंगलम से निकलेगी।

रामकथा से शहर में सकारात्मक होगा ज्यादा से ज्यादा लोग राम कथा में आए सुने और कथा को आत्मसात करें जीवन में बदलाव आएगा, खुशियां आनंद मिलेगा।सभी की सहभागिता होना चाहिए। विजय कौशल महाराज के मुख से श्री राम कथा सुनने के लिए लोग अपने रिश्तेदार को भी यहां बुलाएं।सांसद अरुण साव ने भी राम कथा आयोजन को लेकर खुशी जताई और कहा कि शहर के लिए गौरव की बात है। शहर में हमारा शांतिप्रिय धार्मिक वातावरण बनेगा। मीडिया से चर्चा करते हुए आयोजन समिति की श्रद्धा ठकराल ने बताया कि राम कथा आयोजन में महिला श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहेगी और अधिक से अधिक महिलाएं शहर से कलश यात्रा में भी शामिल होंगी । उन्होंने कहा कि सभी के मन निर्मल होना चाहिए और राम कथा सुनने से सभी के मन में एक अच्छे भाव पवित्र और अच्छे संस्कार के साथ ही निर्मल होता है। रामकथा के पंडाल में जाते ही मन निर्मल हो जाता है।बुद्धि सद्बुद्धि हो जाती है। आयोजन समिति की इस बैठक मैं यह तय हुआ कि 10 फरवरी को कलश यात्रा में विजय कौशल महाराज शामिल होंगे और 10 तारीख को ही विजय कौशल महाराज आयोजन समिति के सदस्यों को मार्गदर्शन भी देंगे। रामअवतार अग्रवाल के निवास में विजय कौशल महाराज आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात करेंगे।

आज की बैठक में रामकथा आयोजन समिति के प्रमुख पूर्व मंत्री अमर अग्वाल, रामअवतार अग्रवाल , गुलशन ऋषि, सुनील संथालिया, महेश अग्रवाल, मोती सुल्तानिया बृजमोहन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, शशि अग्रवाल, के अलावा महेश दुबे विजय ताम्रकार, मनीष अग्रवाल, जवाहर शराफ कमल छाबड़ा, दुर्गा सोनी सोनी दुर्गा सोनी , अमरजीत दुआ, प्रीतम, रजनी मीना गोस्वामी, अरुणा दीक्षित,प्रतिभा शर्मा, रूपाली गुप्ता, छाया ठकराल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल शराफ अमित दुबे, राजेश मिश्रा, सुधीर खंडेलवाल, अनूप तिवारी, राजा अवस्थी,अमित तिवारी, गोपी घरवाली अर्जुन पिक्कर, वल्लभ राव, कमल कौशिक, मुरली कृष्ण मोहन पांडे, महेंद्र जैन, रंगा नादम, मोती गंगानी,श्याम साहू ,राजेश जयसवाल, दीपक सिंह ठाकुर,विजय सिंह, अंजना वर्मा , शुकांत वर्मा के अलावा अनेक सदस्य मौजूद थे।

# पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्य में धीमी गति और समय पर पर्यवेक्षण नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




विभागीय कार्य में लापरवाही बरतने पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के उपअभियंता गौतम साहू को कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस का 03 दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उपअभियंता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम प्रतापपुर में शासकीय हाईस्कूल, जमकुही से नुनियाकछार डामरीकृत सड़क निर्माण और शासकीय आवास परिसर में बाउण्ड्रीवाल, सीसीरोड और अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें धीमी गति एवं समय पर पर्यवेक्षण नहीं होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई थी और संबंधित पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त कलेक्टर को दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में उप अभियंता साहू को नोटिस जारी किया गया है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403